a) The applicable accounting standards have been followed along with proper explanation relating to material departures, if any,

b) The accounting policies framed in accordance with the guidelines of the Reserve Bank of India were consistently applied. Reasonable and prudent judgements and estimates were made so as to give a true and fair view of the state of affairs of the Bank at the end of the financial year and of the profit and loss of the Bank for the year ended March 31, 2022.

c) Proper and sufficient care for the maintenance of adequate accounting records in accordance with the provisions of applicable laws governing banks in India for safeguarding the assets of the Bank and for preventing and detecting fraud and other irregularities,

d) Annual accounts have been prepared on a going concern basis,

e) Internal financial controls system to be followed by the Bank were laid down and that such internal financial controls are adequate and were operating effectively,

f) Proper systems have been devised to ensure compliance with the provisions of all applicable laws and that such systems were adequate and operating effectively.

प्रबंधन विचार-विमर्श एवं विश्लेषण

1. वैश्विक परिदृश्य:

वर्ष 2021-22 की शुरुआत आर्थिक गतिविधियों के पुन: जोर पकड़ने के साथ हुई। इसे टीकाकरण कवरेज में सुधार और कोविड प्रतिबंधों में छूट से बल मिला। हालांकि, पहली तिमाही में डेल्टा वेरिएंट और दिसंबर, 2021 से ओमिक्रोन वेरिएंट के पुनरुत्थान के कारण, महामारी के दौरान रिकवरी की गति काफी हद तक बाधित हुई। साल के अंत में रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध के आरंभ ने भी आर्थिक सुधार के स्थायित्व पर चिंताओं को जन्म दिया। वर्ष के दौरान, आपूर्ति श्रृंखला के व्यवधान और इसके परिणाम स्वरूप दुनिया भर में मुद्रास्फीति के दबाव देखे गए। मुद्रास्फीति के दबाव को नियंत्रित करने के लिए, दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों ने महामारी के दौरान अपनाई गई इजी मनी पॉलिसी को कम किया तथा मौद्रिक नीति पर उदार रुख को वापस लेना शुरू कर दिया। इसके अलावा, उभरते बाजारों से पूंजी का बहिर्गमन हुआ, जिसके कारण उभरते बाजारों में विनिमय दरों का मूल्यह्रास हुआ। फिर भी, वर्ष के दौरान सभी देशों में आर्थिक सुधार दिखाई दे रहा था, भले ही वह अलग-अलग स्तरों का था। आईएमएफ के अनुमान के अनुसार, 2020 के दौरान 3.1% के संकुचन के मुकाबले, 2021 के दौरान वैश्विक उत्पादन में 6.1% की वृद्धि हुई। विकसित अर्थव्यवस्थाओं में 5.2% की वृद्धि हुई और उभरते बाजार और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में 6.8% की वृद्धि हुई।

2. घरेलू आर्थिक परिदृश्य:

घरेलू अर्थव्यवस्था में भी, वैश्विक प्रवृत्ति के अनुरूप, फिर से वाणिज्यिक गतिविधियों में तेजी देखी गई, हालांकि यह महामारी की बार-बार की लहरों, आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों और मुद्रास्फीति के दबावों से घिरी हुई थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के नवीनतम अनुमान के अनुसार, 2021-22 के दौरान सकल घरेलू उत्पाद में 8.7% की वृद्धि हुई, जबकि 2020-21 के दौरान 6.6% की कमी आई थी। इस प्रकार, सकल घरेलू उत्पाद, वर्ष के दौरान कोविड-पूर्व स्तर पर वापस आ गया। कृषि खंड में, वित्त वर्ष 21 के दौरान 3.3% के मुकाबले 3.0% की वृद्धि हुई। यह महामारी के दौरान न्यूनतम प्रभावित था। खनन, विनिर्माण, बिजली, निर्माण और संपर्क सघन क्षेत्रों सहित सेवा क्षेत्र आदि सभी अन्य क्षेत्रों में वर्ष के दौरान उल्लेखनीय टर्न-अराउंड दिखाई दिया।

वित्त वर्ष 21 के दौरान 8.4% के संकुचन के मुकाबले वित्त वर्ष 22 के दौरान औद्योगिक उत्पादन में 11.3% की उच्च वृद्धि दर दर्ज की गई। तीनों उप-क्षेत्रों अर्थात् खनन, विनिर्माण और बिजली ने क्रमश: 12.2%, 11.7% और 7.9% की वृद्धि दर के साथ उल्लेखनीय सुधार प्रदर्शित किया। इसी तरह, उपयोग-आधारित वर्गीकरण के अनुसार भी सभी उप-क्षेत्रों में वृद्धि नजर आई। इन्फ्रास्ट्रक्चर/निर्माण सामग्री और पूंजीगत सामग्री क्षेत्र में क्रमश: 19% और 16.7% की वृद्धि दर दर्ज की गई, जो निवेश व्यय में सुधार को दर्शाता है।

विभिन्न कारकों जैसे आपूर्ति पक्ष की समस्या, खाद्य मूल्य मुद्रास्फीति, उच्च ईंधन की कीमतें आदि के कारण, खुदरा मुद्रास्फीति (सीपीआई) और डब्ल्यूपीआई, ये दोनों ही पूरे 2021-22 में ऊंचे स्तर पर बने रहे। सीपीआई मुद्रास्फीति, हालांकि वर्ष की प्रारंभिक अवधि के दौरान कम हुई, परन्तु विशेष रूप से अंतिम तिमाही के दौरान, इसमें काफी उछाल आया। हेडलाइन सीपीआई मार्च, 2021 में 5.52% से बढ़कर मार्च, 2022 में 6.95% हो गया। पेंट-अप मांग में वृद्धि, दुनिया भर में कमोडिटी की कीमतों में वृद्धि, विशेष रूप से, पेट्रोलियम की, के कारण वर्ष के दौरान मुद्रास्फीति ऊंचे स्तर पर रही। रूस-यूक्रेन युद्ध के परिणामस्वरूप आपूर्ति में व्यवधान ने वर्ष के अंत में स्थिति को और गंभीर बना दिया।

वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान व्यापारिक निर्यात वृद्धि, तेज रही। शुरुआती छह महीनों में मासिक निर्यात वृद्धि दर 40% से अधिक रही। पूरे वर्ष के दौरान व्यापारिक निर्यात, वित्त वर्ष 22 में 419.65 बिलियन डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। इसमें 43.81% की वृद्धि दर्ज की गई। अर्थव्यवस्था में सुधार के साथ, निर्यात की तुलना में आयात ज्यादा तेज गति से बढ़ा। वर्ष 2021-22 के दौरान, निर्यात 55.13% बढ़ा तथा यह 31 मार्च, 2022 तक $611.89 बिलियन के स्तर तक पहुंच गया। इसके साथ, व्यापार संतुलन वित्त वर्ष 21 के (-) 102.63 से बढ़कर वित्त वर्ष 22 में (-) 192.24 बिलियन डॉलर हो गया। हालांकि, सेवाओं के निर्यात में वृद्धि के साथ, समग्र व्यापार संतुलन वर्ष के दौरान (-) $87.03 बिलियन तक ही सीमित रहा। 2021-22 के दौरान, एफडीआई इक्विटी प्रवाह $58.77 बिलियन था, जो कि 2020-21 ($59.64 बिलियन) की तुलना में थोड़ा कम है। वित्त वर्ष 22 के दौरान, नौ महीने की अवधि में, चालू खाता घाटा (सीएडी), वित्त वर्ष 21 की इसी अवधि के दौरान 1.7% के अधिशेष के मुकाबले, सकल घरेलू उत्पाद का 1.2% था।

राजकोषीय मोर्चे पर, अर्थव्यवस्था के पुन: गति पकड़ने के कारण, राजस्व प्राप्तियों में 2021-22 के दौरान 32.71% की वृद्धि हुई और राजकोषीय घाटा वित्त वर्ष 21 के 18.18 लाख करोड़ रुपये के मुकाबले 15.86 लाख करोड़ रुपये था। सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में वित्तीय घाटा, वित्त वर्ष 21 के 9.2% से सुधरकर वित्त वर्ष 22 में 6.7% हो गया।

3. बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र में प्रगति:

वित्त वर्ष 22 के दौरान, बैंकिंग उद्योग में जमाराशियों की वृद्धि दर कम रही, लेकिन अग्रिमों में वृद्धि हुई। वित्त वर्ष 21 के 11.4% के मुकाबले जमाराशियों में 8.9% की वृद्धि दर्ज हुई और वित्त वर्ष 21 के 5.6% के मुकाबले अग्रिम में 9.6% की वृद्धि दर्ज की गई। वाणिज्यिक क्षेत्रों की सामान्य स्थिति में धीरे-धीरे वापसी से वर्ष के दौरान उच्च ऋण वृद्धि में मदद मिली। सभी उप-क्षेत्रों अर्थात् कृषि, औद्योगिक और सेवा क्षेत्र में ऋण प्रवाह में क्रमश: 9.9%, 7.1% और 8.9% की वृद्धि हुई, जो पिछले वर्ष की तुलना में बहुत अधिक थी। एनआईआई में वृद्धि, परिचालन लाभ, शुद्ध लाभ और एनपीए अनुपात में सुधार के साथ, सामान्य रूप से, बैंकों के वित्तीय प्रदर्शन में सुधार हुआ।

आरबीआई द्वारा अपनाई गई इजी मनी पॉलिसी के कारण, वर्ष के दौरान लिक्विडिटी अधिशेष मोड में रही। प्रारंभ में, आरबीआई ने विभिन्न उपायों जैसे नाबार्ड, सिडबी और एनएचबी जैसे वित्तीय संस्थानों के लिए विशेष पुनर्वित्त सुविधाओं और अन्य उपायों जैसे कोविड संबंधित स्वास्थ्य सेवा

क्षेत्र के लिए मीयादी लिक्विडिटी सुविधा, छोटे वित्त बैंकों के लिए विशेष दीर्घकालिक रेपो ऑपरेशन (एसएलटीआरओ), ऑन-टैप टीएलटीआरओ प्रदान करना, और सबसे महत्वपूर्ण जी-सेक अधिग्रहण कार्यक्रम (जी-एसएपी) से लिक्विडिटी बढ़ाने में मदद मिली। हालांकि, बाद में, लिक्विडिटी की स्थिति के क्रमिक सामान्यीकरण के साथ ही, सीआरआर को 100 बीपीएस तक बढ़ा दिया गया जो उसका महामारी से पहले का स्तर था और जी-एसएपी को बंद कर दिया गया। फिर भी, 5-8 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर अधिशेष लिक्विडिटी बनी रही और आरबीआई को लिक्विडिटी को अवशोषित करने के लिए वीआरआरआर नीलामी का सहारा लेना पड़ा।

आरबीआई के विभिन्न लिक्विडिटी बढ़ाने के उपायों के कारण वर्ष की पहली छमाही के दौरान शुरू में सरकारी प्रतिभूतियों के प्रतिफल में नरमी आई, हालांकि निश्चित रूप से जून और अगस्त, 2021 के दौरान इसमें कभी-कभार वृद्धि हुई। तथापि, दूसरी छमाही के दौरान, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, उच्च मुद्रास्फीति के स्तर, अमेरिका में सरकारी बॉन्ड के प्रतिफल में वृद्धि जैसे विभिन्न कारकों के कारण, सरकारी प्रतिभूति प्रतिफल बढ़ गया। 10 साल की बेंचमार्क यील्ड यथा 31 मार्च, 2021 को 6.32% से बढ़कर यथा 31 मार्च, 2022 को 6.79% हो गई।

रुपया-यूएसडी विनिमय दर ने वर्ष के दौरान दोतरफा गति की। ज्यादातर यह नॉमिनल आधार पर मूल्यह्रास के साथ रहा। निश्चित रूप से मई, जून, अक्टूबर और नवंबर जैसे कुछ महीनों के दौरान इसमें वृद्धि हुई। रुपये के मूल्यह्रास को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारक थे - विदेशी पोर्टफोलियो निवेश के बहिर्गमन, अन्य सभी मुद्राओं के मुकाबले अमरीकी डॉलर की मूल्यवृद्धि, कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि, मौद्रिक नीति के सामान्यीकरण और विशेष रूप से वर्ष की चौथी तिमाही के दौरान भू-राजनैतिक तनाव। रुपया-यूएसडी विनिमय दर 31 मार्च, 2021 के 73.11 रुपये से गिरकर 31 मार्च, 2022 तक 75.79 रुपये हो गई। हालांकि, अमरीकी डॉलर के मुकाबले रुपये का मूल्यह्रास उभरते बाजार की समकक्ष मुद्राओं की तुलना में कम है। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार, मार्च 2021 के अंत में 576.98 बिलियन डॉलर से बढ़कर 31 मार्च 2022 को 607.3 बिलियन डॉलर हो गया, जो 2021-22 के 12 महीने के व्यापारिक आयात के बराबर है।

2021-22 के दौरान, आरबीआई और सरकार, इन दोनों ने विकास को बढ़ावा देने और महामारी से प्रभावित क्षेत्रों में दबाव को कम करने के लिए, कई उपायों की घोषणा की। आरबीआई ने उदार रुख को जारी रखा और पूरे साल नीतिगत रेपो दर को अपरिवर्तित रखा। कई लिक्विडिटी बढ़ाने के उपाय किए गए जैसे कि टीएलटीआरओ प्रदान करना, स्वास्थ्य सेवा संस्थाओं को 50,000 करोड़ रुपये की लिक्विडिटी सहायता, लघु वित्त बैंकों के लिए विशेष दीर्घकालिक रेपो संचालन की अनुमति, व्यक्तियों और छोटे व्यवसायों के लिए समाधान व्यवस्था प्रदान करना (आरएफसीआरएस-2.0), होटल और पर्यटन क्षेत्रों आदि संपर्क गहन क्षेत्रों के लिए ऑन-टैप लिक्विडिटी विंडो आदि। राजकोषीय मोर्चे पर, कई नीतिगत उपायों की घोषणा की गई जैसे कि स्वास्थ्य और पर्यटन जैसे कोविड प्रभावित क्षेत्रों के लिए ऋण गारंटी योजना, ईसीएलजीएस के लिए अतिरिक्त 1.5 लाख करोड़, सूक्ष्म वित्त संस्थानों (एमएफआई) के लिए क्रेडिट गारंटी, पर्यटक गाइड / संबंधित हितधारकों के लिए विशेष ऋण योजना, पीएलआई योजना में विस्तार आदि। आरबीआई और सरकार के इन सभी उपायों ने समाज के कमजोर वर्गों के संकट को कम करने में मदद की है और विभिन्न क्षेत्रों में आर्थिक सुधार को गति दी है। इसके अलावा, केंद्रीय बजट 2022-23 में, सरकार ने विभिन्न विकासोन्मुखी उपायों की घोषणा की है जैसे कि पूंजी निवेश में 25% की वृद्धि, 'गति शक्ति' के माध्यम से बुनियादी ढांचे के खर्च पर जोर और समावेशी विकास, 31 मार्च,2023 तक ईसीएलजीएस का और विस्तार, जिनसे यह उम्मीद है कि महामारी पूर्व स्थिति की बहाली प्रक्रिया को मजबूती मिलेगी।

कारोबार समीक्षा:

1. संसाधन संग्रहण:

वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान 9.26% की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि को दर्शाते हुए कुल रु. 20,795 करोड़ की कासा वृद्धि हुई है। इस अवधि के दौरान पिछले वर्ष की तुलना में 9.74% की दर से बचत बैंक जमाराशियों में रु. 19,135 करोड़ की उच्चतर वृद्धि दर्ज की गई है। बैंक ने पिछले वर्ष की तुलना में 5.89 % की वृद्धि के साथ आधार आकड़ों में रु. 1,660 करोड़ की वृद्धि करते हुए चालू जमाराशियों में भी वृद्धि दर्ज़ की है।

104391 नये ग्राहकों को एसबी डायमंड ग्राहक आधार में जोड़ा गया है जो वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 3.5% की वृद्धि है। एसबी डायमंड ग्राहकों की जमाराशि आधार में रु.3585 करोड़ की वृद्धि हुई है। इसी प्रकार, सीडी डायमंड आधार में भी 4.00% की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि के साथ रु.784 करोड़ की वृद्धि हुई है।

कासा अनुपात का स्तर पिछले वर्ष के 41.27% से भारी उछाल के साथ 45.02% हो गया है। इस अवधि के दौरान रिटेल सावधि जमाराशियों का हिस्सा 84% से बढ़कर 89% हो गया है।

बैंक ने रिटेल जमाराशियों तथा कासा पर ध्यान केन्द्रित करना जारी रखा है।

2. अग्रिम:

बैंक का वैश्विक सकल अग्रिम, यथा 31.03.2021 के रु.410,436 करोड़ से बढ़कर 31.03.2022 को रु. 457,014 करोड़ हो गया। यह 11.35% की वृद्धि है। सकल घरेलू ऋण में 8.61% की संतुलित वृद्धि दर्ज की गयी। यह 31.03.2021 को रु.362361 करोड़ था जो 31.03.2022 को रु.393,991 करोड़ हो गया। बैंक, ए.जी.एम./सी.एम. की अध्यक्षता में 10 लार्ज कॉर्पोरेट शाखाओं तथा अन्य बड़ी शाखाओं के माध्यम से कॉर्पोरेट/मिड कॉर्पोरेट की विशेषीकृत आवश्यकताओं को पूरा करता है।

कोविड 19 महामारी की आर्थिक समस्या के कारण दबाव अनुभव करने वाले उधारकर्ताओं के लिए, आर.बी.आई. के कोविड 19 विनियामकीय पैकज के अंतर्गत बैंक ने विशेष योजना आरंभ की है।

3. खुदरा :

वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान खुदरा ऋण सेगमेंट में 18.54% की वृद्धि हुई। वर्ष के दौरान हमने आवास ऋणों पर विशेष ध्यान दिया है, जिसके परिणामस्वरूप हमें काफी अच्छी वृद्धि प्राप्त हुई है। वर्ष के दौरान आवास ऋण सेगमेंट रु.38,566 करोड़ से बढ़कर रु.43,788 करोड़ हो गया तथा उसमें 13.54% की वृद्धि दर्ज़ की गई। वर्ष के दौरान वाहन ऋण सेगमेंट रु.

6,890 करोड़ से बढ़कर रु.10,353 करोड़ हो गया तथा इसमें 50.27% की वृद्धि दर्ज की गई। वर्ष के दौरान हमने कोविड-19 व्यक्तिगत और पेन्शनर ऋण योजना शुरू की। व्यक्तिगत ऋण खंड ने 2,557 करोड़ रुपए से 5,483 करोड़ रुपए तक 114.43% की वृद्धि दर्ज की।बैंक ने मारुति-सुजुकी, टाटा मोटर्स, हुंडई मोटर्स तथा महिंद्रा एंड महिंद्रा के साथ गठजोड़ किया है। हमारा बैंक पीएसयू/पीएसई/प्रतिष्ठित कॉरपोरेट्स/संस्थानों के नियोक्ता के साथ गठजोड़ व्यवस्था के अंतर्गत ऋण उपलब्ध कराता है। आवास ऋण, वाहन ऋण तथा वैयक्तिक ऋणों के अलावा हम संपत्ति पर ऋण तथा शिक्षा ऋण भी देते हैं।

4. एसएमई:

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) एक महत्वपूर्ण खण्ड है। करीब 6.33 करोड़ एमएसएमई उद्यमियों के जीडीपी में करीब 30%, विनिर्माण उत्पादन में 45% तथा निर्यात में लगभग 49% योगदान है। यह 11.09 करोड़ लोगों के लिए नियोजन का सृजन करता है। एमएसएमई क्षेत्र को भारतीय अर्थव्यवस्था का मेरुदण्ड माना जाता है और इसने देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में काफी योगदान दिया है।

एमएसएमई के महत्व को समझते हुए और वृहत कारोबारी जनसंख्या को इसके तहत लाने के लिए भारत सरकार ने अब एमएसएमई की परिभाषा में संशोधन किया है।

मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया, डिजिटल इंडिया, आत्म निर्भर भारत, ईएएसई रिफार्म और एकबारगी पुन: संरचना जैसे कार्यक्रमों पर ध्यान देने के कारण बैंक स्तर पर एमएसएमई ऋण में महत्वपूर्ण बदलाव हुए है।

एमएसएमई कार्य-निष्पादन

विवरण	मार्च'19	मार्च '20	मार्च '21	मार्च '22	वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि	
					रकम	%
कुल एमएसएमई (सिडबी सहित)	54595	56092	63425	69,462	6,037	9.52%
मूल एमएसएमई (सिडबी छोड़कर)	53878	55617	62804	68,039	5,235	8.34%

- यथा 31.03.2022 तक वित्तीय वर्ष के दौरान 349600 नए खाते रु.15509.74 करोड़ की स्वीकृत सीमा के साथ खोले गए। इन खातों की बकाया राशि रु.11438.86 करोड़ है।
- यथा 31.03.2022 को मुद्रा के तहत कुल स्वीकृति रु.6575 करोड़ है जबकि बजट रु.6500 करोड़ था।
- "ऑनलाइन पीएसबी 59 लोन" के जरिए कुल 38,801 खाते मंजूर किए गए जिसकी कुल राशि रु.3795.54 करोड़ है।
- यथा 31.03.2022 को सीजीटीएमएसई के तहत 29,342 नए खाते कवर किए गए जिनकी कुल गारंटी राशि रु.1880 करोड़ है और सीजीटीएमएसई में कवर किए गए संचयी खाते 4,61,234 हैं जिसकी कुल राशि रु.33,234 करोड़ है।
- एमएसएमई क्षेत्र के तहत कुल एनपीए 22.50% था।
- मुद्रा क्षेत्र के तहत कुल एनपीए 12.96% था ।

वित्तीय वर्ष 2021-22 की विशेषताएँ :

- भारत सरकार द्वारा जीईसीएल एक्सटेंशन स्कीम को शुरु किया गया। मार्च, 2022 तक संभावित कारोबार रु.2450.00 करोड़ था जबकि रु.2353.18 करोड़ के संवितरण राशि के साथ कुल स्वीकृत सीमा रु.2525.83 करोड़ थी।
- टीआरईडीएस प्लेटफॉर्म पर, हमने रु.1000.00 करोड़ का बकाया कारोबार पार कर लिया और मार्च, 22 के अंत तक यह रु.1329.79 करोड़ था।
- एसएमईसीसी का नवीकरण: एसएमईसीसी एवं यूसी की संख्या 58 से 91 हो गई है और रु.10 लाख से अधिक के सभी प्रस्तावों की केन्द्रीयकृत प्रक्रिया आसानी से हो रही है।
- सूक्ष्म उद्यम के तहत नियामक लक्ष्य को प्राप्त किया गया तथा 31.03.2022 को एएनबीसी हेतु 7.5% दिए गए लक्ष्य पर हमारी एएनबीसी की कुल बकाया 11.00% थी।
- भारत सरकार द्वारा वर्ष 2021-22 के दौरान मुद्रा स्कीम के तहत ऋण प्रदान करने हेतु प्रशंसा पत्र।
- एमएसएमई चैंबर ऑफ़ इंडिया द्वारा बैंक ऑफ़ इंडिया को एमएसएमई खंड में वर्ष 2020-21 के लिए सर्वश्रेष्ठ एमएसएमई बैंक का पुरस्कार प्रदान किया गया है।
- हमारे बैंक को इंडियन एमएसएमई के चेंबर द्वारा आयोजित "एमएसएमई बैंकिंग एक्सीलेंस अवार्ड 2021" में तीन पुरस्कार यथा - "सर्वश्रेष्ठ एमएसएमई - रनर अप" "सर्वश्रेष्ठ ब्रांडिंग -- विजेता और सामाजिक योजनाओं के प्रचार हेतु सर्वश्रेष्ठ बैंक-विजेता" प्राप्त हुए है।
- आईएफसीआई वेंचर कैपीटल लिमिटेड द्वारा पुरस्कृत एससी उद्यम को ऋण प्रदान करने हेतु डा. अम्बेडकर कारोबार एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

5. कृषि वित्त:

प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम :

बैंक ग्रामीण और अर्ध-शहरी शाखाओं के अपने नेटवर्क के माध्यम से प्राथमिकता और कृषि क्षेत्रों की सेवा प्रदान कर रहा है। वित्तीय वर्ष 2020-2021 के दौरान, हमने स्टार कृषि विकास केंद्र (एसकेवीके) के रूप में कृषि बैंकिंग केंद्र(एबीसी) संरचना: पुन: स्थापित किया है. वर्तमान में, 87 एसकेवीके कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त एसएमई केन्द्रों पर 59 कृषि डेस्क कार्यरत हैं। बैंक ने प्राथमिक प्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत रु. 151600 करोड़ (वि.वर्ष 21-22 के एएनबीसी औसत का 41.55%) की बकाया राशि का शानदार स्तर प्राप्त किया है। इसमें कृषि क्षेत्र के अंतर्गत रु. 66418 करोड़ (वि.वर्ष 21-22 के एएनबीसी औसत का 18.00%) है तथा कृषि के अंतर्गत लघु एवं सीमांत किसानों को रु.38,927 करोड़ (वि.वर्ष 21-22 के एएनबीसी औसत का 10.36) का ऋण शामिल है। एस.एम.ई के अंतर्गत रु.62,398 करोड़ का ऋण दिया गया है जिसमें एम.एस.एम.ई सूक्ष्म क्षेत्र में रु.39,637

करोड़ (वि.वर्ष 21-22 के एएनबीसी औसत का 11.00%), शिक्षा में रु.2,181 करोड़, आवास में रु. 20,481 करोड़ तथा अन्य प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को ऋण की श्रेणी में रु. 121 करोड़ शामिल है। बैंक ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में प्राथमिकता क्षेत्र, एस.एफ तथा एम.एफ, एम.एस.एम.ई - सूक्ष्म तथा कमजोर वर्गों को ऋण के अंतर्गत, विनियामक अनुपातों को प्राप्त किया है।

मद	बकाया राशि		वर्षानुवर्ष वृद्धि (मार्च 20/मार्च 21)		ए.एन.बी.सी औसत का % (वित्तीय वर्ष 2021-2022)	आरबीआई बेंचमार्क (ए.एन.बी. सी %)
	मार्च 21	मार्च 22	राशि	%		
*कुल कृषि	59007	66418	7411	12.56	18.00	18.00
लघु एवं संपार्श्विक किसान	31992	38927	6935	21.68	10.36	9.00
सूक्ष्म उद्यम	38158	39637	1479	3.88	11.00	7.50
*प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम	138935	151600	12665	9.12	41.55	40.00

*आरआईडीएफ एवं पीएसएलसी के बकाया सहित कुल कृषि एवं प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र।

कृषि के अंतर्गत बैंक की शाखाओं ने वर्ष के दौरान रु. 42703 करोड़ संवितरित किए जबकि वित्त वर्ष के दौरान 2021-22 के दौरान लघु एवं सीमांत किसानों को कुल रु. 26,725 करोड़ संवितरित किए गए. वर्ष के दौरान, बैंक ने लचीले रूप से ऋण उपयोग के लिए रु.2565 करोड़ की ऋण सीमा के साथ 1.86 लाख केसीसी जारी किए हैं। विभेदक ब्याज दर योजना के अंतर्गत बैंक, कम आय वर्गों को 4% की छूट प्राप्त ब्याज दर पर वित्तीय सहायता भी प्रदान करता है। बैंक ने वर्ष के दौरान डी.आर.आई योजना के अंतर्गत 110 मामले स्वीकृत किए हैं जिसमें 0.88 करोड़ की राशि शामिल है। यथा मार्च 2022, अल्पसंख्यक समूहों को बैंक का ऋण एक्सपोज़र रु.18,829 करोड़ है (15.36 प्रतिशत के लक्ष्य के विरुद्ध प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को ऋण का 15.00 प्रतिशत)। दिनांक 31.03.2022 को कमजोर वर्गों के अंतर्गत बकाया राशि रु.47,402 करोड़ (13.02% वित्तीय वर्ष 2021-22 है)। यथा 31.03.2022, खाद्य एवं कृषि उद्योग को बैंक का वित्तपोषण रु. 6,836 करोड़ है।

स्वर्ण ऋण: स्वर्ण ऋण में प्रगतिशील वृद्धि आधार पर वित्तीय वर्ष 2021-22 में, रु.4900 करोड़ (44.23 की वर्ष दर वर्ष वृद्धि) की वृद्धि दर्ज की गई और यह 31.03.2022 को रु 15979 करोड़ हो गया। वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान कृषि के अंतर्गत स्वर्ण ऋण में रु. 4597 करोड़ (50.67% की वाईटीडी वृद्धि) की वृद्धि हुई और यह 31.03.2022 को रु 13,669 करोड़ हो गया ।

स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) : यथा 31.03.2022 को बैंक के पास 5.91 लाख स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) का ग्राहक आधार है जिसमें से 2.37 लाख एस.एच.जी को ऋण सुविधा से जोड़ा गया है तथा इसमें से 1.93 लाख महिला एस.एच.जी हैं। एस.एच.जी की निगरानी के लिए ऑफ़साइट संव्यवहारों, वित्तीय तथा डाटा डिजिटलीकरण हेतु, बैंक ने दोहरा बायोमेट्रिक अधिप्रमाणन आरंभ किया है।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) : ग्रामीण क्षेत्र के गरीबों के जीवन से गरीबी उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) एक महत्वपूर्ण योजना है। वर्ष के दौरान बैंक ने इस योजना के अंतर्गत 1.68 लाख उधारकर्ताओं को रु.3,268 करोड़ ऋण संवितरित किये गये हैं।

स्टार कृषि विकास केंद्र (एसकेवीके)- वर्तमान में 87 एसकेवीके कार्यरत हैं। इसके अलावा, कृषि पोर्टफोलियो में केंद्रित और गुणवत्तापूर्ण विकास के लिए एसएमई सिटी केंद्रों में 59 कृषि डेस्क संचालित हैं।

अग्रणी बैंक योजना : बैंक के पास 51 जिलों में अग्रणी बैंक की जिम्मेदारी है जो झारखण्ड (15), महाराष्ट्र (14), मध्य प्रदेश (13), उत्तर प्रदेश (07) तथा ओडिशा (2) - इन पांच राज्यों में फैली हुई हैं तथा बैंक, झारखण्ड राज्य में एसएलबीसी संयोजक भी है।

केसीसी सैचुरेशन :- वर्ष 2021-22 के दौरान हमारे द्वारा केसीसी सैचुरेशन अभियान के तहत 1.86 लाख नए केसीसी ग्राहक जोड़े हैं।

6. वित्तीय समावेशन :

बैंक यह मानता है कि वित्तीय समावेशन के माध्यम से व्यवसाय करना व्यावहारिक है तथा इस दिशा में बैंक ने अपने दृष्टिकोण को “सीएसआर” से “आर्थिक व्यवहार्यता” की ओर मोड़ दिया है। वित्तीय क्षेत्र की अपेक्षानुसार अत्यंत कम लागत के संव्यवहारों को समर्थित करने एवं संरक्षित करने हेतु आईसीटी आधारित समाधान आवश्यक है। प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) से वित्तीय समावेशन अभियान को गति प्राप्त हुई है। व्यापार संपर्की मॉडल के नेतृत्व में आई.सी.टी. के माध्यम से उन ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक ने ये सेवाएं दी हैं जहाँ बैंकिंग सेवाएं नहीं हैं।

पीएमजेडीवाई एवं सामाजिक सुरक्षा संबंधी योजनाएं:

वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान 17.36 लाख प्रधानमंत्री जन-धन योजना खाते खोले गए हैं। भारत सरकार द्वारा चलाई गई सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में भी बैंक की सक्रिय भागीदारी रही है। उक्त वर्ष के दौरान पीएमएसबीवाई (प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना) के अंतर्गत बैंक ने 45.52 लाख खातों को कवर किया है। इस अवधि में पीएमजेजेबीवाई (प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना) के अंतर्गत 23.09 लाख खाते कवर किये गए हैं। वित्तीय वर्ष 2021-22 में बैंक द्वारा 4.65 लाख नए एपीवाई (अटल पेंशन योजना) अंशदाताओं का जोड़ा गया है जबकि हमारे बैंक में एपीवाई अंशदाताओं की कुल संख्या 19.52 लाख है।

स्टार हॉकर आत्मनिर्भर ऋण (एसएचएएल) :

स्टार हॉकर आत्मनिर्भर ऋण (एसएचएएल) - पीएमस्व:निधि का आरंभ जून, 2020 में किया गया था ताकि किश्त-I के तहत स्ट्रीट वेंडर्स को 12 ईएमआई में चुकाने योग्य 10,000/- तक की परेशानी मुक्त कार्यशील पूंजी मांग ऋण प्रदान किया जा सके। पीएमस्व:निधि के तहत दूसरी किश्त उन स्ट्रीट वेंडरों के लिए जिन्होंने अपना पहला पीएमस्व:निधि ऋण चुकाया है। किश्त-II के तहत, डब्ल्यूसीडीएल 20000/- (न्यूनतम 15000/-) तक स्ट्रीट वेंडरों को प्रदान करता है और यह 18 महीने की किश्तों में चुकाने योग्य है। हमने 31-03-2022 तक प्राप्त 2.56 लाख आवेदनों में से 2.42 लाख (94.73%) आवेदन मंजूर किए हैं तथा 2.37 लाख (90%) संवितरण किया है।

स्टार स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) :

बैंक झारखंड, ओड़िशा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र तथा पश्चिम बंगाल में 43 आरसेटी परिचालित कर रहा है। वर्ष 2021-22 के दौरान आरसेटी ने 939 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये तथा 26050 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया गया और 44.92% (11704) का नियोजन सुनिश्चित करते हुए 65.41% (7511) अभ्यर्थियों को ऋण प्रदान किया गया ताकि लाभकारी रोजगार प्राप्त करने में उनकी मदद की जा सके। हमारे पास ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 43 आरसेटी में से 42 आरसेटी ''एए'' श्रेणी की हैं।

वित्तीय साक्षरता तथा ऋण परामर्श केन्द्र (एफएलसीसी.): भारतीय रि. जर्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार ग्रामीण तथा शहरी केन्द्रों में उन जिला स्थानों पर एफएलसीसी/एफएलसी स्थापित किए गए हैं जहाँ बैंक के पास अग्रणी बैंक की जिम्मेदारी है। बैंक की 51 एफ.एल.सी. सभी 51 अग्रणी जिलों में कार्यरत हैं। प्रशिक्षण देने के अतिरिक्त एफ.एल.सी मामला-दर-मामला आधार पर दबावग्रस्त उधारकर्ताओं के लिए उपचारात्मक परामर्श तथा संचार माध्यमों, कार्यशालाओं एवं संगोष्ठियों के माध्यम से निवारक परामर्श भी देते हैं। 31 मार्च 2022 तक कुल 17,39,301 जरूरतमंद विपदाग्रस्त लोगों को सलाह दी गई है।

वित्तीय साक्षरता केंद्र (सीएफएल) : पायलट परियोजना

आरबीआई से 10 दिसंबर, 2020 के संचार के संदर्भ में, हमें सूचित किया गया है कि आरबीआई ने मार्च 2024 तक चरणबद्ध तरीके से देश के हर ब्लॉक में सीएफएल की पहुंच का विस्तार करने की घोषणा की थी। हम शुरू से ही एक प्रायोजक बैंक के रूप में जुड़े रहे हैं। हम सीएफएल पायलट प्रोजेक्ट चरण-I के प्रारंभिक कार्यान्वयन के बाद से एक प्रायोजक बैंक के रूप में जुड़े हुए हैं, जो अब 01.12.2021 तक बढ़ गया है। हमें 110 सीएफएल के प्रायोजन की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता (डीईए)/वित्तीय समावेशन कोष (एफआईएफ) से वित्त पोषित है, जिसका कुछ हिस्सा प्रायोजक बैंक द्वारा वित्त पोषित किया जाएगा। तदनुसार, हमने 1 दिसंबर, 2021 से आरबीआई द्वारा पहचाने गए पांच एनजीओ के सहयोग से पांच राज्यों (झारखंड, महाराष्ट्र, ओडिशा, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश) में 110 सीएफएल में से 106 सीएफएल खोले/बढ़ाए हैं। कुल मिलाकर, सभी 106 सीएफएल ने 11067 शिविर आयोजित किए गए और कुल 2,42,624 व्यथित लोगों को परामर्श दिया गया।

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक :

विलय के बाद, हम 3 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को प्रायोजित कर रहे हैं यथा उत्तरप्रदेश में **आर्यावर्त बैंक** (एबी), मध्य प्रदेश में **मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक** (एमपीजीबी) महाराष्ट्र राज्य में **विदर्भ कोंकण ग्रामीण बैंक** (वीकेजीबी), जिनमें यथा दिनांक 31.03.2021 को 82 जिलों में 2554 शाखाओं का नेटवर्क है। इन सभी प्रायोजित आरआरबी को बैंक ऑफ इंडिया द्वारा नियुक्त अध्यक्ष द्वारा प्रबंधित किया जाता है और इनके कार्यनिष्पादन की प्रधान कार्यालय के महाप्रबंधक-एफआई एवं आरआरबी(प्रभाग) द्वारा निगरानी की जाती है। सभी आरआरबी शाखाएं और प्रशासनिक कार्यालय सिस्टम द्वारा रिपोर्ट जनरेट की सुविधा के साथ सीबीएस प्लेटफॉर्म पर हैं। इन आरआरबी में आरटीजीएस, एनईएफटी और एटीएम की सुविधा है। हमारी सभी आरआरबी का कुल मिश्रित कारोबार यथा दिनांक 31.03.2022 को रु. 89014.50 करोड़ है।

7. अंतरराष्ट्रीय:

बैंक की कुल 22 विदेशी शाखाएं हैं, जकार्ता (इन्डोनेशिया) में 1 प्रतिनिधि कार्यालय, 4 अनुषंगियां एवं 1 सहयोगी/संयुक्त उद्यम है, जो विश्व के सभी टाइम जोन में 16 देशों में फैले हुए हैं। यथा दिनांक 31.03.2022 को बैंक के वैश्विक कारोबार मिश्र में विदेशी परिचालनों का हिस्सा 12% है।

विदेशी अनुषंगी एवं सहयोगी :

i) पीटी बैंक ऑफ इंडिया इन्डोनेशिया टीबीके

ii) बैंक ऑफ इंडिया (तंजानिया) लि.

iii) बैंक ऑफ इंडिया (न्यूजीलैंड) लि.

iv) बैंक ऑफ इंडिया (युगांडा) लि.

v) इंडो - जाम्बिया बैंक लि. (आईजेडबी) - संयुक्त उद्यम

8. ऋण निगरानी:

बैंक के ऋणों की आस्ति गुणवत्ता को बनाए रखने तथा उसमें सुधार लाने तथा ऋण जोखिम को कम करने के लिए ऋणों की निगरानी अनिवार्य है। स्वीकृत शर्तों के अनुपालन तथा निधियों के सही इस्तेमाल को सुनिश्चित करना ऋण निगरानी का मुख्य उद्देश्य है। इसके अतिरिक्त यह सुनिश्चित करना कि ऋण आस्तियाँ, मानक श्रेणी में ही रहें, चिह्नित दबावग्रस्त खातों/निगरानी के अधीन खातों को अपग्रेड करने का प्रयास किया जाय तथा सुधारात्मक कार्रवाई की जाय ताकि खातों को मानक श्रेणी से अवमानक श्रेणी में जाने से रोका जा सके। कमजोरी के संकेत/चूक की संभावना/डिलिक्वेंसी वाले दबावग्रस्त खातों को पहचानने तथा उनकी निगरानी करने के लिए, विभाग, विभिन्न उपकरण तथा पद्धतियों का प्रयोग कर रहा है ताकि संभावित स्लिपेज को प्रभावी तरीके से रोका जा सके तथा आस्ति की अच्छी गुणवत्ता को सुनिश्चित किया जा सके।

प्रभावी निगरानी तथा नियंत्रण के लिए उपकरण:-

पूर्व चेतावनी संकेत

- हमारे बैंक में अगस्त, 2020 से पूर्ण रूप से तकनीकी आधारित ईडब्ल्यूएस समाधान की शुरूआत की गई है। अच्छी प्रकार से परिभाषित अंतर्निहित कार्य-प्रवाह के साथ, हमारा ईडब्ल्यूएस पूर्णत: स्वचालित समाधान है। आंतरिक (सीबीएस एवं रेटिंग डाटा) तथा बाह्य डाटा(एमसीए, सीआईसी इत्यादि) दोनों के आधार पर चेतावनी जनरेट होती है। जनरेट की गई चेतावनी आरंभिक कमजोरी को पहचानने तथा समय से सक्रिय सुधारात्मक उपाय करने में बैंक की सहायता करती है। यह उपाय खातों में धोखाधड़ी की शीघ्र पहचान करने में सहायता करता है (यदि कोई हो)। यह समाधान उपयुक्त प्रणाली/कार्रवाई के साथ खातों की सघन निगरानी हेतु शाखाओं को समर्थ भी करता है।

क्रिलिक रिपोर्टिंग

- एसएमए श्रेणी में खाते के वर्गीकरण के बाद अनुवर्ती कार्रवाई, पुन:संरचना

आदि सुधारात्मक कदम उठाने हैं। आरबीआई के संशोधित दिशा-निर्देशों को अनुसार 5 करोड़ तथा इससे अधिक की ऋण सीमा वाले दबावग्रस्त खातों को साप्ताहिक आधार पर क्रिलिक प्लेटफॉर्म पर आरबीआई को रिपोर्ट किया जाना है।

सिस्टम से आस्ति का वर्गीकरण (सास्कल) :

- सास्कल एक संभावना बताने वाला प्रोग्राम है जो वसूली के रिकॉर्ड के आधार पर दो माह से अधिक की अवधि की अतिदेयता को प्रदर्शित करते हुए संभावित स्लिपेज को पहचानता है। इसके अतिरिक्त इसमें तीन माह से अधिक तक स्टॉक/क्यूआईसी स्टेटमेंट न जमा करना, सीसी खातों में अपर्याप्त/कोई जमा न होना जैसी वित्तीय अनियमितता प्रदर्शित करने वाले खातों को भी शामिल किया जाता है। इस संबंध में यदि समय पर सुधारात्मक कार्रवाई न की जाए तो इससे खाता डाउनग्रेड हो सकता है। एक नवीन सास्कल प्रारूप बनाया गया है जो कि अधिक प्रयोगकर्ता-अनुकूल होने के साथ साथ फील्ड के लिए अधिक सही तरीके से सूचनाएं प्रदान करेगा।

एसएमए निगरानी

- सास्कल के अतिरिक्त, इस वर्ष एसएमए निगरानी पर ध्यान दिया जाएगा। शाखाएँ एसएमए 0 खातों की निगरानी शुरू करने के लिए प्रतिबद्ध होंगी ताकि आरंभ में ही उपचारात्मक कार्रवाई की जा सके और संबंधित खाते एसएमए 1 या सास्कल में न जा सके। हमारी योजना है कि एसएमए डाटा सीधे शाखाओं को भेजे जाएं, जो कि वर्तमान में एनबीजी को भेजे जाते रहे हैं।

एसएमए स्वचालन

- हम बैंक के एसएमए पोर्टफोलियो के प्रबंधन के लिए एक स्वचालित प्रणाली बनाने की प्रक्रिया में हैं। इस प्रणाली में एसएमए रिस्क ग्रेडेशन, वसूली कार्रवाई, जियो टैगिंग, रीयल टाइम एसएमए विश्लेषण जिसमें 'पुशिंग ऑफ अलर्ट' भी शामिल है, को कवर किया गया है। इससे 'स्लिपेजेज़' का बेहतर प्रबंधन होगा ।

ऋण प्रक्रिया लेखापरीक्षा

- ऋण प्रक्रिया की लेखा परीक्षा (सीपीए) यह सुनिश्चित करने के लिए की जाती है कि स्वीकृति की संवितरण पूर्व और संवितरण पश्चात् शर्तों/अनुबंधों का अनुपालन किया जा रहा है। सीपीए का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना भी है कि संवितरण करने वाला अधिकारी द्वारा बैंक निधियों का संवितरण करने से पूर्व, प्रतिभूति के सृजन/प्रतिभूति की पूर्णता हेतु सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं ताकि उक्त प्रतिभूतियों की प्रवर्तनीयता सुनिश्चित की जा सके। अब, सीपीए रियल टाइम में निगरानी के लिए फिनेकल के साथ एकीकृत किया गया है।

स्टॉक लेखापरीक्षा

- हम पात्र खातों में स्टॉक एवं प्राप्य राशियों के संबंध में समयपूर्वक लेखापरीक्षा किया जाना सुनिश्चित करते हैं ताकि जब भी आवश्यक हो, सक्रिय/सुधारात्मक कदम उठाए जा सकें। वर्तमान में स्टॉक की लेखापरीक्षा उन मानक अग्रिम खातों के संबंध में लागू हैं, जिनका कार्यशील पूंजी एक्सपोजर रु. 5 करोड़ तथा उससे अधिक है।

इसे सालाना आयोजित करना आवश्यक है। कमजोरी के अंतर्निहित संकेत दिखाने वाली आस्तियों, जैसे कि खराब स्थिति, साख पत्र के तहत अतिदेय बिल, गारंटी का लागूकरण, समीक्षा अतिदेय आदि, जो बैंक की संपत्ति की गुणवत्ता के लिए खतरा पैदा करते हैं, विभिन्न प्लेटफार्मों और स्तरों पर टेलीविडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अनुवर्ती कार्रवाई की जाती है

एनपीए का दैनिक अंकन :

- दिनांक 15.04.2021 से बैंक एनपीए की पहचान और नियामक दिशानिर्देशों के अनुपालन में अधिक पारदर्शिता लाने के लिए एनपीए के दैनिक अंकन में प्रवेश कर गया है।

पुनर्गठित खातों की निगरानी (आरएफसीआरएस पोर्टफोलियो):

- आरएफसीआरएस के तहत पुनर्संरचित खातों की आस्ति की गुणवत्ता की रक्षा के लिए, प्रधान कार्यालय स्तर पर एक समर्पित टीम का गठन किया जाता है जो उधारकर्ताओं को व्यक्तिगत कॉल के माध्यम से समय पर अनुस्मारक देना सुनिश्चित करता है। इसके अलावा, डीएनपीए उधारकर्ताओं सहित सभी आरएफसीआरएस उधारकर्ताओं को प्रधान कार्यालय स्तर से एसएमएस भेजे जा रहे हैं।

कॉल सेंटर से रिमाइंडर कॉल:

- हमारे कॉल सेंटर में कार्यरत 50 लोगों की एक समर्पित टीम अग्रिमों की निगरानी के लिए काम कर रही है। वे एसएएससीएल और एसएमए उधारकर्ताओं को कॉलिंग करते हैं।

अन्य निगरानी उपकरण:

- ➢ अनुपालन स्तर को मजबूत करने के लिए लागू किए गए पूर्व-वितरण और वितरण के बाद के अनुबंधों की केंद्रीकृत निगरानी।
- ➢ बैंक ने लेनदेन की निगरानी, निरीक्षण आदि के सत्यापन के लिए 250 करोड़ रुपये से अधिक के खातों में विशेष निगरानी के लिए एएसएम की नियुक्ति की है।
- ➢ ईडब्ल्यूएस के पालन पर खातों की रेड फ्लैगिंग और नियामक दिशानिर्देशों के संदर्भ में एक निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर धोखाधड़ी के कोण की जांच के लिए नीतियां हैं। एक बार खाते को धोखाधड़ी घोषित कर देने के बाद, आरबीआई के सीआरआईएलसी प्लेटफॉर्म में तत्काल रिपोर्टिंग सुनिश्चित की जाती है।
- ➢ सभी एसएमए उधारकर्ताओं/एसएमए गारंटरों/आरएफसीआरएस डीएनपीए उधारकर्ताओं/आरएफसीआरएस उधारकर्ताओं/सभी सीसी/ओडी और टीएल उधारकर्ताओं को चुकौती सूचना के लिए एसएमएस भेजे जा रहे हैं। इसके अलावा स्थानीय भाषाओं में भी एसएमएस भेजे जा रहे हैं।
- ➢ खातों की अलग सूची जहां समीक्षा एक महीने से अधिक के लिए अतिदेय है और जहां स्टॉक विवरण एक महीने से अधिक के लिए देय है, तकनीकी स्लिपेजेस से बचने के लिए मासिक अंतराल पर शाखाओं को प्रदान किया जा रहा है।

9. एनपीए प्रबंधन :

बैंक ने एनपीए और बट्टे खाते डाले गये खातों में वसूली के लिए बोर्ड द्वारा अनुमोदित कार्यनीतियों को आत्मसात करते हुए और आस्ति वसूली शाखाओं की शुरूआत करके तथा जमीनी स्तर पर स्टाफ के साथ मिलकर वसूली के निरंतर प्रयास किये हैं।

दिनांक 31.03.2022 को एनपीए की स्थिति निम्नानुसार है :

(राशि करोड़ में)

विवरण	यथा 31.03.2021 को स्थिति	यथा 31.03.2022 को स्थिति
सकल एनपीए	56535	45605
निवल एनपीए	12262	9852
सकल एनपीए (%)	13.77	9.98
निवल एनपीए (%)	3.35	2.34
प्रावधान कवरेज अनुपात (%)	86.24	87.76

किये गये प्रयासों के परिणामस्वरूप निम्नलिखित कार्यनीतियों में से कुछ के माध्यम से वसूली में सुधार आया है :

एनपीए का एबीसी विश्लेषण

- वर्ष के दौरान, जीएनपीए 379 बीपीएस (13.77% से 9.98% तक) घटा, जबकि एनएनपीए 101 बीपीएस (3.35% से 2.34%) घटा, जबकि पीसीआर 86.24% से 87.76% तक मजबूत बना रहा।
- हमने वसूली प्रक्रिया में सब स्टाफ को प्रोत्साहित करने और शामिल करने के लिए स्टार सक्षम अभियान शुरू किया था। हमने योजना के अंतर्गत लिपिकीय कर्मचारियों को शामिल करते हुए चालू वित्त वर्ष के लिए स्टार सक्षम 3.0 लॉन्च किया है।
- साप्ताहिक वसूली कैंप एनबीजी/अंचल स्तर पर आयोजित किए जा रहे हैं तथा "स्टार इंटेंसिव रिकवरी कैंपेन" मासिक आधार पर आयोजित किए जा रहे हैं। हमने "शाखा अदालत अभियान" का विस्तार किया है, जिसमें छोटे आकार के एनपीए खातों में अधिक से अधिक वसूली के लिए रु. 5.00 करोड़ तक की राशि को शामिल किया है।
- हमने एकबारगी निपटान (ओटीएस) के लिए अपनी अनुकूलित योजना को संशोधित किया है जो गैर-विवेकाधीन और गैर-भेदभावपूर्ण थी।
- प्रत्येक स्तर पर ओटीस प्रस्तावों के जेनरेशन पर जोर देना। रु.5 करोड़ तथा उससे अधिक का प्रधान कार्यालय द्वारा संचालन। ओटीएस प्रस्तावों की ऑनलाइन निगरानी।
- वाद दाखिल/डिक्री खातों के लिए निर्णायक सरफेसी/ विधिक कार्रवाई तथा लीगल मेन्यू।
- अस्थायी नकदी प्रवाह असंगति से उपजे एनपीए खातों को कम समयावधि के भीतर अपग्रेड किए जाने हेतु होल्डिंग-ऑन परिचालन ।
- कुल अतिदेय की वसूली के पश्चात पूरे खाते का अपग्रेडेशन करना।
- उस खाते की पुर्नरचना करना जिसे दीर्घावधि सहयोग की आवश्यकता हो।
- एन.सी.एल.टी. में आवेदन करना तथा जहाँ हम लीडर नहीं हैं वहाँ कन्सोर्टियम के अन्य बैंकों को इसके लिए प्रेरित करना।
- मुकदमा दायर करना और डीआरटी के जरिए शीघ्र निपटान के लिए रोक की समाप्ति पर अनुवर्ती कार्रवाई करना ।
- ट्रैकिंग विकल्प के साथ, एनपीए उधारकर्ताओं द्वारा, ओटीएस आवेदन को ऑनलाइन प्रस्तुत करने की सुविधा
- जिन खातों का बैंक के लाभ व हानि खाते में सकारात्मक प्रभाव है, उनके संबंध में ओटीएस हेतु पूर्ण प्रयास करना;
- सरफेसी अधिनियम के प्रावधान तुरन्त लागू करना।
- ओटीएस अनुमोदित खातों में वसूली की ट्रैकिंग को सुनिश्चित करना ताकि वे असफल न हों।
- सभी पात्र मामलों में उधारकर्ताओं को इरादतन चूककर्ता घोषित करने की प्रक्रिया आरंभ करना ।
- अखिल भारतीय स्तर पर मेगा ई-नीलामी आयोजित करके प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। हमारे द्वारा ₹10 लाख तक के खातों में वसूली के लिए कॉल सेंटर की सेवाओं का उपयोग किया जा रहा हैं तथा ₹100.00 लाख तक के खातों को कवर करने पर भी विचार किया जा रहा है।
- विभिन्न स्तरों पर राष्ट्रीय लोक अदालत में भाग लेना ।
- जिन मामलों में मुकदमा/डिक्री फाइल किया गया है, उनकी अब ऑनलाइन निगरानी की जाती है।
- बैंक जहाँ अग्रणी बैंक है या सहायता संघ (कन्सोर्टियम) का सदस्य है, वहाँ बैंक स्तर पर आयोजित की गई जेएलएफ़ बैठकों में सक्रिय रूप से भाग लिया जाता है ।

10. कोषागार:

फॉरेक्स कारोबार : ट्रेजरी, बैंक का विदेशी विनिमय कारोबार संभालता है तथा फॉरवर्ड, ऑप्शन तथा स्वैप के माध्यम से ग्राहकों को हेजिंग सुविधा उपलब्ध करता है। मुंबई में केंद्रीकृत ट्रेजरी के अतिरिक्त, बैंक के नई दिल्ली, अहमदाबाद, चेन्नई तथा कोलकाता में 4 सैटेलाइट डीलिंग रूम हैं ताकि ग्राहकों को बेहतर ग्राहक सेवाएं उपलब्ध कराया जा सकें। वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान, मर्चेंट तथा इंटरबैंक टर्नओवर क्रमश: रु. 1.77 लाख करोड़ तथा रु. 35.55 लाख करोड़ रहे। इस वित्त वर्ष के दौरान बैंक का फॉरेक्स कारोबार टर्नओवर रु. 37.32 लाख करोड़ रहा। मुद्रा फ्यूचर की ट्रेडिंग में ट्रेजरी सक्रियतापूर्वक सहभागिता करता है तथा यह सभी एक्सचेजों में एक अग्रणी बैंक है। वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान करेंसी फ्यूचर में बैंक का टर्नओवर यूएसडी 88.664 बिलियन है। बैंक को करेंसी फ्यूचर व्यवसाय के

लिए विभिन्न पुरस्कार दिये गए हैं। बैंक को सभी बैंको में करेंसी फ्यूचर में सर्वोत्तम कार्यनिष्पादन सदस्य और करेंसी डेरीवेटिव सेगमेंट में एमसीएक्स में सर्वोत्तम कार्यनिष्पादन हेतु एनएसई और बीएसई द्वारा प्रशंसा प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ था।

ट्रेज़री परिचालन व निवेश : बैंक ने 2021-22 के दौरान के सभी क्षेत्रों में अर्थात-मुद्रा बाजार,फॉरेक्स, बॉण्ड तथा डेरीवेटिव में सक्रिय भूमिका अदा करना जारी रखा। विनियामकीय आवश्यकताओं के अनुरूप निवेश को बनाए रखते हुए हमने प्रतिदिन आधार पर अपनी चलनिधि आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए और अधिक बढ़कर निवेश किया है। यथा दिनांक 31.03.2022 को सकल एसएलआर निवेश रु.128,162.91 करोड़ (कुल निवेश का 74.77%) था और गैर-एसएलआर निवेश रु.44,150.56 करोड़ (कुल निवेश का 25.62%) रहा। गैर एसएलआर निवेश में रु. 24,699 करोड़ के 'पुन:-पूंजीकरण' के बॉण्ड भी शामिल हैं। ट्रेजरी ने सक्रियतापूर्वक अपने निवेशों पोर्ट फोलियो को प्रबंधित किया है तथा एस.एल.आर ए.एफ़.एस पोर्टफोलियो के एम-ड्यूरेशन को, 31.03.2021 को 1.22 से 31.03.2022 को 0.47 तक कम किया है। यथा 31.03.2022 तक एएफएस पोर्टफोलियो के तहत एसएलआर का एम-ड्यूरेशन और गैर एसएलआर निवेश 1.17% है। ये निवेश,बोर्ड द्वारा अनुमोदित व्यापक नीति के अनुसार किये जाते हैं और बा. जार में होने वाले बदलावों/विनियामक आवश्यकताओं से तालमेल बनाए रखने हेतु समय-समय पर इनकी समीक्षा की जाती है।

11. सूचना प्रौद्यागिकी:

दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली :

- दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली ने विभिन्न विभागों को कोविड-19 महामारी के दौरान बिना किसी बाधा के प्रभावी तरीके से अपना काम जारी रखने में मदद की है। प्रधान कार्यालय के विभिन्न विभाग, शाखाएं और अंचल लाइव वातावरण में डीएमएस को एक्सेस कर रहे हैं।
- सांविधिक शाखा लेखा परीक्षा (एसबीए) और सांविधिक नियंत्रण लेखा परीक्षा (एससीए) डीएमएस की सहायता से प्रभावी ढंग से आयोजित की गई है। सभी दस्तावेज़ रियल टाइम आधार पर लेखा परीक्षकों को उपलब्ध कराए गए हैं।
- दिनांक 01.04.2021 से केंद्रीकृत बैक ऑफिस विभाग से प्राप्त अनुरोध के आधार पर 59 जेडसीओडी (आंचलिक केंद्रीकृत परिचालन विभाग) से संबद्ध सभी शाखाओं में डीएमएस के माध्यम से एसबी खाता खोलने की प्रक्रिया को लाइव किया गया है।
- विभिन्न विभागों (अंतर्राष्ट्रीय, एचआरएमएस, एलएंडडी, डीबीडी आदि) से प्राप्त अनुरोधों के आधार पर आवश्यक दस्तावेजों के भंडारण और पुनर्प्राप्ति के लिए टेम्पलेट तैयार किए गए हैं।

वेबसाइट

हमारी कार्पोरेट वेबसाइट ने आर्थिक संकट से निपटने के लिए दबावग्रस्त उधारकर्ताओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए समय-समय पर भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार उधारकर्ताओं को ऋण प्रदान करके ग्राहकों को कोविड महामारी में राहत प्रदान करने के लिए कई प्रारूप/आवेदन उपलब्ध कराए हैं। विदेशी केंद्रों की वैश्विक वेबसाइट संबंधित ग्राहकों को केंद्र संबंधी विशिष्ट जानकारी प्रदान करती है।

चेक जमा कियोस्क

- समाशोधन प्रक्रिया को स्वचालिक करने की दृष्टि से 17 मई, 2021 को बैंक ऑफ इंडिया में चेक जमा कियोस्क लागू किया गया है।
- ग्राहक न्यूनतम आवश्यक जानकारी के साथ कियोस्क में चेक जमा करते हैं और सफलतापूर्वक जमा करने पर ग्राहक को पावती पर्ची उपलब्ध करायी जाती है।
- पदनामित शाखा अधिकारियों द्वारा सीडीके का दिन का अंत (ईओडी) किया जाता है। ईओडी के बाद, कियोस्क में जमा किए गए चेक को सीटीएस आवेदन के माध्यम से संसाधित किया जाता है और एनपीसीआई को जमा किया जाता है।
- इस प्रक्रिया से कर्मचारियों पर कार्य का बोझ कम होता है और ग्राहक किसी भी ई-गैलरी/शाखा लॉबी में चेक जमा कर सकते हैं।

राष्ट्रीय पोर्टल

- जनसमर्थ, सरकार द्वारा प्रायोजित क्रेडिट योजनाओं के लिए राष्ट्रीय पोर्टल, वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) की एक पहल है जो वन स्टॉप एकीकृत सरकारी पोर्टल स्थापित करने के लिए है। पोर्टल आवेदकों को 14 योजनाओं के तहत ऋण आवेदन करने के लिए पोर्टल पर जाने की सुविधा प्रदान करता है।
- हमारे बैंक ने पोर्टल के साथ सफलतापूर्वक एकीकरण किया है, जिसमें बैंक के मूल्यांकन मानकों के अनुसार पात्र लीड आगे की प्रक्रिया और मंजूरी के लिए पोर्टल पर अपलोड किए गए दस्तावेजों और आवेदक के पूर्व विवरण के साथ सीधे बैंक के एलओएस में पहुँच जाएंगे।
- संपूर्ण एकीकरण एंड-टू-एंड है, यानी बैंक के एलओएस की स्थिति, स्वीकृति से, अस्वीकृति से लेकर संवितरण तक, ऋण आवेदनों के लिए संवितरण विवरण के साथ, बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के सीधे पोर्टल पर अपडेट किया जाता है। इसके साथ, उन आवेदकों के लिए क्रेडिट प्रक्रिया को काफी सुविधाजनक बना दिया गया है जो विभिन्न सरकारी प्रायोजित योजनाओं के तहत ऋण लेना चाहते हैं और बैंक के लिए क्रेडिट आवेदन प्रसंस्करण के लिए टीएटी को काफी कम कर दिया है।

मिसकॉलपे

- मिसकॉलपे डिजिटल भुगतान आफ़लाइन समाधान है जो मिस्ड कॉल का उपयोग करके फीचर फोन पर यूपीआई आधारित मोबाई भुगतान की सभी सेवाएं प्रदान करता है। इसकी इंटरनेट कनेक्शन पर कोई निर्भरता नहीं है, इसलिए यह भारत की ग्रामीण और शहरी आबादी के लिए उपयुक्त है।

- उपयोगकर्ता अपनी स्थानीय भाषा में भी लेनदेन कर सकते हैं। वर्तमान में 12 स्थानीय भाषाएं उपलब्ध हैं।
- मिसकॉलपे पी2पी समाधान (यूपीआई 123 पे) 08.03.2022 को सीयूजी के लिए आरबीआई गवर्नर आदरणीय श्री शक्तिकांत दास द्वारा लाइव किया गया है।
- उपयोगकर्ता मिसकॉलपे का उपयोग करके पैसे भेज सकते हैं, बैलेंस चेक कर सकते हैं, यूपीआई पिन सेट कर सकते हैं।

डिजिटल लॉकर

- डिजिलॉकर भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) द्वारा डिजिटल इंडिया पहल के तहत प्रदान की जाने वाली एक ऑनलाइन सेवा है।
- वर्तमान में, इन प्रमाणपत्रों के मूल जारीकर्ताओं से डिजिटल प्रारूप में ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीकरण और अकादमिक मार्कशीट जैसे प्रामाणिक दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों तक पहुंचने के लिए उपयोग किया जाता है।
- बैंक की मोबाइल बैंकिंग और इंटरनेट बैंकिंग के साथ एकीकृत टीडीएस प्रमाणपत्र डाउनलोड करने की सुविधा (कस्टआईडी/सीआईएफ़ के आधार पर) (फिनेकल में उसी मोबाइल के साथ) 07.03.2022 को लाइव किया गया है। भारत सरकार के डिजिलॉकर एप्लिकेशन पर भी यह सुविधा उपलब्ध है।
- बैंक वित्त वर्ष 2022-23 में 2 नए मॉड्यूल (रिक्वेस्टर और सेव टू लाकर) लागू करने की प्रक्रिया में है।

12. प्रबंधन सूचना प्रणाली:

ई-प्लेटफ़ॉर्म परियोजना:

थर्ड पार्टी उत्पादों सहित सभी बैंकिंग उत्पादों (आस्ति एवं देयता उत्पादों) के स्ट्रेट थ्रू ऑरिजिनेशन एंड प्रोसेसिंग हेतु एकीकृत ई-प्लेटफॉर्म सोल्युशंस के कार्यान्वित और प्रबंधित करने हेतु आरएफपी प्रक्रिया के माध्यम से ईआईटी सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का चयन किया गया। उत्पाद कार्यान्वित करने की फेज वार स्थिति निम्नलिखित है -

- ई-प्लेटफॉर्म फेज 1 की क्रियान्विति में 20 उत्पाद शामिल है। इनमें से शिशु प्रोडक्ट ब्रांच जर्नी और एग्री गोल्ड लोन ब्रांच जर्नी नजदीकी प्रयोगकर्ता समूह को रिलीज किए गए हैं। बचत खाता खोलने, वीडियो केवाईसी, व्यक्तिगत ऋण, किशोर, तरुण, केसीसी-फसल ऋण, केसीसी-पशुपालन और केसीसी-भूमिहीन किसान यूएटी के अंतर्गत है।
- गैर-डिजिटल शिकायत मोड्युल यूएटी के अंतर्गत है और डिजिटल शिकायत मोड्युल विकास की प्रक्रिया में है।
- लीड मैनेजमेंट मॉड्यूल यूएटी के अंतर्गत है।
- वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफएस) द्वारा शुरू किए गए राष्ट्रीय पोर्टल को ई-प्लेटफॉर्म सीआरएम लीड मैनेजमेंट के साथ एकीकृत किया गया है और बाद में, सीआरएम लीड मैनेजमेंट के लोन प्रोसेसिंग सिस्टम में एकीकरण को कार्यान्वित किया गया है। इस प्रकार राष्ट्रीय पोर्टल से लीड्स, सीआरएम लीड मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से डाटा फील्ड्स के साथ सीधे लोन प्रोसेसिंग सिस्टम में आती रहेंगी।
- इस समय सात उत्पाद यथा एसीएबीसी, एआईएफ, एएमआई, पीएमएमवाई, स्टैंड अप इंडिया, वेवर्स मुद्रा और एसआरएमएस राष्ट्रीय पोर्टल में कवर किए गए हैं।
- प्रधान कार्यालय प्रबंधन सूचना प्रणाली विभाग ने सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदन लेने के पश्चात् डिजिटल उधार नीति के निर्माण के लिए क्रॉस फंक्शनल टीम का गठन किया है। डिजिटल उधार ऋण नीति एवं डिजिटल उधार परिचालन नीति के निर्माण के लिए मेसर्स केपीएमजी का चयन किया गया था।

नेक्स्ट जनरेशन एंटरप्राइज रिपोर्टिंग और एनालिटिकल सोल्यूशन (डाटा लेक) परियोजना :

बैंक ने उपयुक्त एवं किफायती नेक्स्ट जनरेशन डाटा लेक सोल्यूशन को कार्यान्वित करने के लिए एसआई के चयन के लिए आरएफपी प्रक्रिया शुरू की है।

इन्हेंस्ड एक्सेस एंड सर्विसेज एक्सीलेंस (ईएएसई) :

एमआईएस विभाग ने ईज 3.0 व 4.0 की निम्नांकित अपेक्षाओं को कार्यान्वित किया है -

- वैकल्पिक सुपुर्दगी चैनल यथा एसएमएस, मिस्ड कॉल, कॉल सेंटर, वेबसाइट, और बीओआई मोबाइल बैंकिंग से डिजिटल लीड पहल के चैनलों को सक्रिय करना।
- विश्लेषण आधारित लीड जनरेशन को कार्यान्वित किया गया जिसमें कारोबार विभागों द्वारा प्रदत्त यूएटी साइनऑफ के अनुसार निम्नांकित मॉडल्स प्रोडक्शन में आए हैं:

  अ) एमएसएमई - ऋण नकदी ओवरड्राफ्ट (सीसीओडी) नवीकरण

  आ) एमएसएमई - मीयादी ऋण नवीकरण

  इ) एमएसएमई - पूर्व अनुमोदन पत्र

  ई) ऋण जोखिम निगरानी - ऋण जोखिम ग्रेडेशन

  उ) रिटेल - समय पूर्व बंद की गयी मीयादी जमा

  ऊ) रिटेल - व्यक्तिगत ऋण

  ऋ) रिटेल - आवास ऋण - टॉप-अप ऋण

  ङ) रिटेल - अधिग्रहण किए गए आवास ऋण
- रिटेल और सरकारी कारोबार उत्पादों के निम्नांकित विश्लेषणात्मक मॉडल्स यूएटी के अंतर्गत हैं -

अ) रिटेल - म्युच्युअल फंड ऑफरिंग मॉडल

आ) रिटेल - बीमा ऑफरिंग मॉडल

इ) रिटेल - वाहन बीमा ऑफरिंग मॉडल

ई) पीपीएफ

उ) सॉवरेन गोल्ड बांड

स्टार संकलन - श्रृंखला डाटा के लिए नया डाटा केप्चरिंग टूल

विभिन्न कार्यात्मक विभागों और विदेशी केन्द्रों से श्रृंखला डाटा को केप्चर करने के लिए एमआईएस विभाग की आतंरिक बैंक टीम द्वारा नया डाटा केप्चरिंग टूल विकसित किया है ताकि आरबीई को प्रस्तुत करने के लिए उक्त डाटा का मिलान किया जा सके। एप्लीकेशन में चार आँख (मेकर एवं चेकर) सिद्धांत, इंट्रा-नेट में एडी आधारित लॉग-इन और कार्यात्मक विभागों द्वारा साझा किए गए लॉजिक पर आधारित ईडीडब्ल्यू डाटाबेस से सीधे डाटा निकालने का फीचर रखा गया है।

उच्च प्रबंधन के लिए कार्यकारी डैशबोर्ड :

एमआईएस विभाग की आतंरिक बैंक टीम ने उच्च प्रबंधन के लिए नया डैशबोर्ड विकसित किया है जिसमें जीयूआई आधारित इंटरएक्टिव डैशबोर्ड, प्रयोगकर्ता के अनुकूल इंटरफेस, ड्रिल डाउन सुविधा, पोर्टेबल डिवाइस (आईपैड) के लिए ऑप्टीमाइज्ड लेआउट आदि के फीचर रखे गए हैं।

आंतरिक टीम द्वारा विकसित अन्य एप्लीकेशन

एमआईएस विभाग की आतंरिक बैंक टीम ने एमएसएमई विभाग के लिए निम्नांकित एप्लीकेशन विकसित किए हैं -

- एमएसएमई समीक्षा प्रस्ताव
- एमएसएमई लीड मैनेजमेंट

आईडीईए डाटा विश्लेषण सॉफ्टवेयर की खरीद

मेसर्स समा ऑडिट सिस्टम्स से आईडीईए डाटा विश्लेषण सॉफ्टवेयर की खरीद की गयी है जिसका प्रयोग प्रधान कार्यालय के विभागों द्वारा डाटा के वैधीकरण, विश्लेषण और समाधान के लिए किया जाता है। इस समय प्रधान कार्यालय के 10 विभाग इस सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल डाटा के वैधीकरण एवं विश्लेषण के साथ साथ डाटा/डाटा डंप, जिसमें अत्यधिक मात्र में डाटा रहते हैं, के लिए किया जाता है।

13. डिजिटल बैंकिंग :

वित्तीय वर्ष 2022 हेतु विभिन्न डिजिटल उत्पादों के लिए लक्ष्य निम्नलिखित है:-

उत्पाद	31.03.2022
क्रेडिट कार्ड के सक्रिय उपयोगकर्ता (लाख में)	1.66
पीओएस (संख्या में)	48,615
यूपीआई आधारित मर्चेंट(लाख में)	3.53
इंटरनेट बैंकिंग (लाख में)	80.83
मोबाइल बैंकिंग (लाख में)	61.07

वित्तीय वर्ष 2022-23 में उत्पाद आरम्भ करने की योजना

- मोबाइल बैंकिंग में लॉयल्टी पुरस्कार कार्यक्रम जोड़ना
- यूनिवर्सल एप्लीकेशन - एक एप्लीकेशन के अंतर्गत बैंक के विभिन्न उत्पादों को एकीकृत करना
- एटीएम स्क्रीन पर क्षेत्रीय भाषा का चयन करने का विकल्प शुरु करना।
- फिनेकल के माध्यम से क्रेडिट कार्ड सेवाएं प्रदान करना।
- डेबिट कार्ड प्रबंधन प्रणाली का माइग्रेशन
- माइक्रो एटीएम इंस्टॉल करना
- बल्क यूपीआई भुगतान एवं अधिदेश - कॉरपोरेट एवं सरकारी संस्थाओं को बल्क यूपीआई भुगतान सुविधा की शुरुआत
- बीओआई पीओएस - डायनैमिक क्यूआर कोड का आरम्भ - बीओआई पीओएस के माध्यम से भुगतान का एक नया तरीका है जहां ग्राहक एक डायनैमिक रूप से जनरेट किए गए क्यूआर को स्कैन कर यूपीआई के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं।
- ई-रुपी - यह इलैक्ट्रॉनिक प्रीपेड वाऊचर्स हैं जहाँ वाऊचर कोड एसएमएस द्वारा शेयर किए जाएंगे।

इंटरनेट बैंकिंग (आईबी)

- हमने अपने इंटरनेट बैंकिंग समाधान में निम्नलिखित सुविधाओं को सक्षम किया है ताकि ग्राहकों को आसानी हो: -
- आईबी सिस्टम से एसएमएस गेटवे तक ओटीपी एसएमएस के प्रसारण से पहले एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन लागू किया गया है।
- सुकन्या समृद्धि खातों के लिए विवरण देखने और खाता विवरण तैयार करने के लिए एकीकृत सुविधा।
- पीपीएफ खाते में फीड की गई ग्राहक आईडी के आधार पर इंटरनेट बैंकिंग में पीपीएफ खाते की ऑटो-फ़ेचिंग विकसित की गई है
- अलर्ट प्रदान करने के लिए इंटरनेट बैंकिंग (कॉर्पोरेट) को बैंक की ई-एफआरएम प्रणाली के साथ एकीकृत किया गया है।
- आईबी के साथ डिजिलॉकर एकीकरण जिसमें बैंक के मौजूदा ग्राहक टीडीएस प्रमाणपत्र देख/डाउनलोड कर सकते हैं। ग्राहक भविष्य के उद्देश्य के लिए उनके पास उपलब्ध दस्तावेज भी अपलोड करेंगे।
- ऑनलाइन एनपीएस खाता खोलने की सुविधा के लिए केफिनटेक और एनएसडीएल के साथ एकीकरण प्रक्रियाधीन है।

मोबाइल बैंकिंग (एमबी)

- हमने अपने एमबी समाधान में निम्नलिखित मॉड्यूल सक्षम किए हैं ताकि ग्राहकों को आसानी हो:
- मोबाइल ऐप के माध्यम से डिजी लॉकर तक पहुंचने की सुविधा सक्षम
- यूपीआई सुविधा एकीकृत
- ग्राहक के उपयोग में आसानी के लिए डेमो वीडियो जोड़े गए
- खोज मेनू सहित अनुकूलित डैशबोर्ड
- प्रतिक्रिया मॉड्यूल
- अन्य बीओआई ऐप्स तक आसान पहुंच की सुविधा के लिए लिंक जोड़ा गया।

14. जोखिम प्रबंधन:

जोखिम तथा नियंत्रण :

बैंक ने जोखिमों तथा प्रतिफलों के बीच ट्रेड-ऑफ को बनाये रखने के लिए, एकल बकेट और पोर्टफोलियो आधार पर, प्रासंगिक जोखिमों का अनवरत मूल्यांकन सुनिश्चित करने हेतु उपयुक्त व्यवस्थाएं स्थापित की हैं। हमारे बैंक में जोखिम प्रबंधन बोर्ड द्वारा संचालित कार्य है, जिसमें शीर्ष स्तर पर बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति(आर. कॉम.) होती है जिसको, विभिन्न जोखिमों का प्रबंधन करने के लिए उच्च कार्यपालकों की परिचालनात्मक स्तर की समितियों जैसे आस्ति देयता प्रबंध समिति (एएलसीओ), सीआरएमसी (ऋण जोखिम प्रबंधन समिति), एमआरएमसी (बाज़ार जोखिम प्रबंधन समिति) और सोओआरएम (परिचालनात्मक जोखिम प्रबंधन के लिए समिति) से सहयोग प्राप्त होता है।

जोखिम प्रबंधन की प्रक्रिया में जोखिम के उन सभी स्रोतों की पहचान, माप, निगरानी और नियंत्रण शामिल है जिनसे बैंक प्रभावित होता है। इन प्रक्रियाओं को एंटरप्राइज वाइड रिस्क मैनेजमेंट, क्रेडिट रिस्क मैनेजमेंट, ऑपरेशनल रिस्क मैनेजमेंट, मार्केट रिस्क मैनेजमेंट, एक्सपोजर (बैंक एक्सपोजर एवं लार्ज एक्सपोजर फ्रेमवर्क), डेरिवेटिव, एएलएम, फॉरेन एक्सचेंज और डीलिंग रूम परिचालन आदि पर विभिन्न नीतियों के तहत कवर किया गया है।

जोखिम प्रबंधन में जोखिम की पहचान, माप, निगरानी और संभावित जोखिमों को कम करने की प्रक्रिया शामिल है जिसे सभी गतिविधियों और उत्पादों में विस्तृत विश्लेषण के माध्यम से किया जाता है और इसकी जांच परिचालन स्तर की जोखिम समितियों और कार्य बलों द्वारा की जाती है। विवेकपूर्ण सीमाओं के लिए उपकरण और प्रणालियां, बेसल अनुपालन क्रेडिट रेटिंग मॉडल, क्रेडिट ऑडिट, संवेदनशीलता आधारित उपाय जैसे एम अवधि, पीवी01, और मूल्य-पर-जोखिम (वीएआर) सीमा, स्टॉप लॉस ट्रिगर सीमा, एनओओपी, फॉरेक्स डेलाइट सीमा की दैनिक आधार पर निगरानी की जाती है। जोखिम नियंत्रण और स्व-मूल्यांकन अभ्यास (आरसीएसए) के साथ-साथ परिचालन जोखिम के लिए प्रमुख जोखिम संकेतक (केआरआई) की ट्रैकिंग के साथ पहचाने गए जोखिमों का आकलन/मापने की व्यवस्था है।

बैंक का जोखिम प्रबंधन ढाँचा, अपने परिचालनों और संस्कृति में, जोखिम प्रबंधन के पूर्ण एकीकरण पर केंद्रित है। एकीकृत जोखिम प्रबंधन ढ़ाचा जोखिम प्रबंधन चक्र से आरंभ होता है, जिसमें कई चरण होते हैं: जोखिम प्रवृति का निर्धारण करना, दबावग्रस्तता की जाँच, परिदृश्य का विश्लेषण, सभी खण्डों में जोखिम मूल्यांकन का संपूर्ण क्षेत्र तैयार करना और जोखिमों का आकलन एवं निगरानी करना । जोखिमों को पर्याप्त रूप से चिह्नित, विश्लेषित, रिपोर्ट और प्रबंधित किया जाता है। जोखिम प्रबंधन जोखिमों के आकलन, निगरानी और रिपोर्टिंग की कार्यवाही के लिए उत्तरदायी है। जोखिमों को बैंक स्तर पर ही सक्रिय रूप से चिह्नित और प्रबंधित किया जाता है। जोखिम प्रबंधन, बैंक के मूल केन्द्रित क्षेत्रों में से एक है। हमारा बैंक यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत है कि सभी जोखिम क्षेत्रों में की जाने वाले श्रेष्ठतम वैश्विक प्रथाओं को अपनाया जाए। इस जिम्मेदारी को लोगों और प्रणालियों में निवेश करके तथा जोखिम वहन करने की संस्कृति को तैयार करके पूरा किया जा रहा है।

जोखिम प्रबंधन विभाग, बैंक की जोखिम प्रोफाइल की निगरानी और प्रबंधन के लिए, सीमाओं और नियंत्रणों के व्यापक ढाँचे का प्रयोग करता है। जोखिम प्रबंधन विभाग सुनिश्चित करता है कि जोखिम प्रबंधन को सही ढंग से कार्यान्वित किया गया है तथा यह सभी विनियामकीय दिशानिर्देशों के अनुरूप है।

क्रेडिट रेटिंग की सीमाएं विशिष्ट उद्योग/क्षेत्र के प्रदर्शन पर आधारित थीं। उधारकर्ताओं की साख योग्यता का आकलन करने के लिए बैंक विभिन्न आंतरिक ऋण जोखिम मूल्यांकन मॉडल और स्कोरकार्ड का उपयोग करता है। हाल ही में बैंक ने बदलते आर्थिक परिवेश और परिवर्तित होते व्यवसाय मॉडल को ध्यान में रखते हुए, जोखिम चालकों को बेहतर ढंग से दर्ज करने और अंडरराइटिंग मानकों को और मजबूत करने के लिए रेटिंग मॉडल का पुन: कैलिब्रेशन किया है।

व्यापार के सामान्य क्रम में बैंकों को मुख्य रूप से तीन जोखिम का सामना होता है-क्रेडिट जोखिम, बाजार जोखिम और परिचालन जोखिम।

क्रेडिट जोखिम ऋण चुकाने या संविदात्मक दायित्वों को पूरा करने में उधारकर्ता की विफलता के परिणामस्वरूप होने वाली हानि की संभावना है। क्रेडिट जोखिम गणना के लिए बैंक ने मानकीकृत दृष्टिकोण (एसए) को अपनाया है।

बाजार के कारकों में उतार-चढ़ाव के कारण, बैंक को नुकसान की संभावना बाजार जोखिम है जैसे कि ब्याज दर, विदेशी मुद्रा दर, इक्विटी मूल्य आदि। बैंक ने बाजार जोखिम गणना के लिए मानकीकृत अवधि पद्धति (एसडीएम) को अपनाया है।

परिचालन जोखिम को अपर्याप्त या विफल आंतरिक प्रक्रिया, लोगों और प्रणालियों या बाहरी घटनाओं से होने वाले नुकसान के जोखिम के रूप में परिभाषित किया गया है। परिचालन जोखिम में कानूनी जोखिम शामिल है, लेकिन इसमें रणनीतिक और प्रतिष्ठा जोखिम शामिल नहीं है। बैंक बुनियादी संकेतक दृष्टिकोण (बीआईए) के माध्यम से परिचालन जोखिम भारित आस्तियों की गणना करता है। बैंक आरबीआई दिशानिर्देशों के मसौदे में उल्लिखित परिचालन जोखिम भारित परिसंपत्तियों की गणना के लिए मानकीकृत दृष्टिकोण अपनाने के लिए तैयार है।

परिचालन जोखिमों से होने वाले नुकसान की संभावना और संभावित प्रभाव को कम करने के लिए बैंक प्रक्रियाओं के एक व्यापक सेट, आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों और नीतियों के साथ परिचालन जोखिमों की निगरानी और प्रबंधन करता है।

बैंक वार्षिक आधार पर आंतरिक पूंजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया (आईसीएएपी) करता है जिसमें स्तंभ I जोखिम, बैंक का जोखिम मूल्यांकन और बैंकों के जोखिम प्रोफाइल के संबंध में बैंक आंतरिक पूंजी के उचित स्तर के साथ-साथ विभिन्न जोखिमों (स्तंभ II जोखिम) का मूल्यांकन/माप शामिल है। अत्यधिक प्रतिकूल परिस्थितियों में भी बैंक को संभावित प्रभाव की बेहतर समझ प्रदान करके जोखिम मूल्यांकन को बढ़ाने के लिए स्ट्रेस परीक्षण प्रक्रिया मौजूद है। आईसीएएपी वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा बैंक यह सुनिश्चित करता है कि वह उचित स्तर की पूंजी के साथ काम करे। इसमें एक पूर्ण उद्यम जोखिम प्रबंधन (ईआरएम) ढांचे के रूप में माने जाने जा सकने वाले एक बड़े हिस्से को शामिल किया गया है। आईसीएएपी जोखिम और पूंजी प्रबंधन गतिविधियों को एक ऐसे रूप में एक साथ लाता है जिसका उपयोग व्यावसायिक निर्णयों का समर्थन करने के लिए किया जा सकता है।

इसके अलावा, बैंक के पास सभी भौगोलिक केंद्रों (अंचलों और राष्ट्रीय बैंकिंग समूह) में फील्ड स्तर के जोखिम प्रबंधक हैं, जो फील्ड स्तर पर भी जोखिम संस्कृति को विकसित करते हैं।

बैंक की सूचना जोखिम प्रबंधन प्रणाली का स्पष्ट उद्देश्य, बैंक को साइबर हमलों और साइबर सुरक्षा खतरों में तेजी के कारण सूचना सुरक्षा जोखिमों से बचाना है, विशेष रूप से वित्तीय संस्थानों के लिए। सूचना सुरक्षा विभाग बैंक के ब्रांड, प्रतिष्ठा और आस्ति की सुरक्षा के लिए नियंत्रण को मजबूत करता है। बैंक अपने संरक्षकों और खाताधारकों से संबंधित डेटा की सुरक्षा और गोपनीयता के प्रति सतर्क है और इसे साइबर हमलों से बचाने के लिए अत्यधिक सावधानी बरतता है। बैंक ने कैप्टिव सिक्योरिटी ऑपरेशन सेंटर (एसओसी) स्थापित किया है। बैंक ने 24x7 आधार पर सूचना सुरक्षा उल्लंघन के प्रयासों/घटनाओं/स्थितियों की रीयल-टाइम निगरानी के लिए सूचना सुरक्षा उपकरण लगाए हैं ताकि समय पर इसे रोका जा सके, पता लगाया जा सके और प्रतिक्रिया दी जा सके। उन्नत सुरक्षा उपकरण जैसे एसआईईएम (सुरक्षा सूचना और घटना प्रबंधन), पीआईएम (विशेषाधिकार पहचान प्रबंधन), डीएएम (डेटाबेस गतिविधि निगरानी), डब्ल्यूएएफ (वेब एप्लिकेशन फ़ायरवाल), एनबीएडी (नेटवर्क व्यवहार विसंगति का पता लगाना), एंटी-एपीटी (एडवांस पर्सिस्टेंस थ्रेट) वेब और ईमेल चैनलों और एंटी-डीडीओएस के लिए, डेटा डीएलपी (डेटा लीकेज रोकथाम) तैनात किए गए कई सुरक्षा समाधानों में से कुछ हैं। खतरे से मुकाबला, रोकथाम, पता लगाने और प्रतिक्रिया पर ध्यान केंद्रित करने वाले विभिन्न नए सुरक्षा समाधान भी लागू किए गए हैं। बैंक आईएसओ 27001:2013 (आईएसएमएस) और आईएसओ 22301:2012 (बीसीएमएस) प्रमाणित है। नकली साइटों के माध्यम से बैंक के ग्राहकों को फिशिंग हमलों से बचाने के लिए प्रभावी ब्रांड सुरक्षा सेवाएँ उपलब्ध हैं। समय पर उपचारात्मक गतिविधियों के साथ सभी प्रणालियों के लिए जोखिम और भेद्यता मूल्यांकन अभ्यास नियमित रूप से किए जाते हैं। सुरक्षा जागरूकता अभियान, विशेष रूप से सोशल इंजीनियरिंग के संबंध में, पूरे बैंक में आयोजित किये जाते हैं जिसमें कर्मचारियों के साथ-साथ ग्राहकों को शामिल किया जाता है तथा सीखने और संचार के विभिन्न चैनलों का प्रयोग किया जाता है।

15. थर्ड पार्टी उत्पाद:

बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण विनियम 2015 के अनुसार बैंक, जीवन बीमा, सामान्य बीमा और स्टैंडअलोन स्वास्थ बीमा श्रेणी के तहत तीन बीमा कंपनियों के लिए अलग-अलग कॉर्पोरेट एजेंट के रूप में कार्य कर सकते हैं। वर्तमान में बैंक ने दो जीवन बीमा कंपनियों, तीन सामान्य बीमा कंपनियों और तीन स्टैंडअलोन स्वास्थ बीमा कंपनियों के साथ टाई-अप व्यवस्था की है।

म्युचुअल फंड के विषय पर, बैंक दो प्रकार की विधि कार्यान्वयन विधि और परामर्शी विधि अपनाकर म्युचुअल फंड उत्पाद का वितरण कर सकता है। हमारे बैंक द्वारा म्युचुअल फंड उत्पाद के वितरण के लिए कार्यान्वयन विधि अपनाई गई है।

म्युचुअल फंड कारोबार, जो कि एक खुली संरचना है, में बैंक एक से अधिक टाईअप व्यवस्था कर सकता है। हमारे बैंक ने भी म्युचुअल फंड उत्पाद वितरण के लिए कई आस्ति प्रबंधन कंपनियों के साथ टाईअप समझौता किया है।

बैंक-बीमा और म्युचुअल फंड एएमसी के उत्पाद और सेवाएं प्रस्तुत करते समय, बैंक आरबीआई/आईआरडीएआई/एएमएफआई/एसईबीआई या किसी अन्य नियामक जो उस पर बाध्यकारी है, के संगत दिशानिर्देशों का पालन करता है।

प्रत्येक श्रेणी के अंतर्गत विभिन्न बीमा कंपनियों और म्युचुअल फंड एएमसी के साथ बैंक का मौजूदा टाई अप निम्नलिखित है -

मौजूदा टाई अप :-

क्र.सं.	उत्पाद	टाई अप पार्टनर
1	जीवन बीमा	1) स्टार यूनियन दाई-इची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. 2) भारतीय जीवन बीमा
2	सामान्य बीमा	1) रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि. 2) बजाज अलायन्स जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि. 3) फ्यूचर जनरली इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लि.
3	स्वास्थ्य बीमा	1) स्टार हेल्थ एंड अलायन्स इंश्योरेंस कंपनी लि. 2) केयर हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लि. 3) निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लि.
4	म्युचुअल फंड	एएमसी का नाम 1. बीओआई स्टार इन्वेस्टमेंट मैनजर्स प्रा. लि. (पूर्व में बीओआई एक्सा इन्वेस्टमेंट मैनजर्स प्रा. लि. 2. यूटीआई एसेट मैनेजमेंट कंपनी प्रा.लि. 3. एचडीएफसी एसेट मैनेजमेंट कंपनी प्रा.लि. 4. कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी प्रा.लि. 5. फ्रैंकलिन टेम्पलेटन एसेट मैनेजमेंट कंपनी प्रा.लि. 6. आईडीबीआई एसेट मैनेजमेंट कंपनी प्रा.लि. 7. डीएसपी म्युचुअल फंड(पूर्व में डीएसपी ब्लैक रॉक इन्वेस्टमेंट मैनजर्स प्रा. लि.) 8. आदित्य बिरला सन लाइफ म्युचुअल फंड (पूर्व में बिरला सन लाइफ एसेट मैनजर्स प्रा. लि.) 9. निप्पॉन इंडिया म्युचुअल फंड(पूर्व में रिलायंस म्युचुअल फंड) 10. एसबीआई फंड मैनेजमेंट प्रा. लि.

16. विपणन एवं प्रचार-प्रसार:

बैंक ऑफ इंडिया ने, प्रचारप्रसार एवं जन संपर्क संबंधी विभिन्न कार्यनीतियां लागू की हैं, जिनसे बैंक की लक्ष्यता में सुधार होगा तथा आम जनता, ग्राहकों एवं सभी स्टेक होल्डरों में ब्रांड के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। इसके संधारणीय ब्रांड रीकॉल के लिए इन समग्र विपणन कार्यविधियों, प्रचार एवं जनसंपर्क गतिविधियों का उद्देश्य आम जन तथा ग्राहकों पर प्रभाव डालना है ताकि उसका प्रयोग कारोबार वृद्धि में किया जा सके। बैंक ने अधिकाधिक जनसंख्या तक पहुँच बनाने के लिए सोशल मीडिया एवं डिजिटल मार्केटिंग कार्यविधियाँ अपनाई हैं। होर्डिंग, इलैक्ट्रानिक, डिजिटल, प्रिंट आदि जैसे उपलब्ध विभिन्न मीडिया के जरिये विभिन्न विज्ञापनों एवं संचार व्यवस्थाओं का प्रयोग कर समाज के सभी वर्गों की आवश्यकताओं का ध्यान रखने के लिए सभी स्थानों पर विपणन एवं जन-संपर्क को कार्यान्वित किया गया है। बैंक अपनी विपणन एवं जनसंपर्क कार्यविधियों में निरंतर कारोबार वृद्धि के लिए अपने विशिष्ट बिक्री गुण (यूएसपी) को विशिष्ट रूप से दर्शाना चाहता है। विपणन, प्रचार-प्रसार, विज्ञापन एवं जन-संपर्क जनता के बीच धारणीय ब्रांड रिकॉल में सहायक है तथा इसे ब्रांड की छवि बनाने में निवेश के तौर पर देखा जाता है।

17. कारोबार प्रक्रिया पुनर्विन्यास:

बीपीआर विभाग बैंक में मौजूदा प्रणालियों और प्रक्रियाओं के साथ-साथ चेंज मैनेजमेंट के अन्य पहलुओं जिसमें संगठनात्मक संरचना, उत्पाद एवं नीतियां शामिल हैं, को बेहतर बनाने के लिए कार्य करता है। वर्ष 2021-22 के दौरान की गई ग्राहक केंद्रित मुख्य पहलें निम्नलिखित हैं:-

वित्तीय वर्ष (2021-22) के दौरान परियोजना कार्य/पहलें :

- **दो एनबीजी और नौ नए अंचलों का गठन** : संभाव्य कारोबार अवसर प्राप्त करने, सुचारू कार्य व्यवस्था, बेहतर निगरानी और ग्राहकों तक पहुँच के लिए दो नए एनबीजी- एनबीजी चंडीगढ़ और एनबीजी-दक्षिण II (हैदराबाद) तथा नौ नए अंचल यथा गया, सिवान, गोरखपुर, हरदोई, बारासात, धार, दिल्ली-एनसीआर, बारिपदा और तिरुअनंतपुरम बनाए गए हैं।

- **क्षेत्र प्रबंधक कार्यालय (एएमओ) संरचना की समीक्षा** : अंचलों के पुनर्गठन के साथ-साथ हमने वर्तमान क्षेत्र प्रबंधक कार्यालयों (एएमओ) की संरचना की समीक्षा की है और ऐसे कार्यालयों की उपयुक्त संख्या 21 करने में समर्थ रहे हैं। वर्तमान 21 एएमओ का गठन दूरस्थ स्थानों तक पहुँच बनाने और तीव गति से निर्णय लेने हेतु संबद्ध अंचलों की सहायता करने के लिए किया गया है। इससे क्षेत्र प्रबंधक कार्यालय (एएमओ) ग्राहकों तक पहुँचने तथा कारोबार ओरिएंटेशन के नजरिए से अधिक प्रभावी हो गए हैं।

- **बैंक के उत्पाद और प्रक्रिया पुनर्विन्यास के लिए नीतिगत दस्तावेज:** हमारे बैंक में उत्पादों एवं प्रक्रिया पुनर्विन्यास के लिए नीति बनाई गयी है ताकि हमारे उत्पाद/प्रक्रियाएं अधिक ग्राहक हितैषी होने के साथ समग्र कारोबार के अनुसार सहज रूप से मजबूत वृद्धि लायक बने।

- **नए प्रभाग की स्थापना** : बेहतर ग्राहक सेवा दिए जाने, नए उत्पाद प्रस्तुत करने और बैंक के सुचारू कामकाज के लिए बैंक की मौजूदा एवं नई नीतियों की समीक्षा करने तथा उन्हें मूल्यवान बनाने के लिए नीति प्रभाग का सृजन किया गया है।

- **सेवा प्रभारों का रेशनलाइजेशन** : ग्राहकों की अनुकूलता, डिजिटलीकरण को प्रोत्साहित करने और उद्योग की प्रतिस्पर्धा के दौर को ध्यान में रखते हुए सेवा प्रभारों का युक्तिसंगत बनाया गया है।

- **स्टार परामर्श- परिचालन संबंधी/व्यावहारिक सुझाव फील्ड स्तर से प्राप्त करने हेतु स्टाफ परामर्श योजना:** सम्मेलन, कॉन्क्लेव एवं प्रशिक्षण केंद्रों सहित सभी फोरम पर परिचालात्मक कुशलता एवं प्रभावकारी सेवाओं के लिए स्टाफ द्वारा दिए गए सभी विचारों एवं सुझावों को शामिल करने के लिए योजना में विस्तार किया गया है। वर्ष के दौरान प्राप्त 464 सुझावों में से 18 का कार्यान्वयन के लिए चयन किया गया एवं 2 स्टाफ सदस्यों को पुरस्कृत किया गया।

18. विधि एवं सूचना का अधिकार अधिनियम

बैंक का विधि विभाग सपोर्ट विभाग के रूप में कार्य करता है तथा प्रधान कार्यालय के विभिन्न कार्यात्मक विभागों में सामने आने वाले मामलों पर सलाह, प्रलेखीकरण, मुकदमों इत्यादि के संबंध में प्लैटफार्म उपलब्ध कराता है।

विभिन्न एनबीजी/अंचलों, घरेलू शाखाओं/विदेशी शाखाओं तथा बैंक की अनुषंगियों द्वारा संदर्भित मामलों पर कार्रवाई करने के अतिरिक्त यह विभाग विभिन्न संविदाओं/सेवा स्तरीय करारों (एसएलए), सॉफ्टवेयर/हार्डवेयर खरीद, विभिन्न प्रकार की टाई-अप व्यवस्था/नये उत्पाद इत्यादि के प्रलेखों की ड्राफ्टिंग/वेटिंग के द्वारा विशेषज्ञ विभागों जैसे सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, अंतरराष्ट्रीय विभाग, कोषागार विभाग, डिजिटल बैंकिंग विभाग, कार्ड उत्पाद विभाग, संव्यवहार बैंकिंग विभाग इत्यादि विशेषज्ञ विभागों की आवश्यकता भी पूरी करता है।

सूचना के अधिकार ने समाज में महत्वपूर्ण स्थान अर्जित किया है तथा विभिन्न स्तरों पर बैंक के द्वारा विभिन्न आवेदन प्राप्त किये जाते हैं। बैंक ने विभिन्न अंचलों/एनबीजी में केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी तथा अपीलीय अधिकारी निर्धारित किये हैं। विधि विभाग के उप महाप्रबंधक (विधि), प्रधान कार्यालय को बैंक का सीपीआईओ नामित किया गया है तथा महाप्रबंधक, विधि विभाग को अपीलीय प्राधिकारी नियुक्त किया गया है। आवेदन या अपील को निपटाने की प्रक्रिया यह है कि विभिन्न विभागों से वांछित जानकारी एकत्र की जाती है तथा 30 दिनों की निर्धारित अवधि के दौरान उसे आवेदकों को प्रस्तुत किया जाता है। इसके अतिरिक्त अन्य अंचलों/एनबीजी का भी मार्गदर्शन दिया जाता है।

इसके अतिरिक्त स्टाफ सदस्यों के बीच जागरूकता उत्पन्न करने के लिए विधि विभाग, विधियों में संशोधन तथा नये विधानों पर एनबीजी/अंचलों को परिपत्र जारी करता है।

उपर्युक्त के अतिरिक्त विधि विभाग निम्नलिखित से संबंधित कार्य भी करता है

- बैंक द्वारा दायर वादों के संबंध में वाद पत्र का अनुमोदन तथा वैसे वादों की निगरानी करना।

- बैंक के विरुद्ध दायर रिट, वादों, अपीलों, दावों इत्यादि पर परामर्श देना, आवेदनों/शपथ पत्रों इत्यादि, जहाँ भी लागू हों, उनकी जाँच करना।
- विभिन्न अधिनियमों पर विचाराधीन संशोधनों/नये विधानों सहित विभिन्न मामलों पर मंत्रालय, भारतीय रिज़र्व बैंक तथा आईबीए के विभिन्न प्रश्नों का उत्तर देना।
- शेयर विभाग के शेयर अंतरण मामले पर राय देना।
- बैंक के विरुद्ध वाद/बैंक के विरुद्ध ऐसे दावे जिन्हें ऋण के रूप में नहीं स्वीकार किया गया है/प्रावधान आवश्यकताएं/अंचलों के साथ अनुवर्ती कार्रवाई इत्यादि।
- वाद दाखिल/डिक्री किए गए मामलों से संबंधित डाटा/सांख्यिकी एकत्रित तथा संकलित करना तथा विभिन्न प्राधिकारियों जैसे भारतीय रिज़र्व बैंक, वित्त मंत्रालय इत्यादि को प्रस्तुत करना। इसके अतिरिक्त विधि विभाग आरबीएस डाटा से संबंधित कार्रवाई भी करता है।

19. अनुपालन:

बैंक में एक स्वतंत्र अनुपालन विभाग है जिसकी अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक स्तर के अधिकारी द्वारा की जाती है। इन्हें नियामक उद्देश्यों के लिए मुख्य अनुपालन अधिकारी के रूप में भी जाना जाता है। विभाग का मुख्य कार्य घरेलू और विदेशी दोनों परिचालनों के लिए सांविधिक, विनियामक और बैंक के आंतरिक दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करना है। विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक के लिए संपर्क का एकल बिंदु है और प्रचलित एसपीएआरसी ढांचे के अनुसार आरबीएस का सुचारू संचालन सुनिश्चित करता है।

बैंक के पास बोर्ड द्वारा अनुमोदित अनुपालन कार्य नीति है जिसे भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार तैयार किया जाता है और इसकी वार्षिक समीक्षा और इसके अद्यतन का कार्य किया जाता है। यह नीति निम्नलिखित घटकों से संबंधित है: i) प्रशासन ii) अनुपालन जोखिम मूल्यांकन iii) नीतियां, प्रक्रिया और संबंधित नियंत्रण iv) अनुपालन निगरानी और परीक्षण v) रिपोर्टिंग और संप्रेषण vi) अनुपालन में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी का प्रशिक्षण और उपयोग और vii) विनियामक संपर्क और समन्वय।

अनिश्चितता से निपटने और जोखिमों का प्रबंधन करने के लिए, सही उपकरण के होने से, हम ज्ञात और अज्ञात के संबंध में, रणनीति को तेज कर सकते हैं, प्रदर्शन में सुधार कर सकते हैं, निर्णय लेने के लिए अधिक अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकते हैं, और समय के साथ, प्रभावशीलता सुनिश्चित कर सकते हैं। इसलिए, अनुपालन विभाग ने पारदर्शिता, प्रभावकारिता, निगरानी और प्रभावशीलता में सुधार के लिए अनुपालन कार्य में प्रौद्योगिकी को अपनाया है। अनुपालन विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों/अनुदेशों के अनुपालन और संधारणीय जांच के अनुरूप समय-समय पर परीक्षण का कार्य भी कर रहा है।

अनुपालन विभाग, उन विदेशी प्रतिष्ठानों के अनुपालन कार्य की भी निगरानी कर रहा है जो अपनी संबंधित क्षेत्र आधारित अनुपालन नीतियों के साथ-साथ केवाईसी-एएमएल-सीएफटी नीतियों का पालन करते हैं। प्रत्येक विदेशी केंद्र/शाखा/अनुषंगी के पास संबंधित अनुपालन कार्य की देखभाल करने के लिए एक अनुपालन अधिकारी होता है। विदेशी शाखाएं, लागू नियामक आवश्यकताओं (स्वदेश / मेजबान देश नियामक दिशानिर्देश, जो भी कठोर हो) का पालन करती हैं और पुष्टिकरण / अनुपालन निरंतरता रिपोर्ट प्रस्तुत करती हैं। प्रत्येक विदेशी शाखा का अनुपालन अधिकारी, त्रैमासिक, अनुपालन परीक्षण करता है और प्रधान कार्यालय को रिपोर्ट प्रस्तुत करता है।

संव्यवहार निगरानी और केवाईसी एएमएल विभाग को बैंक में अपने ग्राहक को जानो (केवाईसी)/एंटी मनी लॉन्ड्रिंग (एएमएल) उपायों/आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला (सीएफटी) दिशानिर्देशों के कार्यान्वयन/निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएल अधिनियम) के उपबंधों और इसमें बाद के संशोधनों और इसके अंतर्गत बनाए गए नियमों तथा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, बैंक ने बोर्ड द्वारा अनुमोदित केवाईसी/एएमएल/सीएफटी नीति लागू की है जिसे भारत में शाखाओं द्वारा अपनाया जाता है। विभाग नियमित आधार पर स्टाफ सदस्यों को केवाईसी/एएमएल और इसके संबंधित अनुपालन पहलुओं पर, प्रशिक्षण प्रदान करना भी सुनिश्चित करता है। संव्यवहार निगरानी अनुभाग की अध्यक्षता करने वाले महाप्रबंधक को ठधन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएल अधिनियम) की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रधान अधिकारी के रूप में नामित किया गया है।

20. राजभाषा:

बैंक में एक सुस्थापित राजभाषा विभाग है जो भारत सरकार की राजभाषा नीति से संबंधित प्रावधानों के कार्यान्वयन तथा हिन्दी के प्रगामी प्रयोग को सुनिश्चित करता है। इस हेतु भारत सरकार के वार्षिक कार्यक्रम के अनुरूप हमारे बैंक द्वारा वार्षिक कार्य-योजना जारी की गई। ''आजादी के अमृत महोत्सव'' को ध्यान में रखते हुए देश के स्वतंत्रता संग्राम पर एक पुस्तिका का विमोचन हमारे एमडी एवं सीईओ द्वारा 15 अगस्त 2021 को किया गया। ''ब्रिटिश सरकार द्वारा प्रेमचंद की जब्तशुदा कहानियों का सारांश एवं उनका अध्ययन'' नामक पुस्तिका प्रधान कार्यालय द्वारा प्रकाशित कराई गई। अंचलों द्वारा भी मराठी, असमिया, तेलगू, तमिल, कन्नड़, ओडिया आदि क्षेत्रीय भाषाओं से संबंधित संदर्भ साहित्य तैयार किये गए। कार्यपालक निदेशक महोदय द्वारा राजभाषा पोर्टल पर क्षेत्रीय संदर्भ साहित्य खंड का उद्‌घाटन किया गया। विभिन्न बैंकिंग तथा आर्थिक विषयों पर अंचलों तथा प्रधान कार्यालय द्वारा संगोष्ठियों का आयोजन किया गया। विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर हमारे जापान केन्द्र द्वारा टोक्यो स्थित भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित कार्यक्रम को सह प्रायोजित किया गया। हमारे 18 अंचलों तथा शाखाओं को नराकास से पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। वर्ष के दौरान बैंक ने 190 हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन किया है जिसमें 5005 स्टाफ सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया है। स्टाफ सदस्यों के लिए ''राजभाषा अनुवाद'' नामक ई-लर्निंग मॉड्यूल तैयार एवं एचआरएमएस में अपलोड किया गया है। प्रधान कार्यालय के विभागों हेतु हिन्दी ई-मेल प्रतियोगिता तिमाही आधार पर पूरे वर्ष चलाई गई है। 15 अगस्त से 14 सितम्बर, 2021 तक हिन्दी माह मनाया गया। प्रधान कार्यालय के विभागों एवं अंचलों हेतु "राजभाषा शील्ड प्रतियोगिता" आयोजित की गयी। प्रधान कार्यालय द्वारा प्रत्येक सप्ताह किसी सुप्रसिद्ध व्यक्तित्व पर लेख, समस्त कार्यालयों/शाखाओं को राजभाषा हिन्दी में भेजे जाते हैं। बैंक, सरकार द्वारा निर्धारित 12 नराकास के संयोजन का दायित्व सफलतापूर्वक निभा रहा है।

21. मानव संसाधन, अध्ययन एवं विकास और गृहपत्रिका

मानव संसाधन:

वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान बैंक ने विभिन्न वेतनमान में 1,157 सामान्य बैंकिंग और विशेषज्ञ अधिकारी तथा 1,861 लिपिक वर्ग में तैनाती की है। वित्तीय वर्ष-22 के दौरान बैंक की 887 स्टाफ अधिकारी और 2,406 लिपिक स्टाफ भर्ती करने की योजना है।

- महामारी के बाद के परिदृश्य में, नवाचार की आवश्यकता संगठनात्मक उद्देश्यों को प्राप्त करने की कुंजी प्रतीत होती है। कोविड के शुरु होने और बाद में, हमने अपने ग्राहकों को वित्तीय उत्पाद वितरित करने और विविध एचआर पहल के माध्यम से लगातार कारोबार निरंतरता जारी रखने के लिए आवश्यकताओं को स्वीकार करने और प्रतिक्रिया देने के हमारे प्रयासों को बनाए रखा है।

- एचआर में निर्णय लेने का उद्देश्य विफलता और पूर्वाग्रह की संभावना को कम करने के लिए अधिक डेटा संचालित करना है। बैंक का उद्देश्य निर्माण क्षमता और लगातार अध्ययन और विकास के माध्यम से निरंतरता प्राप्त करना है।

- बैंक द्वारा की गई विविध एचआर पहलों में शामिल है:

  - ➢ महत्वपूर्ण भूमिका में उत्तरवर्ती आयोजना
  - ➢ कार्यनिष्पादन प्रबंधन प्रणाली
  - ➢ विकसित संवाद
  - ➢ प्रतिभा प्रबंधन
  - ➢ नेतृत्व विकास
  - ➢ कर्मचारी नियुक्ति सर्वेक्षण (स्टार अन्वेषण) और
  - ➢ वरिष्ठ कार्यपालकों के बीच 360 डिग्री फीड बैंक सर्वेक्षण

- बैंक ने पाठ्यकम सुधार फीड बैंक और इसके बाद कार्रवाई को सक्षम करने के लिए कर्मचारी कार्यनिष्पादन के वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन को प्राप्त करने के लिए प्रणाली संचालित तंत्र स्थापित किया है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में, हमारे बैंक में कार्यनिष्पादन प्रबंधन प्रणाली (पीएमएस) कारोबार विस्तार हेतु आबंटित 70% अंक से अधिक के साथ बजट मूल्यांकन पर आधारित थी जिसमें मापने के केआरए हेतु 50% वेटेज वाले ऑटो पॉप्लैटेड एवं गैर बजट मूल्यांकन शामिल है। बचत मूल्यांकन में, लक्षित/बजट आँकडे फिनेकल से लिये जा रहे हैं और वित्तीय वर्ष 2019-20 से वास्तविक कार्य निष्पादन के विषय में बजट लक्ष्य से तुलना की जा रही है। बैंक का वर्तमान प्रयास मूल्यांकन के गैर बजट मापदण्ड को मापने की डिग्री में वृद्धि करना भी है।

- उत्तराधिकार नियोजन के क्षेत्र में हमारा प्रयास महत्वपूर्ण क्षेत्रों (कॉरपोरेट ऋण, ऋण निगरानी, वसूली कोषागार, जोखिम प्रबंधन, अंतरराष्ट्रीय प्रभाग सूचना प्रौद्योगिकी, आईटीईएस एवं एचआरडी) और साथ ही आनेवाले नए क्षेत्रों जैसे चिन्हित किए गए महत्वपूर्ण भूमिका की तुलना में पात्रता की मैपिंग माध्यम से अवसंरचना वित्तीय सहायकता और वित्तीय समावेश में कौशल कमी के अंतर को व्यवस्थित ढंग से कम करना है।

- प्रतिभा प्रबंधन क्षेत्र में, एकाग्र प्रतिभा समीक्षा एवं विकास प्रक्रिया, यह सुनिश्चित करने के लिए की जा रही है कि इन भूमिकाओ में वर्तमान पदाधिकारी एवं सामर्थ्यवान कर्मचारियों को समय पर इन भूमिकाओं को ग्रहण करने के लिए उपयुक्त रूप से प्रशिक्षित एवं तैयार किया जाए।

- बैंक में नई भर्तियों का अधिक एकीकरण में सक्षम बनाने के लिए हमारे पास एकीकृत ऑन बॉर्डिंग प्रक्रिया है। प्रशिक्षण प्रणाली को परिचालन उन्मुख बनाने, बैंकिंग क्षेत्र के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रतिभा पूल बनाने, योग्यता के अंतर को कम करने प्रशिक्षण प्रणाली को प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रत्येक प्रशिक्षण के लिए ऋण निर्धारित करने के संदर्भ में प्रशिक्षण को अधिक सार्थक बनाने के लिए कार्यपालकों हेतु भूमिका संबंधी प्रशिक्षण एवं फिर से तैयार किया जा रहा है।

- पेपरलेस एचआर की दिशा में और स्टाफ सदस्यों को परेशानी मुक्त सेवाएं प्रदान करने के लिए, निम्नलिखित डिजिटलीकरण पहलों को लागू किया है -

  - ➢ ग्रेच्युटी नामांकन को ऑनलाइन स्वीकार करना
  - ➢ वीआरएस/त्यागपत्र पर पीएफ/ग्रेज्युटी/आईएमएएस हेतु आवेदन
  - ➢ जीवन प्रमाणपत्र के अद्यतन को सरल बनाना
  - ➢ ऑन-लाइन पेंशन आवेदन और उक्त की प्रोसेसिंग करना
  - ➢ सिस्टम/ई मेल के माध्यम से फॉर्म-16 प्रेषित करना
  - ➢ डीसीपीएस अपडेशन को सरल बनाना।
  - ➢ प्रबंधन हेतु निवेश डैशबोर्ड
  - ➢ शिकायत प्रबंधन
  - ➢ डीएमएस का कार्यान्वयन
  - ➢ कागजी प्रक्रिया को कम करना
  - ➢ कर्मचारी शिकायत (यौन उत्पीड़न अधिनियम निवारण के तहत शिकायतों सहित) सुधार प्रणाली
  - ➢ व्हिसल ब्लोअर नीति
  - ➢ एचआर लेखा परीक्षा

- जॉब फैमिली धारणा को जॉब विशिष्टीकरण बनाने और बैंकिंग परिचालन एवं क्षमता विकसित करने के विभिन्न क्षेत्रो में एक्सपोजर सरल बनाने के लिए लागू किया गया है।

- चूंकि अंतिम दो वर्ष से, जो अधिकारी इच्छुक है और विशिष्ट क्षेत्रों जैसे ऋण जोखिम प्रबंधन कोषागार इत्यादि में कार्य करने का ज्ञान है उनकी 'स्टार हंट' योजना के माध्यम से पहचान की जा रही है। स्टार

हंट के तहत, इच्छुक अधिकारी ने उपर्युक्त वर्टिक हेतु आवेदन किया है, और उनका चयन लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार पर आधारित है। चयन के बाद, ऐसे अधिकारियों को वर्टिकल में प्रशिक्षित किया है, उनके चयन पर उन्हें पहचान किए गए क्षेत्रों में नियुक्त किया गया है।

- पहचान की गए क्षमताओं का मूल्यांकन करने के लिए वेतनमान IV, V और VI में अधिकारियों हेतु विकास केन्द्र चलाया जा रहा है। मूल्यांकन हेतु कुल लगभग 1900 अधिकारियों की पहचान की गई है और क्षमताओं का मूल्यांकन लगभग 1200 अधिकारियों हेतु पूरा कर लिया गया है। चयनित व्यक्तिगत मूल्यांकन स्तर को कर्मचारियों के व्यक्तिगत डेटा में दर्ज किया गया है, और उत्तरवर्ती आयोजना हेतु इनपुट में से एक के रूप में प्रयोग किया जा सकता है। प्रशिक्षण के माध्यम से क्षमताओं, विकास के मूल्यांकन पर व्यक्तिगत रूप से अधिकारियों की पहचान की गई क्षमताओं में सुधार शुरू करना होगा। नेतृत्व विकास कार्यक्रमों को एएससीआईआरई (एडमिनिस्ट्रेटिव स्टॉफ कॉलेज ऑफ इंडिया) हैदराबाद और आईएमआई (इंटरनेशनल मैनेजमेंट संस्था) नई दिल्ली में वेतनमान V और उससे अधिक के अधिकारियों हेतु शुरू किया गया।

- ऋण, विदेशी मुद्रा, जोखिम प्रबंधन, अनुपालन आदि जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में काम करने वाले अधिकारियों के लिए, क्रिसिल, आईआईबीएफ, सीएबी आदि जैसे बाहरी प्रशिक्षण संस्थानों के सहयोग से अनुकूलित प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किए गए हैं। महिला अधिकारियों के लिए अनुकूलित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। प्रतिभा का एक पूल बनाने के लिए, मणिपाल ग्लोबल एकेडमी में विदेशी मुद्रा संचालन के क्षेत्र में कुल 60 लिपिक कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया है।

- अनुशासनात्मक कार्यवाही से गुजरने वाले या किसी भी कारण से अच्छा प्रदर्शन नहीं करने वाले अधिकारियों को प्रेरित करने के प्रयासों के एक भाग के रूप में, हमने सकारात्मक मनोविज्ञान चिकित्सकों के माध्यम से दीर्घकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों की व्यवस्था की है।

- स्व-शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए पहचाने गए संस्थानों के साथ-साथ एमओओसीएस के तहत कई पाठ्यक्रमों को बैंक की क्षमता निर्माण और शुल्क योजनाओं की प्रतिपूर्ति में शामिल किया गया था, जहां पाठ्यक्रम को पूरा करने के लिए कुछ नकद प्रोत्साहन के साथ अधिकारियों को शुल्क की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

- बैंक का उद्देश्य बैंक द्वारा शुरू की गई विभिन्न मानव संसाधन पहलों का निर्बाध कार्यान्वयन सुनिश्चित करना है जैसे कर्मचारी जुड़ाव सर्वेक्षण, 360 डिग्री प्रतिक्रिया, नौकरी परिवार, उत्तराधिकार योजना और प्रतिभा प्रबंधन प्रक्रिया और किसी भी अन्य सरकारी निर्देश की परिकल्पना पीएसबी सुधार एजेंडा में बढ़ी हुई पहुंच और सेवा उत्कृष्टता के लिए (ईएएसई)।

- बैंक ने नैतिकता और नैतिक मूल्यों पर आधारित संगठन और किसी भी तरह के पक्षपात/भेदभाव से मुक्त कार्य वातावरण सुनिश्चित करने के लिए “बैंक ऑफ इंडिया आचार संहिता और हितों के टकराव की नीति” लागू की है, जिसमें किसी भी तरह के यौन उत्पीड़न के लिए शून्य सहिष्णुता शामिल है।

- हमारे बैंक ने कर्मचारी जुड़ाव सर्वेक्षण और 360 डिग्री फीडबैक सर्वेक्षण पूरा कर लिया है और जल्द ही संबंधित सर्वेक्षणों में बताए गए फोकस क्षेत्रों को लागू करेगा। सभी स्तरों पर आवश्यक दक्षताओं और कौशल सेटों के साथ जनशक्ति रखने के लिए व्यापक प्रशिक्षण और विकास पहल के माध्यम से मौजूदा कौशल का आवश्यक उन्नयन जारी रहेगा।

- प्रतिभा को आकर्षित करने के लिए बैंक का टैलेंट इंडक्शन मॉडल और साथ ही व्यवसाय की वृद्धि और प्रतिभा के निरंतर प्रतिस्थापन/पुन:पूर्ति के अनुरूप गुणात्मक हेड काउंट में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित करना।

- ई-लर्निंग ने कोविड महामारी की स्थिति के बीच शिक्षित और अद्यतन करने में सहायता की है। इसे तदनुसार विकसित और उपयुक्त मॉड्यूल के माध्यम से अद्यतन किया जा रहा है। पहचान किए गए ई-लर्निंग मॉड्यूल के पूरा होने पर प्रदर्शन मूल्यांकन में वेटेज दिया जाता है। हमारा उद्देश्य ई-लर्निंग सिस्टम की प्रगति को बढ़ावा देना और उसकी निगरानी करना है और इसे प्रदर्शन मूल्यांकन और संवर्धन प्रक्रिया से जोड़ना है।

- निष्पादन मूल्यांकन में 100 अंकों (पूरी तरह से मापने योग्य) का बजटीय मूल्यांकन शामिल होगा, जिसमें से 80 अंक व्यावसायिक आयाम का गठन करेंगे जो ऑटो-पॉप्युलेट होगा। गैर-बजटीय, मूल्यांकन में 100% मापने योग्य होगा।

- हम सभी प्रकार के भेदभाव को समाप्त करने की दिशा में अपने बैंक में समान अवसर नीति के सख्त अनुपालन और कार्यान्वयन के लिए प्रतिबद्ध हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि विकलांग व्यक्ति समानता, गरिमा प्राप्त करें और दूसरों के समान प्रदर्शन करने के लिए सशक्त और बेहतर सुसज्जित हों।

- वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक ने राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय स्तर के 23 खिलाड़ियों की भर्ती की है। यह बड़े गर्व की बात है कि खिलाड़ी कर्मचारियों ने विभिन्न स्तरों पर देश के साथ-साथ बैंक का भी प्रतिनिधित्व किया है। इनमें सुश्री निखत ज़रीन, अमोज जैकब और निरंजन मुकुंदन ने देश और बैंक का नाम रौशन किया है।

एससी/एसटी/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूडी/भूतपूर्व-सैनिकों के प्रतिनिधित्व के लिए आरक्षण नीति का अनुपालन:

बैंक भारत सरकार की आरक्षण नीति का कड़ाई से पालन कर रहा है। प्रधान कार्यालय के साथ-साथ सभी आंचलिक कार्यालयों में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए अलग कक्ष स्थापित किया गया है जो आरक्षण नीति को लागू करने और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के कर्मचारियों से संबंधित शिकायतों

के निवारण में विशेष ध्यान रखता है।

महाप्रबंधक के रैंक में अलग-अलग कार्यकारी अधिकारियों को क्रमश: एससी/पीडब्ल्यूडी/भूतपूर्व-सैनिक, एसटी और ओबीसी के लिए मुख्य संपर्क अधिकारी के रूप में नियुक्त किया जाता है। इसी प्रकार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के अधिकारियों को आंचलिक कार्यालय में कक्ष/संपर्क अधिकारी के रूप में नामित किया गया है।

बैंक में आर्थिक रूप से कमजोर (ईडब्ल्यूएस) वर्गों के लिए सीधी भर्ती में आरक्षण 01 फरवरी 2019 से लागू किया गया था।

तिमाही बैठकें

बैंक प्रधान कार्यालय में अखिल भारतीय अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग कर्मचारी कल्याण संघ के प्रतिनिधियों के साथ नियमित रूप से तिमाही बैठकें आयोजित करता है। साथ ही इस तरह की बैठकें हमारे सभी आंचलिक कार्यालयों में तिमाही रूप से आयोजित की जाती हैं।

रोस्टरों

पदों के सभी समूहों अर्थात ग्रुप ए से ग्रुप डी के लिए सीधी भर्ती के माध्यम से की गई नियुक्तियों के रखरखाव के लिए पोस्ट आधारित रोस्टर रजिस्टर वार्षिक आधार पर तैयार किए जाते हैं। पदोन्नति के मामले में, स्केल- III तक अलग रोस्टर रजिस्टर बनाए जाते हैं। वित्तीय सेवा विभाग द्वारा निर्धारित प्रारूप के अनुसार रोस्टर रजिस्टर तैयार किए जाते हैं।

यथा 31.03.2022 तक अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ईडब्ल्यूएस कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व:

संवर्ग	एससी	कुल स्टाफ का %	एसटी	कुल स्टाफ का %	ओबी	कुल स्टाफ का %	ईडब्ल्यूएस	कुल स्टाफ का %	कुल
अधिकारी	4516	18.15	2198	8.83	7166	28.8	228	0.92	24880
लिपिक	3149	15.23	2470	11.95	5568	26.93	416	2.01	20678
अधीनस्थ	2119	33.81	737	11.76	1657	26.44	--	--	6267
कुल	9784	18.88	5405	10.43	14391	27.77	644	1.24	51825

अध्ययन एवं विकास:

यह एक अलग स्वतंत्र विभाग है जो क्षमता निर्माण सहित देशभर के संपूर्ण प्रशिक्षण महाविद्यालयों, एमडीआई एवं सभी संबंधित गतिविधियों का प्रभार रखता है। अध्ययन एवं विकास विभाग द्वारा आंतरिक प्रतिभा विकास एवं कक्षा के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है। बैंक अपने कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए हाइब्रिड मोड का उपयोग स्वीकार किया है। बैंक के 7 प्रशिक्षण महाविद्यालयों ने हाइब्रिड मोड का उपयोग करते हुए वित्तीय वर्ष के दौरान 30000 से अधिक कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया है। बैंक, कर्मचारियों की क्षमताओं को बढ़ाने तथा विभिन्न खण्डों में लगातार बदलती कारोबार परिस्थितियों को पूरा करने के लिए सही कौशल एवं ज्ञान से सुसज्जित करने के लिए ई-लर्निंग मॉड्यूल का उपयोग कर रहा है। 21000 से अधिक अधिकारियों ने विभिन्न ई-लर्निंग मॉड्यूल उत्तीर्ण किए हैं। स्टाफ सदस्यों की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए बैंक ने प्रशिक्षण संस्थाओं जैसे मणिपाल ग्लोबल, आईएमआई नई दिल्ली, एएससीआई हैदराबाद, सीएबी पुणे इत्यादि के साथ अनेक समझौते किए हैं। बीबीबी के अनुदेशों के अनुसार, चयनित कार्यपालकों को आईआईएम में प्रशिक्षण हेतु नामित किया गया है। सीवीसी दिशा-निर्देशों के अनुसार, हाल में भर्ती हुए अधिकारियों के एक समान आरंभिक प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा नए अधिकारियों एवं मध्यम कैरियर अधिकारियों हेतु उपचारात्मक सतर्कता संबंधी कार्यक्रम भी बैंक द्वारा स्वीकार किए गए हैं।

बैंक की गृह पत्रिका 'तारांगण' :

वर्ष 1964 से हमारे बैंक की अपनी गृह पत्रिका रही है। और तब से हमारी घर पत्रिका बीओआई परिवार के लिए ज्ञान और मनोरंजन का स्रोत है। यह बीओआई के स्टाफ सदस्यों के लिए प्रतिभा-प्रदर्शन का एक माध्यम है। हमारे स्टाफ सदस्य लेखन एवं कला के क्षेत्र में अपने कौशल का प्रदर्शन करा सकते हैं। तारांगण में रोचक एवं अर्थपूर्ण लेख प्रकाशित किए जाते हैं जो पाठकों का मनोरंजन और ज्ञानवर्धन करते हैं।

तारांगण भी हमारे पाठकों को बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र से संबंधित विभिन्न विषयों पर अद्यतन ज्ञान प्राप्त करने में मदद करता है। अंचलों/शाखाओं/कार्यालयों/विदेशी केंद्रों में आयोजित विभिन्न गतिविधियों को भी तारांगण में स्थान दिया जाता है। तारांगण की डिजिटल प्रति अब स्टाफ पोर्टल, एचआरएमएस और अलम्नाई पोर्टल पर भी उपलब्ध है। अपनी लंबी एवं यादगार यात्रा के दौरान हमारी गृह पत्रिका ने अनेक पुरस्कार प्राप्त किए और बैंक का नाम रौशन किया है।

22. ग्राहक श्रेष्ठता शाखा बैंकिंग

बैंक ने बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति को अधिकारसम्पन्न बनाया है। यह शीर्ष स्तर की बोर्ड समिति है जो हमारे बैंक में ग्राहक सेवा का मूल्यांकन करने के लिए अधिकारसम्पन्न है।

ग्राहक सेवा पर बैंक की स्थायी समिति है जो बैंक के विभिन्न विभागों और बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति के मध्य ब्रिज के रूप में कार्य करती है।

बैंक ने विनियामकीय अपेक्षाओं के अनुसार एकल कॉमन डिजिटल प्लेटफॉर्म पर शिकायत पंजीकरण के बहु-चैनलों के एकीकरण के लिए प्रभावी निगरानी और समयबद्ध समीक्षा हेतु परिचालनगत शिकायत संबंध प्रबंधन (ओसीआरएम) को अपनाया है।

विनियामक अपेक्षाओं के अनुरूप विविध नीतियां जैसे कि ग्राहक अधिकार नीति, ग्राहक स्वीकार्यता, ग्राहक सेवा एवं ग्राहक पृथक्करण नीति और शिकायत निवारण नीति तैयार की गई है तथा विनियामक प्राधिकरणों के निदेशों/दिशानिर्देशों के अनुसार परिवर्तन करने के लिए समय-समय पर इनकी समीक्षा की जाती है। इन सभी नीतियों को सर्वजन हेतु वेबसाइट पर भी रखा गया है। पूर्णत:/आंशिक रूप से अस्वीकृत शिकायतों की समीक्षा करने एवं निर्णय देने के लिए हमने आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार आंतरिक लोकपाल नियुक्त किया है।

बैंक के दो पूर्ण विकसित कॉल सेंटर हैं जो एरोली (मुंबई) और बेगमपेट (हैदराबाद) में स्थित हैं। ये कॉल सेन्टर हमारे ग्राहकों/गैर ग्राहकों को 24x7x365 सहायता प्रदान कर रहे हैं।

हमारा बैंक पारदर्शी तरीके से उच्च स्तरीय सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा बैंक नियमित आधार पर ग्राहक अभिमुखता कार्यक्रम चलाता है और ग्राहकों को आवश्यक जानकारी प्रदान करने के लिए नियमित आधार पर ग्राहक बैठकों का आयोजन करता है ताकि उन्हें बैंक के द्वारा प्रस्तुत विविध बैंकिंग उत्पादों पर उचित निर्णय लेने में सक्षम बनाया जा सके।

23. शाखा नेटवर्क एवं विस्तार:

भौगोलिक रूप से भारत एवं विदेश में बैंक का शाखा नेटवर्क काफी विस्तृत है। 31.03.2022 की स्थिति के अनुसार, बैंक की भारत में 5105 शाखाएं थी। विदेशों में बैंक की 22 शाखाएं, 4 अनुषंगियाँ, 1 संयुक्त उद्यम एवं 1 प्रतिनिधि कार्यालय हैं तथा सभी टाइम जोन एवं वैश्विक स्तर पर सभी महत्वपूर्ण वित्तीय केन्द्रों पर बैंक की उपस्थिति है। वर्ष 2021-22 के दौरान, बैंक ने 25 नई शाखाएं खोली हैं। बैंक के शाखा नेटवर्क की संरचना निम्न प्रकार है:-

वर्ग	31.03.2021		31.03.2022	
	शाखाओं की संख्या	कुल का %	शाखाओं की संख्या	कुल का %
महानगरीय	991	19.49	991	19.41
शहरी	812	15.97	815	15.97
अर्ध-शहरी	1453	28.58	1462	28.64
ग्रामीण	1828	35.96	1837	35.98
कुल घरेलु शाखाएं	5084	100	5105	100
विदेशी शाखाएं	24		22	
कुल शाखाएं	5108		5127	

24. घरेलू अनुषंगी प्रबंधन प्रभाग

बैंक की घरेलू अनुषंगी/एसोसिएट/संयुक्त वेंचर

बीओआई शेयरहोल्डिंग लिमिटेड (बीओआईएसएल)

बीओआईएसएल में बैंक का निवेश रु.6.65 करोड़ है जो कि बैंक की 100% अनुषंगी है। बीओआईएसएल राष्ट्रीय प्रतिभूति निक्षेपागार लि(एनएसडीएल) और केंद्रीय निक्षेपागार सेवा (भारत) लि. (सीडीएसएल) दोनों निक्षेपागारों हेतु निक्षेपागार सहभागी (डीपी) के रूप में कार्य करता है।

बैंक ऑफ इंडिया स्टार इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स प्रा.लि. (बीएसआईएम) तथा

बैंक ऑफ इंडिया स्टार ट्रस्टी सर्विसेस प्रा.लि. (बीएसटीएस) (पूर्व में बीओआई एक्सए इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स प्रा.लि. बीओआई एक्सए ट्रस्टी सर्विसेस प्रा.लि.)

ये अनुषंगी, सेबी इन्वेस्टमेंट एडवाइज़र विनियमन के तहत म्यूचुअल फंड और पोर्टफोलियो प्रबंधन के कारोबार में हैं। बैंक ऑफ इंडिया रु.74.27 करोड़ के निवेश के साथ बीएसआईएम और बीएसटीएस में 100% शेयरधारक है।

बीओआई मर्चेंट बैंकर्स लि. (बीओआईएमबीएल)

बीओआई मर्चेंट बैंकर्स का 31.10.2014 को सामूहिक ऋण, बॉन्ड तथा डिबेंचर की व्यवस्था करने सहित मर्चेंट बैंकिंग कारोबार करने हेतु संस्थापित किया गया था। यह बैंक की रु.10 करोड़ की प्रदत्त पूंजी के साथ पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी है।

एसटीसीआई फाइनांस लि.

1994 में स्थापित एसटीसीआई फाइनांस लि. जमाराशि स्वीकार नहीं करने वाली एक गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी है। बैंक ऑफ इंडिया एसटीसीआई में रु.380 करोड़ की प्रदत्त पूंजी के साथ 29.96% (रु.130.10 करोड़ का निवेश) धारिता वाला सबसे बडा हितधारक है। एसटीसीआई प्राइमरी डीलर लि. (एसटीसीआईपीडी), एसटीसीआई फाइनांस लि. पूर्ण स्वामित्व की अनुषंगी है। एसटीसीआईपीडी ने 25 जून, 2007 से परिचालन शुरू किया तथा यह देश के अग्रणी डीलरों में से एक है।

स्टार यूनियन दाई-इची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. (सुड लाइफ)

अपने ग्राहकों को जीवन बीमा सेवाएं प्रदान करने के लिए बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया तथा दाई-इची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी जापान ने "स्टार यूनियन दाई-इची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी" का गठन किया है। कंपनी ने फरवरी, 2009 से बीमा कारोबार आरंभ किया। कंपनी में बीओआई की धारिता 28.96% (रु.75 करोड़ का निवेश) यूबीआई की धारिता 25.10% तथा दाई-इची लाइफ इन्टनैशनल होल्डिंग्स की अंतरराष्ट्रीय धारिता 45.94% है।

एएसआरईसी (इंडिया) लि.एएसआरईसी (इंडिया) लि. को जांच तथा आस्ति पुनर्गठन गतिविधियां करने के लिए यूनिट ट्रस्ट ऑफ इंडिया के विनिर्दिष्ट उपक्रम द्वारा शुरू किया गया था। कंपनी की रु.98 करोड़ की इक्विटी पूंजी में बैंक की हिस्सेदारी 26.02% (रु.27.60 करोड़ का निवेश) है।

निवेश/गठबंधन:

नेशनल एसेट रिकन्स्ट्रक्शन कंपनी लि. (एनएआरसीएल) - आईबीए ने बैंकिंग क्षेत्र में एनपीए समस्या के समाधन करने के लिए बैड बैंक स्थापित किया है। बैंक ने 9% धारिता के साथ कंपनी में रु.126.81 करोड़ का निवेश किया है।

इंडिया डेब्ट मैनेजमेंट कंपनी लि. (आईडीएमसीएल) - आईबीए ने क्षेत्रीय विशेषज्ञ और टर्न अराउंड विशेषज्ञ सहित एनएआरसीएल को डेब्ट मैनेजमेंट सर्विस प्रदान करने के लिए आईडीएमसीएल की भी स्थापना की गई है। बैंक ने 4% शेयर धारिता सहित कंपनी में रु.0.80 करोड़ का निवेश किया है।

नेशनल कोलेट्रल मैनेजमेंट सर्विसेस लि.(एनसीएमएल) को नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लि.(एनसीडीईएक्स) द्वारा प्रवर्तित है। यह प्रतिभूतियों तथा वस्तुओं के सुरक्षित प्रबंधन तथा नियंत्रण रखने के लिए संपार्श्विक प्रबंधन सेवाओं को बढावा देने तथा उपलब्ध कराने हेतु 28.09.2004 को निगमित हुआ। रु.3 करोड़ के निवेश के साथ कंपनी की इक्विटी पूंजी में बैंक की धारिता 2.34% है।

स्विफ्ट इंडिया डोमेस्टिक सर्विस प्रा. लि. एक संयुक्त उद्यम कंपनी है जिसे स्विफ्ट और बैंक ऑफ इंडिया सहित 9 प्रमुख बैंकों द्वारा प्रोन्नत किया गया है। स्विफ्ट के पास इक्विटी की 55% धारिता है और शेष 45% धारिता 9 प्रमुख

बैंकों के पास है। कंपनी में रु. 7.72 करोड़ के निवेश के साथ बैंक ऑफ इंडिया का इक्विटी स्टेक 3.26% है।

एक्यूट रेटिंग एंड रिसर्च लि. (पहले एसएमई रेटिंग एजेंसी ऑफ़ इंडिया लि. (एसएमईआरए) एक प्रमुख ऋण रेटिंग एजेंसी डन एंड ब्रैडस्ट्रीट के सहयोग से सिडबी द्वारा वित्तीय वर्ष 2005-06 के दौरान एसएमईआरए की स्थापना की गई। कंपनी का प्रमुख उद्देश्य एक व्यापक, पारदर्शी और विश्वसनीय रेटिंग प्रदान करना है जिससे एसएमई क्षेत्र को बड़ी मात्रा में और आसानी से ऋण की उपलब्धता होगी। रु.0.28 करोड़ के निवेश के साथ की इक्विटी पूंजी में बैंक की धारिता 1.88% है।

अन्य महत्वपूर्ण निवेश:

बैंक का सिडबी (रु.45.30 करोड़), मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (रु.27.50 करोड़), एनपीसीआई (रु.10 करोड़), इन्वेंट एसेट सिक्यूरिटाजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन प्रा.लि. (रु.10 करोड़) एसबीआईडीएफएचआई (रु.5.54 करोड़), सीईआरएसएआई (रु.2.16 करोड़), एग्रीकल्चर फाइनांस कॉरपोरेशन लि.(रु.1.26 करोड़), सेन्ट्रल वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन लि. (रु.1.11 करोड़), पीएसबी एलाइंस (रु.1.00 करोड़), सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेस इंडिया लि. (रु.1 करोड़), क्लियरिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (रु.0.50 करोड़), यू.वी.एसेट रिकन्स्ट्रक्शन कं.लि. (रु.0.15 करोड़), में भी महत्वपूर्ण निवेश है।

25. धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन

उत्तम कारपोरेट शासन, धोखाधड़ीपूर्ण गतिविधियों को नियंत्रित करने में एक महत्वपूर्ण कारक के रूप में कार्य करता है। यह सच है कि धोखाधड़ी को समाप्त नहीं किया जा सकता, लेकिन एक सक्रिय फ्रेमवर्क और दृष्टिकोण के साथ, अन्य कारोबारी जोखिमों की तरह धोखाधड़ी जोखिमों का प्रबंधन किया जा सकता है और कम किया जा सकता है।

धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन विभाग निम्न क्षेत्रों में सभी धोखाधड़ी संबंधी मामलों की देखरेख करता है:

- ➢ नियत समय के भीतर विनियामक को रिपोर्टिंग और धोखाधड़ी की निगरानी करना,
- ➢ शीर्ष प्रबंध तंत्र और बोर्ड को धोखाधड़ी रिपोर्ट करना,
- ➢ धोखाधड़ियों पर केंद्रीकृत डाटा का रखरखाव,
- ➢ की गई धोखाधड़ियों और धोखाधड़ियों के प्रयासों का विश्लेषण,
- ➢ प्रधान कार्यालय के स्टेकधारक विभागों की मदद से धोखाधड़ी मामलों के मूल कारणों का विश्लेषण और निदान तथा उपचारी उपायों का कार्यान्वयन, उत्पाद की कमियों के संबंध में जोखिम कम करना,
- ➢ परिपत्रों के जरिए धोखाधड़ी की कार्यप्रणाली की जानकारी देना,
- ➢ स्टाफ को शॉर्ट अलर्ट संदेशों टिकरों/आवधिक संदेशों एमएमएस/प्रशिक्षण वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जागरूक करना,
- ➢ प्रधान कार्यालय में कार्यबल समिति की बैठक का आयोजन करना,
- ➢ कार्ड को छोड़कर सभी वितरण चैनलों को शामिल करने वाले उद्यम व्यापक धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन समाधान (ईएफआरएम) को घरेलू शाखाओं को कवर करते हुए लागू किया गया है,
- ➢ डिजिटल बैंकिंग विभाग के साथ समन्वय में, आवश्यक डेटा प्रदान करने के लिए एलईए द्वारा प्रबंधित I4C पोर्टल पर काम करना,
- ➢ अध्ययन एवं विकास विभाग के सहयोग से धोखाधड़ी, कार्यप्रणाली, और परिचालन इकाइयों को कम करने के उपायों पर समय-समय पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित करना।
- ➢ एम.एच.ए के दिशा-निर्देशानुसार एल.ओ.सी जारी करना।

26. सतर्कता प्रबंधन :

केन्द्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की सामान्य निगरानी में, बैंक में सतर्कता प्रशासन के लिए, सतर्कता विभाग है जिसका नेतृत्व मुख्य सतर्कता अधिकारी करते हैं। घरेलू परिचालनों, विदेशी परिचालनों तथा अनुषंगियों में, बैंक के अधिकारियों के सभी सतर्कता संबंधी मामलों को सतर्कता विभाग कवर करता है।

बैंक ऑफ़ इंडिया द्वारा प्रायोजित तीन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों अर्थात विदर्भ-कोंकण ग्रामीण बैंक, आर्यावर्त बैंक तथा मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक के सतर्कता प्रशासन की देखरेख भी सतर्कता विभाग करता है।

सतर्कता विभाग, मुख्य सतर्कता अधिकारी के अंतर्गत कार्य करता है जिनकी सहायता एक उप महाप्रबंधक तथा अन्य अधिकारी करते हैं जिन्हें जांच तथा अनुशासनात्मक मामलों के क्षेत्र में अनुभव है। परिचालनात्मक सहायता के लिए, सतर्कता विभाग, प्रधान कार्यालय के सीधे नियंत्रण में 12 सतर्कता इकाईयाँ कार्य कर रहीं हैं जो सभी राष्ट्रीय बैंकिंग समूहों (एन.बी.जी.) को कवर करती हैं। ओवरसीज केन्द्रों में कार्यरत समवर्ती लेखा परीक्षक ओवरसीज शाखाओं हेतु सतर्कता अधिकारी की भूमिका निभाते है।

सतर्कता प्रशासन के सभी 3 कार्यप्रणाली जैसे निवारक, सहभागी तथा दण्डात्मक सतर्कता के मूलभूत आधार पर सतर्कता विभाग कार्य करता है तथा इसका लक्ष्य यह है कि संस्था की प्रबंधकीय दक्षता के स्तर को बढ़ाया जाय। डीएफएस, सीवीसी द्वारा जारी परिपत्रों, दिशानिर्देशों तथा अनुदेशों इत्यादि का पत्र व्यवहार कवरिं सार निवारक सतर्कता के अन्य संबंधित विषय के साथ-साथ समय समय पर फल्ड पदाधिकारियों/कार्यालयों को परिचालित किया जाता है।

27. लाभांश वितरण नीति

सेबी - सूचीकरण दायित्व और प्रकटन आवश्यकता विनियमन के खंड 43ए के अनुसार बैंक ने लाभांश वितरण नीति बनाई है और यह हमारी वेबसाइट -https://www.bankofindia.co.in/pdf/DDP.pdf पर उपलब्ध है।

28. कारोबार दायित्व रिपोर्टिंग 2021-22

सेबी - सूचीकरण दायित्व और प्रकटन आवश्यकता विनियमन के खंड 32 (2) (एफ़) के अनुसार कारोबार दायित्व रिपोर्ट हमारी वेबसाइट www.bankofindia.co.in पर उपलब्ध है।

29. बासेल III (स्तंभ 3)-प्रकटन (समेकित) मार्च 2021

बासेल पूँजी III विनियम संबंधी आरबीआई परिपत्र डीबीओडी.सं. बीपी.बीसी.1/21.06.201/2015-16 दिनांक 1 जुलाई, 2015 के अनुसार पूँजी पर्याप्तता और चलनिधि मानक संशोधनों पर विवेकपूर्ण दिशानिर्देशों को आरबीआई परिपत्र डीबीआर.सं. बीपी.बीसी.80/21.06.201/2014-15 दिनांक 31 मार्च, 2015 के साथ पढ़ा जाए, बैंको को बासेल III फ्रेमवर्क के तहत लीवरेज अनुपात और चलनिधि कवरेज अनुपात सहित स्तंभ 3 प्रकटन को लागू करना आवश्यक हैं। ये प्रकटन बैंक की वेबसाइट के लिंक http://www.bankofindia.co.in/regDisclosureSec.aspx. पर उपलब्ध है।

30. भारतीय लेखांकन मानक (Ind-AS) के कार्यान्वयन हेतु कार्यनीति एवं उसकी प्रगति :

आरबीआई ने अपने परिपत्र डीबीआर.बीपी.सं.29/21.07.001/2018-19 दिनांक 22 मार्च, 2019 के माध्यम से अगले आदेश तक भारतीय लेखांकन मानक के कार्यान्वयन को आस्थगित कर दिया, क्योंकि बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 में आरबीआई ने जो विधि संबंधी संशोधन करने की अनुशंसा की है, उन पर भारत सरकार विचार कर रही है। बैंक, स्टियरिंग समिति से विचार-विमर्श करने/उनसे अनुमोदन प्राप्त करने के बाद, जून-2018 से तिमाही प्रारूप भारतीय लेखांकन मानक (Ind-AS) वित्तीय विवरण (पीएफएस) प्रस्तुत करता रहा है। बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति को भारतीय लेखांकन मानक (Ind-AS) के कार्यान्वयन संबंधी संपूर्ण प्रगति रिपोर्ट के साथ पीएफएस भी प्रस्तुत किया जाता है।

आभार:

बोर्ड, भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक एवं भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के प्रति उनके यथोचित मार्गदर्शन तथा सहायता के लिए अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता है। बोर्ड वित्तीय संस्थाओं एवं प्रतिनिधि बैंकों के प्रति भी उनके सहयोग एवं सहायता के लिए धन्यवाद ज्ञापित करता है। बोर्ड ग्राहकों, कारोबार सहयोगियों एवं शेयरधारकों की असीमित सहायता हेतु आभार व्यक्त करता है। साथ ही बोर्ड बैंक के समग्र निष्पादन के लिए स्टाफ सदस्यों के प्रति भी उनकी समर्पित सेवाओं और सहयोग के लिए अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करता है।

बोर्ड के निदेशकों हेतु एवं उनकी ओर से

ह/-

ए के दास

एमडी एवं सीईओ

स्थान : मुंबई

दिनांक : 24 मई, 2022

MANAGEMENT DISCUSSION AND ANALYSIS

1. GLOBAL SCENARIO:

The year 2021-22 started off with rebound in economic activities, supported by improvement in vaccination coverage and relaxation in Covid restrictions. However, the pace of recovery was hindered to a large extent due to resurgence of delta variant of pandemic during Q1 and Omicron variant towards December,2021. The outbreak of war between the Russia and Ukraine towards year-end also gave rise to concerns over durability of economic recovery. The year was marked by supply chain disruptions and resultant buildup of inflationary pressure across the globe. To contain inflationary pressures, Central Banks throughout the world started withdrawing accommodative stance on monetary policy along with tapering off of easy money policy pursued during the pandemic. Also, there were capital outflows from emerging markets, which led to depreciation of exchange rates in emerging markets. Nevertheless, economic recovery during the year was visible in all the countries, albeit, with varying degree. As per the estimate by the IMF, as against contraction of 3.1% during 2020, the global output grew by 6.1% during 2021.The advances economies grew by 5.2% and the emerging market and developing economies grew by 6.8%.

2. DOMESTIC ECONOMIC SCENARIO:

Domestic economy, in tandem with global trend, also witnessed rebound in commercial activities which, however, was interspersed with repeated waves of pandemic, supply chain disruptions and inflationary pressures. As per the latest estimate of the National Statistical office (NSO), the GDP grew by 8.7% during 2021-22 against contraction of 6.6% during 2020-21. With this, the GDP could spring back to the pre-covid level during the year. Agriculture segment, which was minimally affected during the pandemic grew by 3.0% against 3.3% during FY21. All other sectors, mining, manufacturing, electricity, construction and services sector including contact sensitive sectors exhibited marked turn-around during the year.

Industrial output registered a higher growth rate of 11.3% during FY22 against contraction of 8.4% during FY21. All the three subsectors viz. mining, manufacturing and electricity exhibited marked recovery, with growth rate of 12.2%, 11.7% and 7.9%, respectively. Similarly, all the subsectors as per the use-based classification showed rebound in growth. The infrastructure/construction goods and capital goods sector notched 19% and 16.7% growth rate respectively, signifying recovery in investment expenditure.

Both Retail inflation (CPI) and WPI remained at elevated level throughout 2021-22 due to various factors such as supply side bottleneck, food price inflation and higher fuel prices etc. The CPI Inflation, although moderated during the initial period of the year, witnessed significant jump, particularly during the last quarter. The headline CPI moved up from 5.52% in March,2021 to 6.95% in March, 2022. Rise in pent-up demand, increase in commodity prices across the globe, particularly, that of petroleum were major contributory factors for inflation remaining high during the year. The supply disruptions consequent upon Russia-Ukraine war further accentuated the situation towards the year-end.

The merchandise exports growth remained buoyant during FY2021-22, with monthly exports growth rising above 40% for initial six months. For the year as a whole, merchandise exports reached a record level of $419.65 bn in FY22, registering 43.81% growth. With recovery in economy, imports also grew at a faster rate than exports. During the year 2021-22, imports went up by 55.13%, reaching $611.89 bn by March,31,2022. With this, trade balance rose from (-) $102.63 bn in FY21 to (-) $192.24 bn in FY 22. However, with the rise in exports in services, the overall trade balance was restricted to (-) $87.03 bn during the year. During 2021-22, FDI Equity inflow stood at $58.77 bn, a tad lower than that during 2020-21 (i.e. $59.64 bn). For the nine months period during FY22, the current account deficit (CAD) stood at 1.2% of GDP as against surplus of 1.7% during the corresponding period of FY21.

On fiscal front, with the bouncing back of economy, revenue receipts went up by 32.71% during 2021-22 and the fiscal deficit was contained at Rs.15.86 lakh crore against Rs.18.18 lakh crore in FY21. In terms of percentage of GDP, fiscal deficit improved from 9.2% in FY21 to 6.7% in FY22.

3. BANKING AND FIANACIAL SECTOR DEVELOPMENTS:

During FY22, the banking industry witnessed a lower deposits growth but a higher advances growth. The deposits registered a growth of 8.9 % against 11.4% in FY21 and advances grew by 9.6% against 5.6% during FY21. Gradual return to normalcy of the commercial sectors helped higher credit growth during the year. Credit flow to all the sub-sectors i.e. agriculture, industrial and services sector increased by 9.9%, 7.1% and 8.9% respectively, which was much higher than that during the previous year. The financial performance of the Banks, in general, improved with rise in NII, Operating profit, Net profits and improvement in NPA ratios.

With the easy money policy pursued by the RBI, liquidity during the year remained in surplus mode. Initially, RBI helped augment liquidity through various measures such as special refinance facilities to financial institutions like NABARD, SIDBI and NHB and various other measures like term liquidity facility for COVID related healthcare sector, Special Long Term Repo Operation (SLTRO) for small finance banks, extension of on-tap TLTRO and above all G-sec acquisition programme (G-SAP). However, subsequently, with gradual normalization of liquidity situation, CRR was raised by 100 bps to its pre-pandemic level and G-SAP was discontinued. Nevertheless, surplus liquidity in the range of Rs 5-8 lakh crore persisted and RBI had to resort to VRRR auctions to absorb the liquidity.

The G-sec yield softened initially during the first half of the year on account of various liquidity enhancing measures by RBI, of course with occasional rise during June and August,2021. However, during the second half G-Sec yield hardened because of various factors such as higher crude oil prices, higher inflation level, rise in government bond yield in US. The 10 year benchmark yield rose from 6.32% as on March 31, 2021 to 6.79% as on March 31, 2022.

The Rupee- USD exchange rate exhibited two way movement during the year, mostly with depreciating bias in nominal terms, of course it showed appreciation during certain

months such as May, June, October and November. The outflow in foreign portfolio investment, appreciation of USD against all other currencies, rise in crude oil prices, monetary policy normalization and geopolitical tensions were the main causal factors affecting rupee to depreciate against USD, especially during Q4 of the year. The Rupee-USD exchange rate moved down from Rs.73.11 as on March,31, 2021 to Rs75.79 as on March 31, 2022. However, the depreciation of rupee against the USD is lower than that of the currencies of Emerging market peers. India's foreign exchange reserves improved from $576.98 at end March 2021 to $ 607.3 billion as on March 31,2022, which is equivalent to 12 months of merchandise imports in 2021-22.

During 2021-22, both the RBI as well as the Government announced a host of measures for promoting growth and alleviate stress to the sectors affected by the pandemic. RBI continued with the accommodative stance and kept the policy repo rate unchanged throughout the year. A number of liquidity enhancing measures were undertaken such as extension of TLTRO, Rs.50,000 crore liquidity support to healthcare entities, allowing special long term Repo operation for Small Finance Banks, extension of resolution mechanism for Individuals and Small Businesses. (RFCRS-2.0), on-tap liquidity window for contact intensive sectors like hotels & tourism sectors etc. On the fiscal front, a number of policy measures were announced such as Loan guarantee scheme for COVID affected sectors such as healthcare and tourism sectors, additional 1.5 lakh crore for ECLGS, credit guarantee for Micro Finance Institutions (MFIs), special lending schemes for tourist guides/ stakeholders, extension of PLI scheme. All these measures by RBI and the Government have helped alleviate distress of the vulnerable segments of the society and propped up economic recovery of various sectors. Further, in the Union Budget 2022-23, the Government has announced various growth-oriented measures such as 25% increase in capital investment, emphasis on infrastructure expenditure with 'Gati Shakti' project and inclusive growth, further extension of ECLGS till March 31,2023, which is expected to consolidate recovery process.

BUSINESS REVIEW:

1. RESOURCE MOBILISATION:

There has been an overall CASA growth of Rs 20,795 crore during the FY 2021-22 depicting a YoY growth of 9.26%. During the period, the Saving Bank deposits have shown a higher growth of Rs.19,135 crore with 9.74% growth over last year. Bank has also registered growth in current deposits with base figures increasing by Rs 1,660 crore with 5.89% growth over last year.

104391 new customer were added to the SB Diamond customer base, an increase of 3.5% YOY with a growth of Rs.3585 crore in the deposit base of SB Diamond customers. Similarly the CD diamond base has also grown by 784 crores with YoY growth of 4.00%

The CASA ratio has grown sharply to 45.02% from last year's figure of 41.27%. During the FY 2021-22, the share of retail term deposits has also shown a growth from 84 % to 89%. The bank continues to focus on retails deposits & CASA.

2. ADVANCES:

जोखिम प्रबंधन विभाग के महाप्रबंधक पद के मुख्य जोखिम अधिकारी के देखरेख में कार्यरत है जो जोखिम प्रबंधन पर बोर्ड द्वारा निर्धारित सीमाओं के अंदर व्यापक रूप से ऋण जोखिम का मापन, नियंत्रण तथा प्रबंधन करते हैं तथा बोर्ड/आर.कॉम/सीआरएमसी द्वारा तय जोखिम मानदंडों के साथ अनुपालन सुनिश्चित करते हैं। महाप्रबंधक के अंतर्गत कार्यरत ऋण निगरानी विभाग ऋण पोर्टफोलियो का अनुप्रवर्तन करते हैं, समस्याओं की पहचान करते है तथा कमियों को दूर करने के उपाय करते हैं। ऋण लेखापरीक्षा कार्यों में ऋण समीक्षा/ऋण लेखापरीक्षा का समावेश है।

iii) परिचालन/प्रणाली/प्रक्रियाएं

बैंक ऋण प्रदान करने के लिए निरंतर एक मानक, तुलन पत्र में शामिल न होनेवाली मदों सहित सभी ऋण जोखिमों का अनुरक्षण तथा प्रलेखीकरण, आवधिक व्यक्तिगत बाध्यताधारी समीक्षा, आवधिक निरीक्षण तथा संपार्श्विक प्रबंधन प्रणाली जैसी स्वत: पहल कर ऋण जोखिम प्रबंधन करता है।

ऋण जोखिम सीमा में उद्योग द्वारा बाध्यताधारी सीमा व संकेन्द्रण सीमा, ग्राहकों के वित्तीय कार्यनिष्पादन हेतु प्रणाली व प्रक्रिया हेतु निगरानी तथा सीमा में बकाया नियंत्रण सम्मिलित है। ऋण विस्तार हेतु जांच तथा अधिशेष है यथा ऋण स्वीकृति से ऋण जोखिम प्रबंधन को अलग करना, सीआरएमसी द्वारा जोखिम दृष्किोण से नए उत्पादों तथा प्रणाली का पुनरीक्षण, बहु ऋण अनुमोदक, जोखिम निर्धारण करने की प्रणाली, ग्राहक के जोखिम ग्रेडिंग पर आधारित कीमत सुविधाओं की प्रणाली, जोखिम दृष्टिकोण से ऋण प्रस्तावों के पुनरीक्षण हेतु ऋण जोखिम मूल्यांकन समिति, ऋण प्रक्रिया लेखापरीक्षा, स्वीकृति पूर्व संवितरण पूर्व समीक्षा तथा स्वीकृति पूर्व समीक्षा प्रणाली तथा स्वतंत्र लेखापरीक्षा व जोखिम समीक्षा कार्य निवेशों हेतु प्रस्ताव ऋण जोखिम विश्लेषण, विस्तृत मूल्यांकन तथा क्रम निर्धारण के अध्यधीन है। प्रवेश स्तर के मामले में, न्यूनतम क्रमनिर्धारण/गुणवत्ता मानक, उद्योग, परिपक्वता, अवधि, निर्गम अनुसार मामले निवेशों हेतु विनिर्धारित किए गए हैं जिससे कि तरलता के जोखिम तथा संकेन्द्रण के विपरीत प्रभाव को कम कर सकता

है। किसी ग्राहक को एक्सपोजर की गणना करते समय निवेश एक्सपोजर पर ध्यान दिया जाता है। अन्य बैंकों पर सकल जोखिम पर केन्द्रीयकृत परिदृश्य प्रदान करने हेतु एक उचित फ्रेमवर्क तथा अर्धवार्षिक समीक्षा की गई है। देश के जोखिम का अनुप्रवर्तन अर्धवार्षिक आधार पर होता है।

जोखिम आस्तियों के विविधतापूर्ण पोर्टफोलियो का अनुरक्षण किया जाता है तथा पोर्टफोलियो के नियमित विश्लेषण करने की एक प्रणाली है जिससे कि जोखिम संकेन्द्रण के जोखिम नियंत्रण को सुनिश्चित किया जा सके। अनर्जक अग्रिमों के संबंध में एक संतुलित नीति प्रक्रियागत है। ऋण जोखिम प्रबंधन प्रणाली के आरम्भ सहित प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआईएस) को उन्नतिशील किया गया है जिससे कि बैंक की क्षमताएं बढ़ेगी तथा तुलन पत्र में न आने वाली या आने वाली सभी गतिविधियों के ऋण जोखिम का बैंक प्रबंधन करेगा।

iv) ऋण जोखिम प्रबंधन/न्यूनीकरण हेतु निम्नलिखित साधनों का उपयोग किया जाता है -

➢ **ऋण अनुमोदित करने संबंधी प्राधिकारी - अधिकारों का प्रत्यायोजन :**

बैंक में बहु स्तरीय जोखिम आधारित अनुमोदित प्रणाली वाली सुस्पष्ट प्रत्यायोजन अधिकार की योजना है जिसकी आवधिक समीक्षा की जाती है और कारोबार के वातावरण की अनिवार्यता को पूरा करने के लिए जब एवं जैसा आवश्यक होता है, उसे संशोधित किया जाता है।

अधिकारियों का प्रत्यायोजन उधारकर्ताओं की रेटिंग के साथ लिंक की हुई है जहां बेहतर रेटिंग वाले ग्राहकों को उच्चतर सीमा की मंजूरी देने का अधिकार है। वर्तमान में सभी ऋण प्रस्तावों पर जो महाप्रबंधक और उससे उच्चतर प्राधिकारी के प्रत्यायोजित प्राधिकार में आते हैं, "ऋण जोखिम मूल्यांकन समिति (सीआरईसी)" के माध्यम से कार्रवाई की जाती है जिससे ऋण प्रस्तावों में कथित जोखिमों को स्वतंत्र एवं ऑफ़साइट मूल्यांकन किया जा सके। जोखिम प्रबंधन विभाग के महाप्रबंधक जिसे कोई मात्रात्मक या लाभ का लक्ष्य नहीं है, सीआरईसी का अनिवार्य सदस्य होता है। वित्त मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार विभिन्न प्रशासनिक स्तरों पर प्रत्यायोजित अधिकारों के प्रयोग हेतु मंजूरी हेतु अधिकारों सहित ऋण समितियां गठित की गई हैं।

प्रधान कार्यालय स्तर पर फील्ड में कार्यरत अधिकारियों के प्रत्यायोजित अधिकारों से ऊपर के प्रस्तावों पर कार्रवाई करने के लिए तीन ऋण समितियाँ (जीएमएलसीसी, ईडीएलसीसी एवं सीएसी) कार्यरत हैं। आंचलिक कार्यालय/ एनबीजी कार्यालय में उनके अधिकारों में आनेवाले ऋण प्रस्तावों पर विचार करने के लिए इसी प्रकार ऋण समितियाँ (एसजेडएलसीसी/ जेडएलसीसी/ एनबीजीएलसीसी) गठित की गई है।

➢ **विवेकपूर्ण सीमाएँ:**

विभिन्न प्रकार के उधारकर्ताओं के लिए ऋण/निवेश के विविध पहलुओं, जैसे एकल/समूह उधारकर्ता सीमाओं के संबंध में उपयुक्त विवेकपूर्ण सीमाएँ हैं।

➢ **जोखिम श्रेणी निर्धारण/मूल्य निर्धारण:**

काऊन्टर पार्टी के विभिन्न जोखिम घटकों के लिए एकल बिन्दु इन्डीकेटर तथा क्रेडिट तथा मूल्य निर्धारण में सहायता हेतु बैंक ने विभिन्न खण्डों में श्रेणी निर्धारण माडल आरंभ किया है।

➢ **ऋण लेखा परीक्षा/ ऋण समीक्षा तंत्र (एलआरएम):**

ऋण लेखा परीक्षा/एलआरएम, ऋण बही की गुणवत्ता के लगातार मूल्यांकन करने और ऋण प्रबंध में गुणात्मक सुधार लाने हेतु एक प्रभावी साधन है।

v. विश्लेषण के माध्यम से संविभाग प्रबंधन

विभिन्न ऋण पोर्टफोलियों एवं निवेशों की समग्र संरचना और गुणवत्ता की निगरानी के लिए एक उपयुक्त प्रणाली होना भी महत्वपूर्ण है। इस उद्देश्य से शुरुआत रूप में, बैंक ने एक सरल पोर्टफोलियों निगरानी फ्रेमवर्क प्रारंभ किया है। आगे चलकर बैंक और अधिक परिष्कृत पोर्टफोलियों प्रबंधन मॉडल तैयार करेगा। रु 10 लाख और इससे अधिक वाले खातों में रेटिंग माइग्रेशन छ:माही किया जा रहा है और बोर्ड को प्रस्तुत किए जाते हैं। क्रेडिट रिस्क मैनेजमेंट साफ्टवेयर (सीआरएमएस) चरणबद्ध रूप से कार्यान्वित किया जा रहा है। बैंक एडवांस्ड एप्रोच को अपनाने करने के लिए तैयार हो रहा है।

vi. जोखिम मापांकन:

वर्तमान में ऋण जोखिम का निर्धारण जोखिम श्रेणी निर्धारण व्यक्तिश: स्तर पर करने और पोर्टफोलियो स्तर पर आस्तियों के भारांक एवं जोखिम भारांको के आधार पर रखी गई पूँजी के माध्यम से किया जाता है। 31 मार्च 2008 से प्रभावी नवीन पूँजी पर्याप्तता फ्रेमवर्क (बासेल II) के अन्तर्गत बैंक ने मानक दृष्टिकोण को अपना लिया है।

vii. जोखिम रिपोर्टिंग प्रणाली:

सभी ऋण संबंधी नीतियाँ अनुमोदन के लिए उचित प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने से पहले सीआरएमसी (जो ऋण जोखिम के लिए परिचालन स्तर की समिति है) द्वारा अनुमत की जाती है। उचित निगरानी करने के लिए विभिन्न ऋण संबंधी सूचनाएँ सीआरएमसी को प्रस्तुत की जाती है।

viii. जोखिम समीक्षा:

लेखापरीक्षा-ऋण जोखिम प्रबंधन प्रणाली एवं साधन भी प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए आंतरिक लेखा परीक्षा के अध्यधीन हैं।

ix. विशेष उल्लेख खाते (एसएमए) /एनपीए खातों के अनुवर्तन हेतु उपाय

एनपीए की निगरानी/निवारण हेतु सामान्यत: बैंक में उपलब्ध विभिन्न उपाय नीचे सूचीबद्ध किए गए है :-

I. एनपीए होने से पहले खाता [विशेष उल्लेख खाता (एसएमए)]:

क. आस्ति गुणवत्ता बनाए रखने के लिए मंजूरी की शर्तों के अनुपालन हेतु सघन निगरानी।

ख. जहाँ भी अनियमितताएँ पाई गई है वहां तत्परता से अनुस्मारकों का भेजा जाना।

ग. एनपीए प्रवर्ग में खाते का न जाना सुनिश्चित करने हेतु तुरंत अतिदेयों की वसूली करना।

घ. इकाई और प्रभारित आस्तियों का आवधिक निरीक्षण एवं वित्तीय डाटा का विश्लेषण।

ङ. खातों के एनपीए होने से पहले देय राशियों को पुनर्संरचित करना। सुधारात्मक कार्रवाई में अधिस्थगन अवधि बढ़ाना, ब्याज के लिए निधि प्रदान करना एवं किश्तों का आस्थगन शामिल हैं।

II. खाता एनपीए होने के बाद:-

क. बकाया को कम करने हेतु अर्थ सुलभ प्रतिभूतियों (टीडीआर, शेयर, मार्जिन राशि आदि) एवं गिरवी वस्तुओं का विनियोजन

ख. उधारकर्ताओं के सहयोग से अन्य प्रतिभूतियों की बिक्री।

ग. समझौता वार्ता के माध्यम से प्राप्य राशियों का समझौता निपटान

घ. अग्रिम को रीकॉल करना

ङ. अदालत में वाद दायर करना - डिक्री का निष्पादन

च. अंत में, प्राप्य राशियों की वसूली हेतु सभी उपाय करने के पश्चात्, खाता के देय शेष को बट्टे खाते में डाला जाता है ।

2. पीटी बैंक ऑफ़ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके (अनुषंगी)

पीटी बैंक ऑफ़ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके (अनुषंगी) ने संपूर्ण जोखिम प्रबंधन को स्वीकृत लक्षित, समन्वित और सतत बनाने की आशा से जोखिम जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसी) तथा जोखिम प्रबंधनइकाई (आरएमयू) स्थापित की है जो परिचालन इकाई और आंतरिक लेखा परीक्षा इकाई (“आंतरिक लेखा परीक्षा) से स्वतंत्र है। इसके अतिरिक्त आरएमसी और आरएमयू के कार्यों के कार्यान्वयन के प्रभाव की निगरानी के लिए बैंक ने जोखिम निगरानी समिति बनाई है जो सीधे बोर्ड ऑफ कमीशनर्स को उत्तरदायी है।

बैंक ऑफ इंडोनेशिया के अनुसार बैंक ने 8 (आठ) प्रकार के जोखिमों को संभाला है। ऋण जोखिम, चलनिधि जोखिम, बाजार जोखिम, परिचालन जोखिम, अनुपालन जोखिम, विधि जोखिम, प्रतिष्ठा जोखिम एवं कार्यनीति जोखिम। इसके अलावा बैंक जोखिम प्रोफाइल सृजित करता है जो जोखिम के साथ संभाव्य जोखिम वाली गतिविधियाँ की पहचान करता है जो बैंक की कारोबार निरन्तरता को खंडित करती है । जोखिम प्रकार का आकलन किसी भी कार्यात्मक गतिविधि (निहित जोखिम) और जोखिम नियंत्रण प्रणाली में निहित जोखिमों का संयोजन है।

बैंक नए ऋणों का अनुमोदन करने में चयानात्मक है और नियामक की आवश्यता से अधिक, ऋण के लिए प्रावधान बनाए रखता है। संपार्श्विक आधारित उधार में, संपार्श्विक के मूल्य पर हेयरकट लगाई जाती है। बैंक का जोखिम अधिकारी, निदेशक अनुपालन को रिपोर्ट करता है। ज़ोखिम प्रबंधन इकाई (आरएमयू) ऋण अनुमोदन प्रक्रिया का पर्यवेक्षण/निगरानी करते हैं।

3. बैंक ऑफ़ इंडिया (तंजानिया) लि., बैंक ऑफ़ इंडिया (न्यूज़ीलैंड) लि. तथा बैंक ऑफ़ इंडिया (युगांडा) लि.

मासिक आधार पर ब्याज लगाया जाना, मानक आस्तियों में संभाव्य ऋण चूक या व्यतिक्रम से निपटने का एक उपयोगी साधन बन गया है। आस्ति की गुणवत्ता बनाए रखने हेतु बैंक ने निम्नलिखित नीति अपनाई है जिस पर शाखाओं को तुरंत अमल करना चाहिए और :-

- ➢ उधारकर्ता के साथ सक्रिय अनुवर्ती कार्रवाई के माध्यम से अतिदेय या कम से कम क्रिटिकल राशि की वसूली करना।
- ➢ अस्थायी बेमेल रोकड़ प्रवाह के मामलों में खाते को ‘होल्डिंग ऑन ऑपरेशन्स” के तहत रखना ।
- ➢ अपेक्षित नकदी प्रवाह के अनुसार चुकौती शर्तों को पुनर्निर्धारित करना।
- ➢ पुनर्रचना नीति में दिए गए दिशानिर्देशों के अनुसार नकदी प्रवाह में यदि कोई अंतर हो तो अपेक्षित नकदी प्रवाह को दृष्टिगत रखते हुए देय राशि की पुनर्रचना की जाए।

एनपीए होने से पहले खातों में बैंक द्वारा उपरोक्त में एक या अधिक कार्रवाई की जाती है।

खाता एनपीए होने से पहले बैंक द्वारा उपर्युक्त कार्रवाइयों में से कोई एक या अधिक कार्रवाई की जाती है।

ii. मात्रात्मक प्रकटन

ए. कुल सकल ऋण एक्स्पोज़र निम्नानुसार

वर्ग	(रु. मिलियन में)
निधि आधारित	49,76,740.00
गैर-निधि आधारित*	5,25,690.00
कुल	**55,02,430.00**

*डेरिवेटिव्स के क्रेडिट समतुल्य को छोडकर

बी. एक्सपोजर का भौगोलिक संवितरण: **(रु. मिलियन में)**

	घरेलू	विदेशी	वैश्विक
निधि आधारित	43,03,360	6,73,380	**49,76,740.00**
गैर निधि आधारित	4,22,810	1,02,880	**5,25,690.00**

सी. उद्योगवार जोखिम का वितरण (निधि आधारित और गैर- निधि आधारित)निम्नलिखित है :

(रु. मिलियन में)

कोयला	8,125.40	0.00
खदान	13,327.49	524.81
लौह एवं इस्पात	67,046.83	1,593.56
अन्य धातु एवं धातु उत्पाद	23,721.66	7,707.75
सभी इंजीनियरिंग	14,176.54	4,396.81
जिसमें से इलेक्ट्रॉनिक्स	1,977.64	292.02
सूती वस्त्र उद्योग	26,996.25	496.55
जूट वस्त्र उद्योग	630.83	1.94
अन्य वस्त्र उद्योग	32,637.33	1,778.31
खाद्य प्रसंस्करण	46,617.47	1,988.45

जिसमें वेजिटेबल ऑइल एवं वनस्पति	3,723.78	852.42
जिसमें चीनी	17,638.89	511.14
जिसमें अन्य खाद्य प्रसंस्करण	19,055.30	617.98
जिसमें चाय	3.70	6.91
तंबाकू एवं तंबाकू उत्पाद	2,376.96	27.78
पेपर एवं पेपर उत्पाद	11,452.56	691.21
रबर एवं रबर उत्पाद	29,302.28	2,472.82
केमिकल, डाई, पेंट्स आदि	50,812.87	7,326.46
जिसमें से फर्टिलाइजर्स	19,145.27	3.19
जिसमें से पेट्रोकेमिकल्स	6,484.84	2,251.91
जिसमें से ड्रग्ज और फार्मास्युटिकल्स	14,792.77	4,054.57
जिसमें अन्य	5,649.08	876.19
सीमेंट	13,057.39	162.93
चर्म एवं चर्म उत्पाद	5,484.85	36.59
रत्न एवं आभूषण	56,118.39	130.99
निर्माण	53,605.18	26,061.00
पेट्रोलियम	35,977.14	705.35
ऑटोमोबाइल्स, ट्रक सहित	12,927.74	1,143.09
आधारभूत संरचनाङ	561,603.76	107,616.27
जिसमें से इलेक्ट्रिसिटी सहित पॉवर	414,231.17	68,587.80
जिसमें से दूरसंचार	3,287.74	21.07
जिसमें से सड़के और पत्तन	134,892.61	25,818.90
अन्य उद्योग	38,474.58	13,188.50
शेष अन्य अग्रिम(सकल अग्रिमों सहित शेष)	3,910,741.08	360,827.33
कुल	4,976,740.00	525,690.00
*बुनियादी संरचना क्षेत्र के 11.28% के दर से एक्सपोज़र कुल निधि आधारित अग्रिमों के 5% से अधिक है		
*बुनियादी संरचना क्षेत्र के 20.47% के दर से एक्सपोज़र कुल गैर-निधि आधारित बकाया के 5% से अधिक है		

डी. आस्तियों का शेष संविदात्मक परिपक्वता विश्लेषण निम्नलिखित है:

(रु. मिलियन में)

	अग्रिम	निवेश	विदेशी मुद्रा आस्तियाँ
पहला दिन	122,011.84	307,981.29	3,210.94
2 से 7 दिन	44,895.04	77,602.13	7,258.90
8 से 14 दिन	47,337.44	24,478.37	5,297.20
15 से 30 दिन	74,762.85	33,401.77	5,372.35
31 दिन और 2 माह तक	82,288.28	35,324.31	12,300.40
2 माह और 3 माह तक	96,723.91	35,015.48	12,300.40
3 माह और 6 माह तक	169,093.18	53,561.09	4,329.05
6 माह से अधिक और 1 वर्ष तक	192,430.75	56,236.68	2,799.70
1 वर्ष से अधिक और 3 वर्ष तक	1,657,590.32	297,111.07	1,516.00
3 वर्ष से अधिक और 5 वर्ष तक	454,222.28	224,497.80	-
5 वर्ष से अधिक	909,738.22	594,794.90	-
कुल	**3,918,896.69**	**1,716,238.70**	**54,384.94**

ई. सकल एनपीए इस प्रकार हैं - (रु. मिलियन में)

वर्ग	
अवमानक	43,813.03
संदिग्ध-1	58,095.78
संदिग्ध - 2	74,353.50
संदिग्ध - 3	86,770.60
हानि	1,94,180.31
कुल	**4,57,213.22**

एफ़. निवल एनपीए की राशि रु. 1,18,868.32 मिलियन है।

जी. एनपीए अनुपात निम्नानुसार है :

- सकल अग्रिमों की मुलना में सकल एनपीए : **9.95%**
- निवल अग्रिमों की मुलना में निवल एनपीए : **2.58%**.

एच. सकल एनपीए का उतार चढ़ाव निम्नप्रकार है : (रु. मिलियन में)

i) वर्ष के प्रारंभ में प्रारंभिक शेष	565,940.26
ii) वर्ष के दौरान किया गया परिवर्धन	88,970.24
iii) वर्ष के दौरान की गई कटौती	197,705.23
iv) वर्षान्त मे अंतिम शेष (i+ii-iii)	457,213.22

आई. एनपीए हेतु प्रावधानों का उतार चढ़ाव निम्नानुसार है :

(रु. मिलियन में)

i) वर्ष के प्रारंभ में प्रारंभिक शेष (फ्लोटिंग प्रावधान को छोड़कर)	421,127.02
ii) वर्ष के दौरान किये गए प्रावधान	74,185.60
iii) अतिरिक्त प्रावधानों का पुनरांकन/बट्टे खाते में डालना	156,869.33
iv) वर्षान्त मे अंतिम शेष (i+ii-iii)	338,443.29

जे. अनर्जक आस्ति निवेश की राशि रु. 22,280.09 मिलियन है।

के. अनर्जक आस्ति निवेश हेतु किए गए प्रावधान की राशि रु. 22,160.82 मिलियन है।

एल. निवेशों पर मूल्यह्रास हेतु प्रावधानों का उतार चढ़ाव निम्न प्रकार है :

(रु. मिलियन में)

i) वर्ष के प्रारंभ में प्रारंभिक शेष	44,579.41
ii) वर्ष के दौरान किये गए प्रावधान	11,900.01
iii) अतिरिक्त प्रावधानों का पुनरांकन/बट्टे खाते में डालना	5,663.32
iv) विनियम अंतरण	-
v) वर्षान्त में अंतिम शेष (हृगग-गगहृगन)	43,174.49

एम. बैंक ऑफ़ इंडिया के लिए प्रमुख उद्योग या प्रतिपक्ष प्रकार द्वारा किया

गया प्रावधान एवं एन.पी.ए :

(रु. मिलियन में)

उद्योग का नाम	एनपीए	प्रावधान
कोयला	2,698.20	339.90
खदान	778.70	435.60
लौह एवं इस्पात	4,318.10	1,444.10
अन्य धातु एवं धातु उत्पाद	7,176.70	5,628.50
सभी इंजीनियरिंग	3,702.30	2,534.20
जिसमें से इलेक्ट्रॉनिक्स	493.70	403.90
बिजली	11,791.30	8,921.40
सूती वस्त्र उद्योग	94.40	68.60
जूट वस्त्र उद्योग	7,134.80	3,877.00
अन्य वस्त्र उद्योग	13,192.70	11,268.70
खाद्य प्रसंस्करण	2,918.70	2,143.30
जिसमें वनस्पति तेल	2,087.10	1,410.20
जिसमें चीनी	8,186.90	7,715.20
जिसमें अन्य खाद्य प्रसंस्करण	0.00	0.00
जिसमें चाय	131.20	116.90
तंबाकू एवं तंबाकू उत्पाद	1,704.20	846.50
पेपर एवं पेपर उत्पाद	1,652.50	677.10
रबर एवं रबर उत्पाद	2,698.20	339.90
केमिकल, डाई, पेंट्स आदि	3,308.80	2,038.70
जिसमें से फर्टिलाइजर्स	42.30	15.20
जिसमें से पेट्रोकेमिकल्स	801.60	502.70
जिसमें से ड्रग्ज और फार्मास्युटिकल्स	1,043.40	751.90
जिसमें अन्य	1,421.50	768.90
सीमेंट	1,089.60	545.30
चर्म एवं चर्म उत्पाद	1,744.20	470.10
रत्न एवं आभूषण	22,836.00	9,075.40
निर्माण	5,751.70	4,104.30
पेट्रोलियम	18,284.30	146.10
ऑटोमोबाइल्स, ट्रक सहित	4,766.30	2,099.90
कंप्यूटर सॉफ्टवेयर	0.00	0.00
आधारभूत संरचना*	53,346.50	38,297.00
जिसमें से पॉवर	19,752.80	18,303.50
जिसमें से दूरसंचार	1,674.10	598.30
जिसमें से सड़के और पत्तन	26,971.70	16,270.30
अन्य उद्योग	4,947.90	3,124.90
शेष अन्य अग्रिम (सकल अग्रिमों सहित तुलन के लिए)	291,217.02	245,104.09
कुल	**457,213.22**	**338,443.29**

एन . भूगोलवार एनपीए एवं प्रावधान (बैंक ऑफ़ इंडिया के लिए सोलो)

(राशि मिलियन रुपयों में)

	घरेलू	विदेशी	कुल
सकल एनपीए	3,91,237.40	64,816.50	4,56,053.90
एनपीए हेतु प्रावधान	2,76,819.40	60,933.40	3,37,752.80

तालिका डीएफ-4

ऋण जोखिम : मानकीकृत दृष्टिकोण के अधीन संविभागों हेतु प्रकटीकरण

ग. गुणात्मक प्रकटीकरण

क) मानकीकृत दृष्टिकोण के अंतर्गत संविभागों के लिए:

- ➢ किसी भी परिवर्तन हेतु कारणों सहित, उपयोग की गई ऋण रेटिंग एजेन्सियों का नाम
- ➢ एक्स्पोजर के प्रकार जिसके लिए प्रत्येक एजेन्सी का उपयोग किया गया है; एवं
- ➢ बैंकिंग बही में लोक निर्गम रेंटिंग का तुलनीय आस्तियों में अंतरण हेतु प्रयुक्त की गई प्रक्रिया का वर्णन।

1. बैंक ऑफ इंडिया:

ए. बैंक ने सीआरएआर गणनाओं हेतु मानकीकृत दृष्टिकोण के अंतर्गत जोखिम भार के लिए निम्नलिखित ऋण रेटिंग एजेंसियों की सामान्य श्रेणी निर्धारण के उपयोग किए जाने हेतु अनुमोदन किया है। स्वदेशी दावों के लिए सीआरआईएसआईएल, आईसीआरए, इंडिया रेटिंग्स, ब्रीकवर्क, एसएमईआरए एवं सीएआरई तथा अनिवासी कार्पोरेट्स, विदेशी बैंको एवं विदेशी प्रभुसत्ता पर दावों के लिए एस एंड पी, फिच एवं मूडी। एसएमई श्रेणी रेटिंग का उपयोग नहीं किया जा रहा है, क्योंकि उन्हें भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अनुमोदित नहीं किया गया है।

बी. इन सभी एजन्सियों के रेटिंग का उपयोग, बासेल-II के अंतर्गत सीआरएआर गणनाओं हेतु मानकीकृत दृष्टिकोणान्तर्गत, श्रेणीकरण के अधीन समस्त ऋण जोखिमों के जोखिम भार प्रयोजनार्थ किया जा रहा है।

सी. बैंकिंग बही में तुलनीय आस्तियों पर सार्वजनिक निर्गम रेटिंग अंतरण हेतु प्रयुक्त प्रक्रिया आरबीआई की नियामक आवश्यकताओं के अनुसार है। रेटिंग एजेन्सियों द्वारा उनकी वेबसाइट पर प्रकाशित की गई लोक रेटिंग इस प्रयोजनार्थ उपयोग की गई है। रेटिंग जो केवल संबद्ध रेटिंग एजेन्सी के मासिक बुलेटिन के अनुसार प्रभावी है एवं पूर्व 15 महीनों के दौरान कम से कम एक बार पुनरीक्षित की गई है, का उपयोग किया जाता है।

डी. विशेष दूसरे पक्ष पर समस्त ऋण जोखिमों के लिए बैंक द्वारा रेटिंग के लिए केवल एक ही एजेन्सी का प्रयोग किया जाता है, यद्यपि इन एक्सपोज़रों की रेटिंग एक से अधिक एजेन्सी द्वारा इस अपवाद के साथ की जाती है कि प्रत्येक ऋण एक्सपोज़र की रेटिंग केवल एक अनुमोदित रेटिंग एजेन्सी द्वारा जाती है।

ई. जोखिम भार प्रयोजनार्थ पात्रता के लिए, यह सुनिश्चित किया जाता है कि, बाह्य

रेटिंग पर विचार किया जाता है एवं बैंक द्वारा भुगतान की गई संपूर्ण ऋण राशि के संबंध में ऋण जोखिम को प्रतिबिंबित करें। एक ही पार्टी के दूसरे पक्ष को किसी अन्य ऋण जोखिम के लिए विशिष्ट रेटिंग एक निर्गमकर्ता या निर्गम को विस्तारित करते समय, यह ऋण जोखिम एक्सपोजर की संपूर्ण राशि के लिए विस्तारित की जाती है, अर्थात दोनों मूल राशि एवं ब्याज हेतु। एक कार्पोरेट समूह के अंतर्गत एक कंपनी के बाह्य रेटिंग का उपयोग जोखिम भार हेतु उसी समूह की अन्य कंपनियों के लिए नहीं होता है।

एफ़. उन आस्तियों के लिए जिनकी संविदागत परिपक्वता एक वर्ष से कम या एक वर्ष के बराबर होती है, अल्पावधि रेटिंग का उपयोग किया जाता है, जबकि अन्य आस्तियों के लिए दीर्घावधि रेटिंग प्रयोग की जाती है। नकद उधार एक्सपोज़र के लिए दीर्घ अवधि श्रेणी निर्धारण ली जाती है।

जी. जहाँ एक जारीकर्ता की बाह्य दीर्घावधि रेटिंग सहित दीर्घावधि एक्सपोज़र है जो 150% जोखिम भारिता का समर्थन करता है, तथा उसी काउन्टरपार्टी के सभी अमूल्यांकित दावे चाहे वह अल्पावधि की हो अथवा दीर्घावधि की हो, भी 150% जोखिम भारिता वहन करती है, सिवाय उसके जहाँ ऋण जोखिम घटाव तकनीक इन दावों के लिए प्रयोग किया जाता है। अल्पावधि रेटिंग के मामले भी एकसमान होंगे ।

एच. दीर्घावधि एक्सपोज़र हेतु मानकीकृत दृष्टिकोण के अंतर्गत जोखिम भारिता का सीधा आकलन अनुमोदित रेटिंग एजेन्सियों द्वारा दीर्घावधि रेटिंग समनुदेशित किया जाता है। इसके विपरीत, प्रतिपक्ष का अमूल्यांकित अल्पावधि दावा उसके प्रतिपक्ष के मूल्यांकित अल्पावधि दावों पर लागू जोखिम भारिता से कम से कम एक स्तर ज्यादा जोखिम भारिता वहन करता है। बैंकों तथा निगमों के विरुद्ध मूल्यांकित सुविधा से उत्पन्न दावों हेतु जोखिम भारिता निर्गम विशिष्ट अल्पावधि मूल्यांकन जनित है जो अमूल्यांकित दीर्घावधि दावों हेतु जोखिम भारिता का समर्थन नहीं करता है।

आई. यदि योग्य ऋण रेटिंग एजेन्सियों द्वारा दो रेटिंग दिए जाते हैं जो विभिन्न ऋण भारिता दर्शा रहा है तो वहाँ उच्च जोखिम भारिता लागू होगा। यदि योग्य ऋण रेटिंग एजेंसियों द्वारा तीन या उससे अधिक मूल्यांकन विभिन्न जोखिम भारिता दर्शा रहे हैं तब दो न्यूनतम जोखिम भारिता का परवर्ती मूल्यांकन संदर्भित किया जाता है तथा उन दोनों जोखिम भारिताओं में से उच्च जोखिम भारिता लागू होता है यथा द्वितीय न्यूनतम जोखिम भारिता ।

जे. निवेश दावे का आरडबल्यू किसी चुनी हुई रेटिंग एजेन्सि की विशिष्ट रेटिंग पर आधारित होता है, जहां दावा किसी विशिष्ट मूल्यांकित निर्गम में निवेश न हो :

i) विशिष्ट उधार (जहाँ जोखिम भार में रेटिंग का आकलन, जो अमूल्यांकित दावे पर लागू से कम हो) पर लागू रेटिंग बैंक के केवल अनिर्धारित दावे पर लागू होती है। यदि यह दावा समरूप श्रेणी अथवा सभी दृष्टि से विशेष दर आधारित उधार से वरीय हो एवं जहाँ दर आधारित दावा लघु अवधि दायित्व होता है, को छोड़कर अनिर्धारित दावे की परिपक्वता, दर आधारित दावे की परिपक्वता के बाद न आती हो।

ii) यदि निर्गमकर्ता अथवा एकल निर्गम की रेटिंग निर्धारित की गई हो, जो गैर निर्धारित दावों पर लागू जोखिम भार के बराबर हो अथवा उच्चतर हो, उसी काउंटरपार्टी पर बिना रेटिंग को दावे पर वही जोखिम भार समनुदेशित किया जाता है, जैसा कि रेटिंग वाले एक्सपो. जर पर लागू होता है, यदि सभी दृष्टि से यह दावा रेटिंग वाले एक्सपो. जर से समरूप या कनिष्ठ श्रेणी का हो।

2.0 पीटी बैंक ऑफ़ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके (अनुषंगी)

देश में मौजूदा मानदंडो के अनुसार किसी भी बाह्य क्रेडिट रेटिंग एजेंसी द्वारा क्रेडिट रेटिंग किया जाना अपेक्षित नहीं है।

3.0 बैंक ऑफ़ इंडिया (तंजानियां) लि. एवं बैंक ऑफ़ इंडिया (युगांडा) लि. :

देश में मौजूदा मानदंडो के अनुसार किसी भी बाह्य क्रेडिट रेटिंग एजेंसी द्वारा क्रेडिट रेटिंग किया जाना अपेक्षित नहीं है। देश में कोई भी क्रेडिट रेटिंग एजेंसी परिचालन में कार्यरत नहीं है।

4.0 बैंक ऑफ़ इंडिया (न्यूजीलैंड) लि. (अनुषंगी) :

आवश्यक्तानुसार तिमाही के आधार पर सामान्य प्रकटीकरण विवरणी द्वारा ऋण जोखिम का प्रकटीकरण किया जाता है ।

ii. मात्रात्मक प्रकटीकरण: **(रुपये मिलियन में)**

मानकीकृत दृष्टिकोण के अधीन जोखिम के कम होने के पश्चात एक्सपो. जर की राशि के लिए बैंक की बकाया राशि (दर आधारित एवं गैर दर आधारित) निम्नलिखित तीन बृहत जोखिम बकेट एवं जिनकी कटौती की जाती है उन क्षेत्रों; का मात्रात्मक प्रकटीकरण किया जाता है।	
बीओआई का कुल ऋण एक्सपोज़र मानकीकृत दृष्टिकोण के अधीन निम्नलिखित प्रमुख जोखिम बकेट के अंतर्गत वर्गीकृत हैं:-	
100% जोखिम भार से कम	72,79,180.00
100% जोखिम भार	11,06,530.00
100% जोखिम भार से अधिक	2,63,080.00

तालिका डीएफ-5

ऋण जोखिम न्यूनीकरण : मानकीकृत दृष्टिकोण हेतु प्रकटन

i. गुणात्मक प्रकटन

(क) ऋण जोखिम न्यूनीकरण के संबंध में सामान्य गुणात्मक प्रकटन आवश्यकताओं में यह शामिल है:

- ➢ तुलन पत्र में एवं उसके बाहर नेटिंग हेतु नीतियाँ एवं प्रक्रियाएं तथा इस बात का संकेत कि बैंक किस हद तक इंका प्रयोग करता है;
- ➢ संपार्श्विक मूल्यांकन एवं प्रबंधन हेतु नीतियाँ एवं प्रक्रियाएं;
- ➢ बैंक द्वारा लिए गए संपार्श्विक के प्रमुख प्रकारों का विवरण;
- ➢ गारंटीकर्ता काउंटर पार्टी के प्रमुख प्रकार और उनकी ऋण पात्रता; एवं
- ➢ न्यूनीकरण हेतु किए गए उपायों के भीतर (बाजार अथवा ऋण) जोखिम संकेन्द्रण के बारे में सूचना

क: बैंक ऑफ़ इंडिया

1. ऋण जोखिम न्यूनीकरण प्रबंधन का एक अग्रसक्रिय साधन है, जो अच्छे एवं बुरे दोनों समय में राजस्व हानि से कंपनी का रक्षण करता है। बैंक उसके दैनिक परिचालनों में आने वाले ऋण जोखिम के प्रभावों को कम करने के लिए विभिन्न पद्धति और तकनीक अपनाता है। ऐसी प्रक्रिया को ऋण जोखिम न्यूनीकरण का नाम दिया गया है और ऋण जोखिम न्यूनीकरण के कुछ तकनीक को पर्यवेक्षकों द्वारा मूल्य, मुद्रा असंतुलन और परिपक्वता असंतुलन के लिए समायोजन के पश्चात पूंजी प्रभार कटौती करने हेतु उपयोग करने की अनुमति दी गई हैं। नयी पूंजी पर्याप्तता फ्रेमवर्क (बासेल ।।) के अंतर्गत पहचाने गए विभिन्न ऋण जोखिम प्रशामक (सीआरएम) निम्नानुसार है:

(1) संपार्श्विकृत संव्यवहार

(2) ऑन - बैलन्स शीट नेटिंग

(3) गारंटियाँ

2. पात्र वित्तीय संपार्श्विक

मानक अभिगम के अंतर्गत सभी संपार्श्विकों को ऋण जोखिम प्रशामक के रूप में स्वीकारा नहीं गया है। निम्नलिखित वित्तीय संपार्श्विक को स्वीकार किया गया है:

i. नकदी एवं जमाराशियाँ विदेशी मुद्रा की जमाराशियों सहित

ii. स्वर्ण : 99.99% शुद्धता वाले बेंचमार्क सहित

iii. केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा जारी प्रतिभूतियाँ

iv. किसान विकास पत्र और राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र

v. जीवन बीमा पॉलिसियाँ

vi. ऋण प्रतिभूतियाँ- श्रेणीकृत शर्तों के अध्यधीन

vii. ऋण प्रतिभूतियाँ-गैर श्रेणीकृत, बैंकों द्वारा जारी, शर्तों के अध्यधीन

viii. म्युचुअल फंडों की यूनिट, शर्तों के अध्यधीन

ix. संपार्श्विक संव्यवहारों के लिए पूंजी सहायता उपलब्ध करने हेतु कतिपय अतिरिक्त मानदंड हैं, जिनका संपार्श्विक के प्रबंधन पर प्रत्यक्ष वहन है और संपार्श्विक प्रबंधन के दौरान इस पहलू का ध्यान रखा जाता है।

3. ऑन-बैलन्स शीट नेटिंग

ऑन बैलेंस शीट नेटिंग को ऋणों/अग्रिमों (एक्सपोजर के रूप में माने गए) और जमाराशियों (संपार्श्विक के रूप में) तक सीमित रखा जाए, जहाँ पर दस्तावेजो के सबूतों के साथ विशिष्ट ग्रहणाधिकार सहित बैंक का कानूनी प्रवर्तनीय नेटिंग व्यवस्था है और जिसका नेट आधार पर प्रबंधन किया जाता है।

4. गारंटियाँ

जहाँ प्रत्यक्ष, निर्धारित, अविकल्पी और बिना शर्त गारंटियाँ हो, बैंक पूँजी आवश्यकताओं की गणना करने हेतु ऐसे ऋण संरक्षण को मान सकता है. पात्र गारंटीदाताओं/काउंटर गारंटीदाताओं की श्रेणी में ये शामिल हैं:

i. शासक, शासकीय संस्था (बीआईएस, आइएमएफ, यूरोपियन सेन्ट्रल बैंक और यूरोपियन समुदाय के साथ-साथ कतिपय विनिर्दिष्ट एमडीबी, ईसीजीसी और सीजीटीएसएमई), बैंक और काउंटर पार्टी से अन्य निम्न जोखिम भार सहित प्राथमिक व्यापारी;

ii. एए अथवा उससे बेहतर श्रेणी की अन्य संस्थाएं

5. बैंक की सुपरिभाषित संपार्श्विक प्रबंधन नीति है जो संपार्श्विक के सर्वोत्तम उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए नियंत्रित फ्रेमवर्क प्रदान करती है। यह उधार में अंतर्निहित ऋण जोखिम के न्यूनीकरण का प्रमुख घटक है। बैंक मूर्त और अमूर्त दोनों प्रकार की प्रतिभूतियाँ स्वीकार करता है। मूर्त प्रतिभूतियाँ या तो भौतिक स्वरूप की होती है अथवा अन्य सामग्री प्रारूप में जैसे कि नकद मार्जिन, बैंक के पास जमाराशियाँ, स्वर्ण अथवा अन्य मूल्यवान धातु, शेयर्स, एनएससी/केवीपी/जीवन बीमा पॉलिसियाँ। अमूर्त प्रतिभूतियाँ हैं - बैंक गारंटियाँ/साख पत्र, बही ऋण, आश्वासन पत्र, नकारात्मक पुनर्ग्रहणाधिकार पत्र, अपंजीकृत प्रभार इत्यादि। उधार दिए गए धन हेतु प्रतिभूति प्राप्त करने के सामान्य तरीके हैं - बंधक, गिरवी, दृष्टिबंधक और पुनर्ग्रहणाधिकार पत्र। बैंक ऋण एक्सपोजर से सृजित की गई संपत्ति पर प्रथम प्रभार/अथवा समरूप आधार पर सामान्य नियम के अनुसार बैंक का प्रभार दर्ज किया जाए।

सामान्यत जब भी लागू हो/अनुमत होने पर गारंटी का आग्रह किया जाए गारंटीकर्त्ता के प्रमुख प्रकार हैं:-

i) केंद्र/राज्य सरकार और केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित एजेन्सियाँ जैसी डीआईसीजीसी, सीजीटीएमएसई और ईसीजीसी

ii) कारपोरेट्स के प्रोमोटर/प्रमुख स्वामी

iii) व्यक्तियों के मामले में रिश्तेदारों की व्यक्तिगत गारंटी

6. संपार्श्विक प्रबंधन के विभिन्न पहलू इस प्रकार हैं -

संपार्श्विक को स्वीकार करने हेतु न्यूनतम शर्तें: संपार्श्विक को वैध और प्रवर्तनीय बनाने के लिए बैंक यह सुनिश्चित करता है कि संपार्श्विक के रूप में स्वीकार की गई आस्तियाँ बिक्री योग्य, कानूनी प्रवर्तनीय और आवश्यकता पड़ने पर उसको नियंत्रण में लिये जा सकने योग्य है। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि आस्ति का बाजार मूल्य सहज निर्धारण योग्य हो अथवा उसे उचित रूप से स्थापित और सत्यापित किया जा सके। आंतरिक नियंत्रण के उद्देश्य से संपार्श्विक के रूप में स्वीकार्य आस्तियों के प्रकार और प्राथमिक प्रतिभूति के रूप में ली जाने वाली इन प्रत्येक आस्तियों के मूल्य अनुपात के अधिकतम ऋण की सूची बैंक के पास है। संपार्श्विक लेते समय बैंक सांविधिक बाध्यताओं का भी ध्यान रखता है।

क) संपार्श्विक की वैधता

i) प्रवर्तनीयता:

बैंक सुनिश्चित करता है कि संपार्श्विक के समर्थन में ऋण दस्तावेजीकरण सभी संबंधित क्षेत्राधिकारों में कानूनी रूप से प्रवर्तनीय हो और उधारकर्ता की बाध्यताओं को विमुक्ति हेतु निर्बाध रूप से संपार्श्विक को लागू करने हेतु बैंक को अधिकार देता हो।

ii) **हक और स्वामित्व:**

बैंक हमेशा संपार्श्विक के रूप में आस्ति का स्वीकार करने से पूर्व उसके अस्तित्व तथा स्वामित्व का सत्यापन करता है और सुनिश्चित करता है कि किसी अन्य पक्ष का कथित संपार्श्विक पर कोई पूर्व

दावा नहीं है। ऋण सुविधा के ड्रॉ डाउन से पूर्व ही बैंक संपार्श्विक के नियंत्रण को सुरक्षित करता है। ऋण जोखिम के प्रबंधन के सरलीकरण के लिए शीर्ष प्रबंधन को संपार्श्विक पर सूचना आवधिक रूप

ख) **मूल्य-ऋण अनुपात :**

बैंक ने प्राथमिक प्रतिभूति के रूप में स्वीकार की जाने वाली प्रमुख आस्तियों के लिए मूल्य अनुपात (मार्जिन) से अधिकतम ऋण निर्धारित किया है। ऐसे अनुपात आस्ति की संबंधित जोखिम के आनुपातिक होते हैं और संपार्श्विक की वसूली के समय होनेवाली संभाव्य हानि के विरूद्ध पर्याप्त प्रतिरोध प्रदान करते हैं।

ग) **मूल्यांकन :**

संपत्ति मूल्यांकन के लिए बैंक के बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति है जो बैंक के एक्सपोजर हेतु स्वीकार्य है, जिसमें पूरे बैंक में अनुपालन हेतु मूल्यांकन का आधार, मूल्यांकक की अर्हता और पुनर्मूल्यांकन की बारंबारता निर्धारित की गई है।

घ) **संपार्श्विक को सुरक्षित रखना तथा उसमें पहुँच का नियंत्रण :**

संपार्श्विक के स्वीकारने, निगरानी अथवा सुरक्षित अभिरक्षा के अनुमोदन का प्राधिकार और उत्तरदायित्व संबंधित व्यक्तियों और विभागों को दिया गया है।

ड) **अतिरिक्त संपार्श्विक/उसका प्रतिस्थापन**

अतिरिक्त संपार्श्विक के लिए अनुरोध करने की कार्यविधि का स्पष्ट दस्तावेजीकरण किया गया है।

च) **बीमा :**

विशेष रूप से छूट प्रदत्त संपार्श्विक को छोड़कर, सभी पात्र संपार्श्विक संबंधित जोखिम हेतु बीमा द्वारा संरक्षित हैं और इसके लिए विस्तृत दिशानिर्देश तैयार किए गए हैं।

छ) **संपार्श्विक की बिक्री :**

संपार्श्विक के समय पर परिसमापन के लिए बैंक की सुस्पष्ट और सुदृढ़ प्रक्रिया है।

ख: **पीटी बैंक ऑफ़ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके**

संपार्श्विक मूल्यांकन हेतु पीटी बैंक ऑफ़ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके की नीति एवं कार्य विधि है जो बैंक ऑफ़ इंडोनेशिया विनियमन और बंधक ऋण हेतु राष्ट्रीय विवेक पर आधारित है। यदि संपार्श्विक का मूल्य आईएनआर 2.79 करोड़ से अधिक है तो संपार्शिक का स्वतंत्र मूल्यांकन किया जाता है। संपार्श्विक के स्वरूप पर आधारित परिसमापन मूल्य की गणना की जाती है। संपार्श्विक मूल्य की प्रत्येक वर्ष समीक्षा की जाती है। भूमि एवं भवन के रूप में प्रमुख रूप से संपार्श्विक स्वीकार किया जाता है। सामान्यता व्यक्तिगत एवं अन्य पक्ष गारंटी नहीं ली जाती। संकेन्द्रण से बचने हेतु ऋणों में क्षेत्रवार सीमा निर्धारित की गई है। बैंक को संपार्श्विकों या जोखिम शामकों के संकेन्द्रण का कोई बड़ा जोखिम नहीं है।

ग: **बैंक ऑफ़ इंडिया (तंजानिया) लि. और बैंक ऑफ़ इंडिया (न्यू. जीलैण्ड) लि.**

बैंक के स्वयं की मीयादी जमाराशि रसीदों, अचल संपत्ति पर विधिक बंधक, कंपनी की चल संपत्ति पर दृष्टि प्रबंधक प्रभार, शेयर की गिरवी इत्यादि के रूप में संपार्श्विक प्राप्त किए जाते हैं।

नियामक की आवश्यकताओं के अनुसार एकल उधारकर्ता/समूह को प्रदान किए जाने वाले अधिकतम एक्सपोजर निम्नानुसार है।

संपार्श्विक स्थिति	सीमा (कोर पूँजी के % के रूप में)
1) संपार्श्विक द्वारा प्रतिभूति जिसका मूल्य कम से कम हो	
क) उसके द्वारा प्रतिभूत ऋण निभाव के 125% (पूर्णत: प्रतिभूत)	25
ख) संपार्श्विक द्वारा प्रतिभूत जिसका मूल्य उसके द्वारा प्रतिभूत ऋण निभाव के 125% से कम है (आंशिक रूप से प्रतिभूत)	10
ग) अप्रतिभूत	5

घ. **बैंक ऑफ़ इंडिया (युगांडा) लि.**

बैंक के स्वयं की मीयादी जमाराशि रसीदों, अचल संपत्ति पर विधिक बंधक, कंपनी की चल संपत्ति पर दृष्टि प्रबंधक प्रभार, शेयर की गिरवी इत्यादि के रूप में संपार्श्विक प्राप्त किए जाते हैं।

नियामक की आवश्यकताओं के अनुसार एकल उधारकर्ता/समूह को प्रदान किए जाने वाले अधिकतम एक्सपोजर निम्नानुसार है।

संपार्श्विक स्थिति	सीमा (कोर पूँजी के % के रूप में)
1) संपार्श्विक द्वारा प्रतिभूति जिसका मूल्य कम से कम हो	एकल उधारकर्ता एक्सपोजर सीमा पूंजी का 25% है और उसे कोर पूंजी के 50% तक बढ़ाया जा सकता है
क) उसके द्वारा प्रतिभूत ऋण निभाव के 125% (पूर्णत: प्रतिभूत)	
ख) संपार्श्विक द्वारा प्रतिभूत जिसका मूल्य उसके द्वारा प्रतिभूत ऋण निभाव के 125% से कम है (आंशिक रूप से प्रतिभूत)	
ग) अप्रतिभूत	

मात्रात्मक प्रकटन :

(राशि रु. मिलियन में)

ए) प्रथक रूप से प्रकटन किए गए प्रत्येक ऋण जोखिम संविभाग के लिए कुल एक्स्पोजर (जहां लागू हो, ऑन-ऑफ बैलेन्स शीट नेटिंग के बाद) जो पात्र वित्तीय संपार्श्विक द्वारा संरक्षित है : हेयर कट लागू करने के बाद।	3,94,190.00
(बी) प्रथक रूप से प्रकटन किए गए प्रत्येक ऋण जोखिम संविभाग के लिए कुल एक्स्पोजर (जहां लागू हो, ऑन-ऑफ बैलेन्स शीट नेटिंग के बाद) जो गारंटी/क्रेडिट व्युत्पन्न द्वारा संरक्षित है (जब भी आरबीआई द्वारा विशेष रूप से अनुमति दी गई है।)	8,16,140.00

तालिका डीएफ-6

प्रतिभूतिकरण एक्स्पोजर : मानकीकृत दृष्टिकोण हेतु प्रकटन

i. गुणात्मक प्रकटन

क बैंक ऑफ़ इंडिया

यथा दिनांक 31.03.2022 बैंक का कोई प्रतिभूतिकरण एक्सपोजर नहीं है।

ii. मात्रात्मक प्रकटन :-

लागू नहीं

तालिका डीएफ-7

लेन-देन बही में बाजार जोखिम

i. गुणात्मक प्रकटन:

(क) मानकीकृत दृष्टिकोण में शामिल पोर्टफोलियो को शामिल करते हुए बाजार जोखिम हेतु सामान्य गुणात्मक प्रकटन आवश्यकता

ए: बैंक ऑफ़ इंडिया

लेन-देन बही में बैंक निवेशों के "लेन-देन हेतु धारित" (एचएफटी) एवं "बिक्री हेतु उपलब्ध" (एएफएस) पोर्टफोलियों को धारित करता है। शेष आस्तियों- अर्थात परिपक्वता हेतु धारित पोर्टफोलियों और अग्रिमों के अंतर्गत निवेशों को बैंकिंग बही के रूप में माना जाता है। नीचे बाजार जोखिम प्रबंधन प्रयोजन एवं नीतियों का संक्षिप्त ब्योरा दिया गया है।

(i) कार्यनीतियाँ एवं प्रक्रियाएं:

बाजार जोखिम प्रबंधन के अंतर्गत तरलता जोखिम, ब्याज दर जोखिम, विदेशी विनिमय जोखिम एवं इक्विटी कीमत जोखिम की निगरानी की जाती है। बैंक वर्तमान में कमाडिटी में लेन-देन नहीं कर रहा है।

ए. तरलता जोखिम

तरलता जोखिम की निगरानी के लिए गैप विश्लेषण का पाक्षिक आधार पर अनुपालन किया जाता है। संयमी गैप से संचयी आउटफ्लो का प्रतिशत निकालने के लिए प्रूडेंसियल सीमा का उपयोग किया जाता है- 28 दिनों तक के अल्पावधि बकेट के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशों के अध्यधीन निगरानी की जाती है। इसके अतिरिक्त, प्रूडेंसियल सीमाएं बाजार उधार दैनिक एवं औसत कॉल उधार, आंतर बैंक देयताएं, खरीदी गयी नीधियां आदि के लिए काम करती।

ऊँचे मूल्य की एकमुश्त जमाराशियों की निगरानी साप्ताहिक आधार पर की जाती है। अल्पावधि डायनामिक तरलता विवरणी तरलता स्थिति का आकलन करने के लिए पाक्षिक आधार पर तैयार की जाती है जो व्यवसाय वृद्धि को ध्यान में रखकर चलती है। एक आकस्मिक निधि योजना तात्कालिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार की गयी है। योजना का तिमाही आधार पर परीक्षण किया जाता है। बैंक को संभावित नुकसान का आकलन करने के लिए तिमाही आधार पर स्ट्रेस परीक्षण भी किया जाता है। यह ऐसी स्थिति में जब कोई तरलता संबंधी तकलीफ हो और यदि आकस्मिकताओं को पूरा करने के लिए बाजार से निधियां जुटाई जानी हों।

बी. ब्याज दर जोखिम

पिछले 12 माह के दौरान एवं अगले वित्तीय वर्ष तक बैंक की निवल ब्याज आय पर प्रभाव का आकलन करने के लिए गेप विश्लेषण उपयोग में लिया जाता है। बैंक अवधि गेप विश्लेषण को भी उपयोग में लेता है। देयताओं की अवधि के लिए प्रूडेंसियल सीमाएं नियत की गयी हैं। बैंक के निवेश पोर्टफोलियों की अवधि आधार पर निगरानी की जाती है।

एसएलआर एवं गैर एसएलआर (देशीय) प्रूडेंसियल सीमाओं के अंतर्गत दिनांकित प्रतिभूति के लिए वीएआर पद्धति अपनायी जाती है। वीएआर के लिए यह नियत की गयी है एवं दैनिक आधार पर निगरानी की जा रही है एवं उच्च प्रबंधन को रिपोर्ट की जा रही है। दिनांकित प्रतिभूतियों में विदेशी निवेश सामान्यतया हैज किए जाते हैं एवं ब्याज दर जोखिम निम्नतम है। विदेशी मुद्रा विनिमय में भी वीएआर सीमा नीयत की गई है।

स्ट्रेस टेस्टिंग में इक्विटी के आर्थिक मूल्य पर प्रभाव का आकलन 200 बेसेस पाईंट द्वारा बाजार दर में परिवर्तन का सॉक लगाकर किया जाता है।

सी. विदेशी विनिमय जोखिम

बैंक के विभिन्न मुद्राओं में विदेशी विनिमय एक्सपोजर के लिए अधिकतम डेलाइट एवं ओवरनाइट एक्सपोजर नियत किया है। इसके अलावा, नुकसान रोक सीमा, लाभ सीमा लेना एवं एकल व्यवहार सीमाएं डीलरों के फोरेक्स परिचालनों पर निगरानी रखने के लिए बनायी गयी हैं।

नेट ओपन पोजीशन हेतु प्रूडेंसियल सीमा नियत करके डेरिवेटिव संव्यवहार की निगरानी की जाती है और बकाया डेरिवेटिव पर पीवी 01 का केप रखा जाता है।

डी. इक्विटी कीमत जोखिम

बैंक की स्वदेशी निवेश नीति के इक्विटी डीलरों के लिए नुकसान रोक सीमाएं नियत की हैं - ट्रेजरी के लिए दैनिक सीमा, अधिकतम निवेश सीमा, इक्विटी पोर्टफोलियो के लिए होल्डिंग अवधि (ट्रेडिंग)। उच्चतम प्रबंधन को दैनिक

आधार पर संव्यवहारों एवं लाभ की रिपोर्टिंग की जाती है।

ई. बाजार जोखिम प्रबंधन कार्य का ढांचा एवं संगठन:

जोखिम प्रबंधन बोर्ड संचालित कार्य है जिसे तीन स्तरों पर सपोर्ट किया जाता है: देखभाल करने एवं निर्देश जारी करने के लिए बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति, जहाँ कहीं आवश्यक हो/जोखिम प्रबंधन नीतियां आदि के अनुमोदन करने के लिए। नीतियों, सीमाओं,विस्तार आदि पर चर्चा के लिए मार्केट जोखिम प्रबंधन समिति (एमआरएमसी) एक मूलभूत स्तरीय समिति है।

आस्ति देयता प्रबंधन समिति (एएलसीओ), तरलता जोखिम प्रबंधन के संबंध में नीतिगत मामलों पर विचार करती है। एएलएम कक्ष ग्राउंड लेवल पर समर्थन प्रदान करता है। आस्ति देयता प्रबंधन समिति विदेशी केन्द्रों पर भी परिचालन में हैं।

ii. जोखिम रिपोर्टिंग का स्कोप एवं प्रकृति और/अथवा मापांकन प्रणाली

स्वदेशी कारोबार के संबंध में बाजार जोखिम का प्रबंधन करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन किया जाता है - जैसे कि मासिक आधार पर ब्याज दर संवेदनशीलता विवरण तैयार किया जाना-दैनिक आधार पर लेन-देन बही में निवेशों का अवधि विश्लेषण- ईक्विटी पोर्टफोलियों को छोड़कर दैनिक आधार पर वीएआर लेन-देन बही निवेश की वीएआर गणना करने- तिमाही आधार पर तरलता जोखिम/ बाजार जोखिम के लिए स्ट्रेस परीक्षण करना, वैश्विक तुनल पत्र का अवधिक विश्लेषण और मासिक आधार पर इक्विटी के आर्थिक मूल्य पर प्रभाव पर समीक्षा की जाती है ।एएलसीओ द्वारा मासिक आधार पर ब्याज दर संवेदनशीलता की समीक्षा की जाती है।

बाजार उधार लेन-देन के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुरूप तरलता जोखिम की निगरानी के लिए विभिन्न विवेकपूर्ण उपाय किए गए हैं। मासिक आधार पर ढांचागत तरलता विवरणी तैयार की जाती है और पाक्षिक आधार पर अल्पावधि गतिशील तरलता विवरणी तैयार की जाती है और उच्च प्रबंधन/ एएलसीओ को रिपोर्ट की जाती है। अंतर्राष्ट्रीय परिचालनों की ढांचागत तरलता कार्पोरेट स्तर पर तिमाही आधार पर की जा रही है।

स्ट्रेस परीक्षण एवं इक्विटी के आर्थिक मूल्य पर प्रभाव का परिणाम एएलसीओ को रिपोर्ट किया जाता है। लेन-देन बही स्थिति - ड्यूरेशन एवं वीएआर दैनिक आधार पर उच्चतम प्रबंधन को रिपोर्ट किया जाता है।

(iii) हैजिंग और/अथवा जोखिम न्यूनीकरण के लिए नीतियां :

आस्ति देयता प्रबंधन एवं बाजार जोखिम प्रबंधन से संबंधित विस्तृत नीतियां कार्यरत हैं जो बाजार जोखिम की निगरानी के लिए विभिन्न रणनीतियों एवं प्रक्रियाओं पर विस्तार से प्रकाश डालती है।

(iv) पीटी बैंक ऑफ़ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके (अनुषंगी):

वाणिज्यिक बैंक के लिए न्यूनतम पूंजी पर्याप्तता आवश्यकता से संबंधित बैंक इंडोनेशिया के विनियमन के अनुसार, पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) के परिकलन हेतु बाज़ार जोखिम के मापन के लिए अनिवार्य श्रेणी में बैंक शामिल नहीं है। यह इसलिए है कि बैंक विदेशी विनिमय बैंक है जिसके ट्रेडिंग बुक में प्रतिभूतियों और/अथवा डेरिविटिव संव्यवहार के रूप में वित्तीय लिखत आईडीआर 20 बिलियन (यूएसडी 1.7 मिलियन अनुमानित) से कम की रकम है।

बी. बैंक ऑफ़ इंडिया (तंजानिया) लि., (अनुषंगी) बैंक ऑफ़ इंडिया (न्यूजीलैंड)लि. (अनुषंगी) और बैंक ऑफ़ इंडिया (युगांडा) लि.

क. बाज़ार जोखिम के सामान्य गुणात्मक प्रकटन की आवश्यकता जिसमें मानकीकृत दृष्टिकोण के संविभाग भी शामिल है।

i. बाजार जोखिम: ब्याज दर, मुद्रा तथा इक्विटी उत्पाद में खुली स्थिति से बाजार जोखिम उत्पन्न होती है। बोर्ड सीमा निर्धारित करता है तथा स्वीकार किए जाने वाले, जोखिम पर नियमित अंतराल पर उसकी समीक्षा करता है। इसके अतिरिक्त दैनिक आधार पर एक्सपोजर की निगरानी की जाती है।

ii. तरलता जोखिम: ओवरनाइट जमा से नकदी संसाधन, चालू खाते, परिपक्व जमाराशियां, ऋण आहरण और गारंटियों से उपलब्ध नकद स्त्रोतों से दैनिक मांग के लिए तथा मार्जिन और अन्य नकद समझौतों पर मांग से बैंक को नकद आरक्षित रखना पडता है। ऐसे मांग की पूर्ति करने के लिए परिपक्व निधि के उपलब्ध अंश के आधार पर बोर्ड ने उनके अनुभव पर सीमा निर्धारित की है और अंतर बैंक तथा अन्य उधार सुविधा के न्यूनतम स्तर पर जो मांग की अपेक्षित आहरण को कवर कर सके।

iii. ब्याज दर जोखिम- बैंक को उसकी वित्तीय स्थिति तथा नकदी प्रवाह पर प्रचलित बाजार ब्याज दर में उतर चढाव के परिणाम के साथ जुड़ी विभिन्न जोखिमों को उठाना पड़ता है। बैंक को जमा राशि ऋण तथा बाजार प्रवृत्ति के परिवर्तन के अनुरूप दरों को परिवर्तित करने का विवेकाधिकार है। यह उपाय ब्याज दर जोखिम को बैंक एक्सपोजर न्यूनतम रखते है।

iv. मुद्रा जोखिम : बैंक को विदेशी मुद्रा दर में परिवर्तन के कारण वित्तीय लिखत के मूल्य में होने वाले उतार-चढ़ाव की जोखिम उठानी पड़ती है। बैंक विदेशी मुद्रा बाजार में केवल जितनी आवश्यक मुद्रा की खरीदी तथा बिक्री के आधार तक शामिल रहती है। बैंक विदेशी मुद्रा वायदा बाजार में शामिल नहीं होता है और इस प्रकार जोखिम सीमित हो जाती है।

ii. मात्रात्मक प्रकटन

(रु. मिलियन में)

निम्नलिखित के लिए पूंजी आवश्यकता	
ब्याजदर जोखिम	6,061.50
विदेशी विनिमय जोखिम (गोल्ड सहित)	283.50
ईक्विटी जोखिम	3,005.00
# पूंजी आवश्यकता का परिकलन आरडब्ल्यूए की 9% की दर पर न्यूनतम विनियामक आवश्यकता पर किया जाता है।	

तालिका डीएफ-8

परिचालनात्मक जोखिम

गुणात्मक प्रकटन

साधारण गुणात्मक प्रकटन आवश्यकता के अतिरिक्त जिसके लिए बैंक अर्हता प्राप्त है उस परिचालन जोखिम पूंजी मूल्यांकन हेतु बैंक का (के) दृष्टिकोण ।

ए: बैंक ऑफ़ इंडिया

बैंक जोखिम प्रबंधन की सर्वोत्कृष्ट प्रक्रिया अपनाता है। बैंक कारोबार की विभिन्न पद्धतियों के तहत समस्त आर्थिक उत्पादों, प्रक्रियाओं और प्रणालियों के परिचालन जोखिम का सतत निर्धारण और अभिनिर्धारण करता है। समस्त नये उत्पाद, गतिविधियाँ और प्रणालियाँ पहले नया उत्पाद समूह समिति और फिर परिचालन जोखिम प्रबंधन समिति (सीओआरएम) अथवा ऋण जोखिम प्रबंधन समिति (सीआरएमसी), जो लागू हो के माध्यम से कार्यान्वित होती है। सभी नीतियां बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति (आर.काम) द्वारा मंजूरी दिए जाने के बाद ही बोर्ड द्वारा अनुमोदित की जाती है। मुख्य जोखिम अधिकारी, आरकॉम और विदेशों में दिन-प्रतिदिन के परिचालन गत जोखिम प्रबंधन के निदेशों को कार्यान्वित करते है ।

जोखिम प्रबंधन कार्य, कारोबार परिचालन जोखिम प्रबंधकों (बीओआरएम) तथा परिचालनगत जोखिम प्रबंधन विशेषज्ञ (ओआरएमएस) के निकट सहयोग से कार्य करता है। बीओआरएम तथा ओआरएमएस की समिति परिचालनगत . जोखिम प्रबंधन प्रभाग को आवधिक आधार पर जोखिम और नियंत्रण निर्धारण करना, हानि की रिपोर्टिंग करना तथा मुख्य जोखिम संकेतक (केआरआरइ) पर नज़र रखने में सहायता करती है।

अर्धवार्षिक आधार पर लॉस डेटा विश्लेषण के रूप में जोखिम रिपोर्टिंग की जाती है जिससे उच्च जोखिम प्रवणता वाले उत्पाद और कारोबार लाइन का निर्धारण किया जा सके और न्यूनीकरण उपाय अपनाए जा सके। शाखा स्तर के केआरआई और बैंक स्तर के केआरआई को तिमाही आधार पर ट्रैक किया जाता है।सभी बैंक के उत्पादों और प्रक्रियाओं के लिए वार्षिक आधार आरसीएसए कार्रवाई की जाती है।

बैसिक इंडिकेटर दृष्टिकोण द्वारा ऑपरेशनल रिस्क कैपिटल चार्ज की गणना की जाती है। वर्तमान में बैंक ऑपरेशनल रिस्क कैपिटल चार्ज के परिकलन के लिए उन्नत मापन के प्रयास अपना रहा है। परिचालन जोखिम पूंजी प्रभार की गणना के लिए समानान्तर रन के लिए बैंक को द स्टैंडर्डाइज्ड अप्रोच(टीएसए) में माइग्रेट करने के लिए अनुमोदन मिला है ।

बी: पीटी बैंक ऑफ़ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके (अनुषंगी)

कार्यों का पृथक्करण, प्रशिक्षण, स्पष्ट रूप से निर्धारित कार्यवाहियां, इत्यादि जैसे परिचालन जोखिम प्रबंधन के लिए बैंक ने श्रेष्ठ प्रक्रिया अपनाई है।

परिचालन जोखिम के प्रबंधन में, नीतियों और कार्यविधियों के नियंत्रण और रूटीन पर्यवेक्षण के संदर्भ में प्रत्येक इकाई जिम्मेदार है। अपरिहार्य परिस्थितियों से बचने प्रणाली के लिए उत्पाद का विकास, प्रणाली, मानव संसाधन और “अपने ग्राहक को जानों” से संबंधित क्षेत्र शामिल है।

परिचालन जोखिम को कम करने के लिए बैंक ने संव्यवहार प्रोसेसिंग में नियंत्रण कार्य को बढ़ा दिया है जिसमें संव्यवहार के समय के अंदर पूरा करना, लागू मानकों के लेखांकन पद्धति का समायोजन,ठीक ढंग से रिकार्ड का अनुरक्षण, आस्ति तथा डेटा तक सुरक्षित पहुंच के लिए अन्यों के बीच क्रियान्वित करने हेतु कार्य विधि सुनिश्चित करना है। आंतरिक लेखा परीक्षा इकाई का कार्य जो परिचालन गतिविधियों की नियमित जांच करती है, आवश्यक सुधार को बेहतर बना रही है। बैंक परिचालन जोखिम के परिकलन के लिए जोखिम भारित आस्तियों में बेसिक इंडिकेटर एप्रोच (एटीएमआर) का प्रयोग कर रही है।

बैंक में एक आंतरिक नियंत्रण इकाई भी है जो सुनिश्चित करता है कि सभी कारोबार इकाई बैंक की प्रक्रिया का और साथ ही स्थानीय सरकार के विनियमों का भी अनुपालन करते हैं।

सी: बैंक ऑफ़ इंडिया (तंजानिया) लि. (अनुषंगी) , बैंक ऑफ़ इंडिया (न्यू. जीलैण्ड) लि. (अनुषंगी) और बैंक ऑफ़ इंडिया (युगांडा) लि.

परिचालनात्मक जोखिम प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष हानि का जोखिम है जो विभिन्न कारणों से उत्पन्न होती है जो बैंक की प्रक्रिया, कार्मिक, प्रौद्योगिकी और आधार संरचना से संबद्ध है और क्रेडिट, बाजार, तरलता जोखिम छोड़कर बाह्य कारक जैसे विधिक और विनियामक जरूरतों और कारपोरेट व्यवहार के आम स्वीकृत मानकों से उत्पन्न होते है। परिचालनात्मक जोखिम बैंक की सभी गतिविधियों से उत्पन्न होती है।

वित्तीय हानि एवं कुल लागत प्रभावशीलता सहित बैंक की प्रतिष्ठा धूमिल होने से बचाव को संतुलित करने और नियंत्रण कार्रवाई जो पहल एवं रचनात्मकता को सीमित करती है, से बचाव के लिए परिचलनात्मक जोखिम का प्रबंध करना बैंक का उद्देश्य है।

परिचालनात्मक जोखिम का ध्यान रखने के लिए प्रबंधन विकास एवं कार्यान्वयन नियंत्रण हेतु प्राथमिक उत्तरदायित्व प्रत्येक शाखा स्तर पर वरिष्ठ प्रबंधन हेतु निर्धारत किया गया है। परिचालनात्मक जोखिम के प्रबंधन हेतु कुल मानकों के विकास उत्तरदायित्व में निम्नलिखित क्षेत्रों में सहायक है :-

- ➢ संव्यवहार के स्वतंत्र प्राधिकार सहित कार्य के उचित पृथक्करण की आवश्यकता;
- ➢ संव्यवहार के समाधान एवं निगरानी की आवश्यकता;
- ➢ नियामक एवं अन्य विधिक आवश्यकताओं सहित अनुपालन;
- ➢ नियंत्रण एवं प्रक्रिया का प्रलेखीकरण;
- ➢ महसूस किए गए परिचालनात्मक जोखिमों के निर्धारण की आवश्यकता तथा पहचान किए गए जोखिमों का ध्यान रखने के लिए नियंत्रण एवं प्रक्रिया की पर्याप्तता;
- ➢ परिचालनात्मक हानि की रिपोर्टिंग एवं प्रस्तावित निवारणात्मक कार्रवाई की आवश्यकता;
- ➢ आकस्मिकता योजना का विकास;
- ➢ प्रशिक्षण एवं व्यावसायिक विकास;
- ➢ नैतिक एवं कारोबार मानक;
- ➢ बीमा सहित जोखिम कमी, जहां यह प्रभावी है।

तालिका डीएफ - 9

बैंकिंग बही में ब्याज दर जोखिम (आईआरआरबीबी)

i. गुणात्मक प्रकटन

साधारण गुणात्मक प्रकटन अपेक्षा में आईआरआरबीबी और प्रमुख धारणाओं के ऋण भुगतान और अ-परिपक्व जमा का परिचालन संबंधी धारणाओं का स्वरूप तथा आईआरआरबीबी मापने की बारंबारता शामिल है।

ए: बैंक ऑफ़ इंडिया

बैंकिंग बही में ब्याज दर जोखिम की आम तौर पर तिमाही आधार पर गणना की जाती है। बैंकिंग बही में परिपक्वता हेतु धारित (एचटीएम) संविभाग में धारण किए सभी अग्रिम और निवेश सम्मिलित है।

कार्यनीति और प्रणालियाँ/संरचना और संगठन/जोखिम रिपोर्टिंग संबंधी कार्यक्षेत्र और स्वरूप/नीतियों आदि वही हैं जो टेबल डीएफ-7 के तहत रिपोर्ट की गई है।

आईआरआरबीबी माप की कार्य-प्रणाली और प्रमुख धारणाएँ निम्नानुसार है;

- ➢ अग्रिमों तथा जमा राशियों, जो बैंक का 100% कारोबार कवर करती है, की शेष परिपक्वता पर नेटवर्क की शाखाओं से प्राप्त मासिक सूचना के आधार पर विभिन्न समय बकेट के साथ ब्याज दर संवेदनशील और विभिन्न आस्तियों व देयताओं की शेष परिपक्वता को ध्यान में लेते हुए संवेदनशीलता विवरण तैयार किया जाता है।
- ➢ प्रत्येक आस्ति एवं देयता की अवधि, प्रत्येक टाईम बकेट के मध्यबिंदु को परिपक्वता दिनांक के रूप में एवं औसत प्राप्ति को कूपन के रूप में तथा भुनाई प्रयोजन के लिए बाजार दर को लेकर परिचालित की जाती है। निवेशों के लिए, वास्तविक अवधि ली जाती है, जैसा कि डाटा संपूर्ण ब्योरों सहित उपलब्ध रहता है। निवेशों के संबंध में इस प्रयोग के लिए एएफएस एवं एचएफटी संविभागों को अलग रखा जाता है, जैसा कि बैंकिंग बही में आईआरआर पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है।
- ➢ उक्त के उपयोग से, प्रत्येक बकेट के लिए देयताओं और आस्तियों की आशोधित अवधि परिकलित की जाती है और ब्याज दर में 1% से परिवर्तन के लिए उनके मूल्य पर प्रभाव माना जाता है। उसमें जोड़कर निवल स्थिति परिकलित की जाती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मूल्य में सकारात्मक वृद्धि है या अन्यथा।

धारणाएँ :

i. समस्त टाइम बकेट और समस्त आस्तियों के लिए ब्याज दर सभी समान रूप से चालित होता है।

ii. मांग जमा राशियों-बचत तथा चालू के संदर्भ में इसे भारतीय रिज़र्व बैंक दिशानिर्देशों के अनुसरण में स्ट्रेस परीक्षण पर विभाजित किया जाता है।

iii. आम तौर पर, बैंक आईआरआरबीबी की गणना करते समय कूपन दर/भुनाई दर का चयन/परिपक्वता तारीख के रूप में प्रत्येक टाईम बकेट के मध्यबिंदु , को लेना आदि सहित रिज़र्व बैंक के तनाव परीक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करता है।

iv. बीपीएलआर लिंकड अग्रिमों/बेस रेट के पुनर्मूल्य निर्धारण को 3 से 6 माह के बकेट में लिया गया है।

v. एमसीएलआर से संबद्ध अग्रिमों का पुनर्मूल्यन, उस एमसीएलआर परिपक्वता अवधि के आधार पर किया गया है जिससे ये एमसीएलआर संबद्ध है।

बी: पीटी बैंक ऑफ़ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके, बैंक ऑफ़ इंडिया (तंजानिया) लि., बैंक ऑफ इंडिया (न्यूजीलैंड) लि. (अनुषंगियां) तथा बैंक ऑफ़ इंडिया युगांडा लि. (अनुषंगियाँ)

बैंक अपनी वित्तीय स्थिति एवं नकदी प्रवाह पर बाजार ब्याज दरों के वर्तमान स्तरों में अस्थिरता के प्रभाव सहित शामिल विभिन्न जोखिमों से युक्त है। बाजार प्रवृत्ति में परिवर्तन के साथ-साथ बैंक को जमा राशियों, ऋण एवं अग्रिमों पर ब्याज दर में संशोधन करने का विवेकाधिकार है। इन उपायों के कारण बैंक के ब्याज दर जोखिम का क्षेत्र कम होता है।

II. मात्रात्मक प्रकटन

आईआरआरबीवी मापने के लिए प्रबंधन की प्रणाली के अनुसार उर्ध्वमुखी और अधोमुखी रेट शॉक के लिए उपार्जन और आर्थिक मूल्य (अथवा प्रबंधन द्वारा प्रयुक्त संबद्ध उपाय) में वृद्धि (ह्रास), मुद्रा द्वारा खंडित (जहां कुल पण्यावर्त के 5% से अधिक पण्यावर्त होता है)

बैंकिंग बही में ब्याज दर जोखिम (बीओआई सोलो)

(रु. मिलियन में)

	कुल	जिसमें से, यूएसडी में (जहाँ कारोबार कुल कारोबार के 5% से अधिक है)
1. जोखिम पर अर्जन (एनआईआई)		
1 वर्ष के लिए 0.50% परिवर्तन	0.78%	0.04%
2. जोखिम पर ईक्विटी का आर्थिक मूल्य		
200 बेसिक पॉईंट शॉक		
% ता के रूप में इक्विटी मूल्य में कमी	2.49%	4.17%

तलिका - डीएफ 10

प्रतिपक्षी ऋण जोखिम से संबंधित एक्सपोज़र के लिए सामान्य प्रकटन

I. गुणात्मक प्रकटन

बैंक तुलन पत्र की मदों के साथ प्रतिपक्षी कारोबार के उद्देश्य से हैजिंग के लिए व्युत्पन्न उत्पादों का प्रयोग करता है। व्युत्पन्न परिचालन के जोखिम प्रबंधन के शीर्ष में वरिष्ठ कार्यपालक रहते हैं जो उच्च प्रबंधन को रिपोर्ट करते है, यह लाइन कार्यों से स्वतंत्र है। ट्रेडिंग की स्थिति दैनंदिन आधार पर बाज़ार मूल्य को बही में अंकित किया जाता है।

जोखिम प्रबंधन विभाग द्वारा व्युत्पन्न नीति बनाई जाती है जिसमें ऋण जोखिम

और बाजार जोखिम को आंकना शामिल है।

तुलन पत्र प्रबंधन के लिए हैज़ संव्यवहार किया जाता है जोखिमों के सही रिपोर्टिंग और निगरानी के लिए उचित प्रणाली है। हैजिग की नीति और उसकी निगरानी की प्रक्रिया भी उसी प्रकार से है।

हैज तथा गैर-हैज़ संव्यवहारों को रिकार्ड करने के लिए लेखांकन नीति है जिसमें आय की पहचान, प्रीमियम और छूट का निर्धारण शामिल है। बकाया संविदा, प्रावधानीकरण, संमार्श्विक और जोखिम न्यूनीकरण का मूल्यांकन किया जा रहा है।

कंरट एक्सपोज़र मेथोडोलज़ी (सीईएम) के अनुरूप क्रेडिट समतुल्य अथवा ईएडी परिकलित की गई है। संभाव्य एक्सपोज़र का परिकलन क्रेडिट कनव. र्जन फैक्टर के साथ कल्पित मूलधन को गुणा करके किया जाता है। प्रतिस्थापन लागत सकारात्मक बाजार मूल्य है। चालू एक्सपोज़र प्रतिस्थापन लागत के समान है। क्रेडिट समतुल्य अथवा ईएडी संभाव्य एक्सपोज़र और चालू एक्सपोज़र का जोड़ है।

ii. मात्रात्मक प्रकटन

क) संविदाओं का सकल सकारात्मक उचित मूल्य,लाभ की निवल राशि, चालू ऋण एक्सपोज़र की निवल राशि, धारित संपार्श्विक (यथा नकदी,सरकारी प्रतिभूतियां आदि प्रकार सहित) और निवल व्युत्पन्न ऋण एक्सपोज़र । इसमें चूक वाले एक्सपोज़र के लिए उपाय की रिपोर्ट अथवा सीईएम के तहत एक्सपोज़र राशि भी है। ऋण व्युत्पन्न हेज़ की कल्पित मूल्य और ऋण एक्सपोज़र के प्रकारों द्वारा चालू ऋण एक्सपोज़र का वितरण।

